e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 22
रविवार
22.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
निष्क्रियता से संदेह और डर पैदा होते है, यही सक्रियता से विश्वास और साहस का सृजन होता है।

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पीटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### पंचायत सचिव और निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा का रिजल्ट जारी

**रांची** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने शनिवार को पंचायत सचिव और निम्नवर्गीय लिपिक परीक्षा का मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है। इसमें पंचायत सचिव के पद पर 1542 और निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर 667 उम्मीदवार पास हुए हैं। आयोग की ओर से इंटर स्तरीय इस परीक्षा के लिए 24 जुलाई, 2017 तक आवेदन मंगाए थे। आयोग ने उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन लिए थे। इस आवेदन के आधार पर 21 जनवरी, 28 जनवरी और चार फरवरी को तीन शिफ्ट में परीक्षा ली गयी थी। इसके बाद मेरिट लिस्ट के अनुसार 7457 उम्मीदवारों के कौशल की जांच की गयी थी। 15 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आज रिजल्ट जारी किया गया है।

### धनबाद में 390 टन अवैध कोयला के साथ 13 ट्रक जब्त

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी मिहीर सालकर के नेतृत्व में गठित टीम ने 13 ट्रक पर लगभग 390 टन अवैध कोयला को जब्त किया है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ने शनिवार को बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने बीते देर शाम राजगंज थाना क्षेत्र में छापामारी की। इस क्रम में खान निरीक्षक राहुल कुमार ने तोपचांची थाना प्रभारी एवं राजगंज थाना की पुलिस के सहयोग से कोलकाता - दिल्ली नेशनल हाईवे के सर्विस लेन पर महेशपुर पंचायत के पास अवैध रूप से कोयला लदा हुआ कुल 13 ट्रक की जांच की। जांच में पाया गया कि सभी ट्रकों पर अवैध रूप से कोयला लोड है। सभी ट्रक को तुरंत जब्त कर लिया गया। इसमें 11 ट्रक पर 30 - 30 टन, एक ट्रक पर 25 टन व एक ट्रक पर 35 टन अवैध कोयला लोड था। इस संबंध में राजगंज थाना में कांड दर्ज कराया गया है। साथ ही छह ट्रक चालक एवं एक सह चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं चर नामजद अवैध कोयला व्यापारी के विरुद्ध भी कांड अंकित किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सभी वाहनों के ऊपर लोड अवैध कोयला को राज्यसाद (कंफीस्केट) करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### कोडरमा: दुष्कर्म की शिकार नाबालिग ने बच्ची को दिया जन्म

**कोडरमा** : जिले के नवलशाही में एक आदिवासी नाबालिग से दुष्कर्म के बाद पीड़िता ने शनिवार को बच्ची को जन्म दिया है। पीड़ति मानसिक रूप से कमजोर है और मां के साथ रहकर एक सरकारी स्कूल में पढ़ती है। पीड़ति की मां ने कहा कि नवलशाही के रंजीत कुमार ने बंदूक दिखाकर उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उसने डर से इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। यह मामला तब सामने आया जब उसकी बेटी गर्भवती हो गयी। प्रसव पीड़ा होने पर उसे कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसका प्रसव कराया और उसने पुत्री को जन्म दिया। पीड़ति की मां ने आरोपित को सजा दिलवाने की बात कही है।

### अरुणाचल प्रदेश में पूर्व मेदिनीपुर के तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

**पूर्व मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल)**: जिले के कोलाघाट थाना क्षेत्र के रेनुबाड़ गांव के तीन व्यक्तियों शेख मुजीबर (30), सैयद सन्नी (19), शेख सोवेल (18)की अरुणाचल प्रदेश में दम घुटने से मौत हो गई। इनके परिवार अब शव लौटने का इंतजार कर रहे हैं। गमगीन परिवार के एक सदस्य के मुताबिक इनको असम का ठेकेदार नूर आलम खान 15 दिन पहले लकड़ी का काम करने के लिए अपने साथ असम ले गया था। वहां से कुछ दिन पहले ठेकेदार ने तीनों को अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली पुलिस थाना क्षेत्र के अनिनी मेन टाउन भेज दिया। शुक्रवार देरशाम तीनों की मौत की सूचना दी। इसपर तीनों से मोबाइल फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई। तीनों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिले।

**कृषि मंत्री ने राज्य में 2133 तालाब का जीर्णोद्धार तथा 2795 परकोलेशन टैंक निर्माण का किया शुभारंभ**

# सुखाड़ से राहत देना सरकार की प्राथमिकता : श्री बादल

**467 करोड़ 32 लाख 88 हजार 380 रूपए की योजनाओं का हुआ शुभारंभ**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : कृषि मंत्री श्री बादल ने नगड़ी स्थित राज्यस्तरीय जलछाजन केंद्र में जल संरक्षण से जुड़ी योजना के तहत 467 करोड़ 32 लाख 88 हजार 380 रूपए की योजनाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य के किसानों को खुशहाल बनाने के लिए आज का दिन झारखंड के इतिहास में बहुत खास है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी जिलों के प्रखंड में तालाब जीर्णोद्धार और परकोलेशन की योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज 24 जिलों के सभी प्रखंडों में 2133 तालाबों का जीर्णोद्धार और 2795 परकोलेशन के निर्माण के शुभारंभ के साथ ही पूरे राज्य में जल संरक्षण की मजबूत बुनियाद रखने का प्रयास सरकार कर रही है। श्री बादल ने कहा कि सुखाड़ से राहत मिले, इसके प्रयास लगातार सरकार द्वारा किए जा रहे हैं, लेकिन गांव के स्तर पर भी इसके प्रयास होने चाहिए। गांव में बिजली की स्थिति बेहतर रहने से तालाब से सुचारू रूप से सिंचाई की व्यवस्था की जा सकती हैं। इसी कड़ी में हमने स्मार्ट विलेज की परिकल्पना साकार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पानी पंचायत के सदस्यों की संख्या बढ़ाकर एक सोसाइटी बनाई जा सकती है और उस समिति को ही तालाब में मछली पालन का जिम्मा दे दिया जाए, इस पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को 3500 रुपए प्रति एकड़ प्रति व्यक्ति का अग्रिम भुगतान राज्य निधि के माध्यम से किया जा रहा है। कृषि मंत्री श्री बादल ने कहा कि आज इंटीग्रेटेड फार्मिंग की जरूरत है और इसे देखते हुए, सरकार से किसानों को जो भी सहयोग चाहिए, वह हम देने को तैयार हैं।

**योजना की आवश्यक शर्तें**

योजना स्थल का रकवा 5 एकड़ से कम हो। प्रस्तावित सरकारी,निजी तालाब में विगत 5 साल के दौरान किसी भी प्रकार की मरम्मत,जीर्णोद्धार कार्य नहीं हुआ हो। प्रस्तावित सरकारी तालाब का निर्माण स्थल पूर्णतः गैरमजरूवा एवम निजी तालाब व्यक्तिगत तथा विवाद रहित होना चाहिए। प्रस्तावित सरकारी,निजी तालाब का सिंचित क्षेत्र क्षेत्रफल कम से कम 20 से 25 एकड़ हो।योजना हेतु सरकारी,निजी तालाब का चयन ग्रामसभा के द्वारा किया जायेगा, जिसमें 75 प्रतिशत सरकारी,निजी तालाब का जीर्णोद्धार,गहरीकरण संबंधित क्षेत्र के विधायक की अनुशंसा पर की जाएगी।

**ग्रामसभा, पानी समिति जैसे अनेक समितियां हैं जो, किसानों को मजबूती देती हैं और इन समितियों के माध्यम से आप अपने गांव की योजनाओं की निगरानी कर सकते हैं।**

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

जिला पारिषद सदस्य श्रीमती पूनम देवी, निदेशक भूमि संरक्षण पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी ओंकार नाथ सिंह, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

**समाज और जिंदगी के लिए पानी जरूरी: सचिव अबू बकर सिद्दीक**

कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने विभिन्न प्रखंडों से आए कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और जिंदगी के लिए पानी जरूरी है। पानी का सदुपयोग, संरक्षण को प्राथमिकता देना है ताकि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकें। सुखाड़ से अगर निपटना है तो हमें सुनिश्चित सिंचाई की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत है। सरकार प्राथमिकता के साथ राज्य में चेकडैम, नहर सहित कई योजनाएं कर रही हैं, जो राज्य के कृषकों के लिए वरदान साबित होगी। कई केंद्रीय योजनाएं, जिसमे आरकेवीवाई-पीडीएमसी योजना के टॉपअप सब्सिडी की व्यवस्था करते हुए 90 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजनों के माध्यम से जल संरक्षण योजना और कृषि उपकरण आदि दिए जा रहे हैं। सिंचाई के स्तर को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए जनता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। ग्रामसभा, पानी समिति जैसे अनेक समितियां हैं जो, किसानों को मजबूती देती हैं और इन समितियों के माध्यम से आप अपने गांव की योजनाओं की निगरानी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही एग्री स्मार्ट विलेज की परिकल्पना को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं।

## लातेहार में जेपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार



लातेहार

**लातेहार** : पुलिस ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत केकराही गांव के पास छापामारी अभियान चलाकर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को अपराधियों को जेल भेज दिया गया।
अपराधी एक नया उग्रवादी संगठन बनाकर क्षेत्र में काम कर रहे संवेदक और व्यवसायियों से रंगदारी और लेवी का काम करते थे ।गिरफ्तार अपराधियों में अनुज कुमार यादव, कन्हाई मिस्त्री ,विलास कुमार और श्याम सुंदर यादव शामिल है।
पुलिस ने इनके पास से दो देसी रिवाल्वर और तीन जिंदा गोली भी बरामद किया है।
एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों जेपीसी नामक उग्रवादी संगठन बनाकर कुछ अपराधी तीसरे रेलवे लाइन निर्माण कर रहे कंपनी के संवेदक के अलावे अन्य संवेदक तथा व्यवसायियों से रंगदारी की मांग कर रहे थे।
अपराधियों के द्वारा रेलवे लाइन निर्माण कार्य में हिंसक घटनाओं को भी अंजाम दिया गया था। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए चंदवा थाना क्षेत्र के मालहन और केकराही गांव के आसपास जमे हुए हैं।
सूचना पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।
एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों पर पूर्व में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई मामले दर्ज हैं।
अपराधियों की गिरफ्तारी के खिलाफ चलाए गए छापामारी अभियान में लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र चंदवा पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता , हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार पुलिस अवर निरीक्षक जमील अंसारी ,नारायण यादव, सुनील टूती, विश्वजीत तिवारी, रूपलाल प्रसाद, कैलाश मंडल, मिथिलेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

## बदरीनाथ जाने वाले रास्ते पर आई दरारें



एजेंसी

**शिमला** : बदरीनाथ धाम को जाने वाला बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग भी भू-धंसाव की चपेट में आता जा रहा है. जोशीमठ भूधंसाव को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. एक तरफ जहां दरारों वाले भवनों की संख्या बढ़कर 863 हो गई है तो वहीं अब बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग भी भू-धंसाव की चपेट में आता जा रहा है.लाखों हिंदुओं की आस्था के केंद्र बदरीनाथ की ओर जाने वाले एकमात्र रास्ते के कई हिस्सों में एक से दो मीटर तक दरारें आई हैं. सरकार फिलहाल मार्ग की मरम्मत की बात कर रही है लेकिन यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग को सही ढंग से रखना सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी. बदरीनाथ हाईवे धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है. हाईवे पर आई बड़ी-बड़ी दरारें सरकार की चिंता को ओर बढ़ा रही है. सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा ने कहा कि, जोशीमठ में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के धंसाव पर शासन-प्रशासन पूरी नजर बनाए हुए हैं. संबंधित एजेंसियों को रास्ते की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं. यात्रा से पहले मार्ग को पूरी तरह से दुरूस्त कर दिया जाएगा. दूसरी तरफ चिंता ये है कि, अगर दरारें नहीं थमीं तो हाईवे का एक बड़ा हिस्सा जमींदोज हो सकता है. ऐसे में बदरीनाथ धाम की राह बाधित होने के साथ ही भारतीय सेना का चीन सीमा से संपर्क भी कट सकता है. क्षेत्र का दौरा कर लौटे भू-विज्ञानी प्रो. एमपीएस बिष्ट ने बताया कि हाईवे पर दरारों का पैटर्न समानांतर है. इसके अलावा सड़क के किनारे धंस रहे विशालकाय पत्थर भी चिंता को बढ़ा रहे हैं.

## कांग्रेस ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का किया लोगो लॉन्च

**कांग्रेस ने मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी की है। उससे जनता को अवगत कराया जाएगा।**




एजेंसी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस लगातार अपने अभियान को धार देने में जुटी है। कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा समाप्त होने से पहले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की घोषणा कर दी। शनिवार को पार्टी ने कहा कि अभियान की 26 जनवरी से पूरे देश में शुरू किया जाएगा।
कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का लोगो लॉन्च किया। इस दौरान जयराम रमेश ने कहा कि यह भारत जोड़ो अभियान का दूसरा चरण है। इस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की विफलताओं से जन-जन को अवगत कराएगी।
आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विजन और मिशन से देश की जनता को अवगत कराया जाएगा। कांग्रेस ने मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी की है। उससे जनता को अवगत कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जयराम रमेश ने 13 जनवरी के प्रेसवार्ता में कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा 30 जनवरी को श्रीनगर में पूरी हो रही है। यात्रा पूरी करने से पहले ही कांग्रेस 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का आगाज करेगी। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस देश के हर घर तक राहुल गांधी के संदेश और भारतीय जनता पार्ट की कमियों को बताएगी। उन्होंने कहा था कि इस अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता राहुल गांधी के संदेश का एक खत और भाजपा कुशासन का एक पुलिंदा सीधे जनता को सौंपेंगे। अभियान के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता देश के लगभग छह लाख गांवों, 10 लाख मतदान केन्द्रों तक जाएंगे। यह अभियान ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर चलाया जाएगा। देश के हर राज्य की राजधानी में एक महिला पदयात्रा भी निकाली जाएगी।

## मिस्र के राष्ट्रपति 24 को आएंगे भारत गणतंत्र दिवस समारोह के होंगे मुख्य अतिथि

**अपने दूसरे राजकीय दौरे पर आ रहे राष्ट्रपति सीसी 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि भी होंगे।**



एजेंसी

**नई दिल्ली** : मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 24-26 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा करेंगे। अपने दूसरे राजकीय दौरे पर आ रहे राष्ट्रपति सीसी 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि भी होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति सीसी के साथ पांच मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। उनका 24 जनवरी को नई दिल्ली आने का कार्यक्रम है। गणतंत्र दिवस परेड में मिस्र की सेना का एक सैन्य दल भी भाग लेगा। राष्ट्रपति सीसी का 25 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उसी शाम उनके सम्मान में एक राजकीय भोज की मेजबानी करेंगी। राष्ट्रपति सीसी की आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर राष्ट्रपति सीसी से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भारतीय व्यापार समुदाय के साथ बातचीत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत और मिस्र इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष मना रहे हैं। यह पहली बार है कि मिस्र के राष्ट्रपति को हमारे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। 2022-23 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान मिस्र को भी 'अतिथि देश' के रूप में आमंत्रित किया गया है।

## राहुल गांधी की यात्रा को लेकर हाई अलर्ट के बीच जम्मू में दो विस्फोट, 6 घायल

एजेंसी

**श्रीनगर** : जम्मू रेलवे स्टेशन से सटे नरवाल इलाके में दोहरे विस्फोटों में 6 लोग जख्मी हुए हैं. इनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है. फिलहाल, पुलिस पता लगाने में जुटी है कि विस्फोट कैसे हुए ?
पुलिस के मुताबिक जिस जगह धमाके हुए हैं, वहां आसपास कबाड़ी की दुकानें भी हैं. पहली नजर में यह धमाके कबाड़ में कोई विस्फोटक सामग्री के कारण हुए लगते हैं.
पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है. अभी पक्के तौर पर धमाके की वजह पता नहीं चल पाई है. पुलिस घटनास्थल पर घेराबंदी कर जांच में जुटी है. घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है. बताया जा रहा है कि पुरानी गाड़ियों में आईईडी लगाकर धमाका किया गया है. लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने विस्फोटों की निंदा की और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है.
आपको बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जम्मू-कश्मीर में है और इसके कारण यहां हाई अलर्ट है. यात्रा वर्तमान में जम्मू से 60 किमी से अधिक दूर चडवाल में विराम पर है.
गांधी की यात्रा कल जम्मू और कश्मीर के हिस्से में शुरू हुई और 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त होने वाली है. मार्च में भाग लेने वालों के लिए आज विश्राम का दिन है और यह कल जम्मू की ओर फिर से शुरू होगी.

# पलामू डीडीसी ने पाटन प्रखंड का किया औचक निरीक्षण

## प्रखण्ड में संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति का समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने शनिवार को पाटन प्रखण्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखंड में संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शाहिद पोटो हो खेल विकास योजना, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, पुरानी लंबित योजना, आधार सीडिंग एवं लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की अद्यतन प्रगति का समीक्षा की। डीडीसी ने एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पाटन को निर्देश दिया। मनरेगा में अनियमितता की वसुलनीय राशि एक सप्ताह में कराने, राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन को दिया। साथ ही मनरेगा में निबंधित वेंडर जो रॉयलटी जमा नहीं किये हैं उनकी निबंधन रद्द करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात डीडीसी रवि आनंद सिरमा पंचायत पहुंच कर संदीप सिंह के पशु सेड एवं कांकेकला पंचायत पहुँच कर मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मनरेगाकर्मियों को कड़ी चेतावनी देते हुए मनरेगा प्रावधान एवं प्राक्कलन के अनुरूप योजना धरातल पर उतारने का निर्देश दिया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर तथा वितीय अनियमितता होने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन, परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, उपेंद्र राम, सुधीर कुमार सहायक परियोजना पदाधिकारी, डीआरडीए, मुफ़्ती अनवर जिला समन्वयक आदि उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर के धक्के से बच्चे की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मारीभांग में ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि मारीभांग में आलोक तिवारी और पंकज तिवारी के द्वारा तालाब से माटी का कटाव कर ईट भट्ठा को भेजा जा रहा था। इसी बीच लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मारीभांग निवासी विनोद भूईया का पुत्र दिलखुश कुमार वहां खेल रहा था। इसी क्रम में वह ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। ट्रैक्टर चालक आनंद राम पिता अमलेश राम के पास लाइसेंस भी नहीं था। वही इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वही इस घटना की जानकारी मिलने पर लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर वाहन को कब्जे में लेकर उसे थाना ले गई है। बताते चलें कि शुक्रवार को भी पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सगुना में एक हाईवा की चपेट में आकर एक 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद भी जिला प्रशासन और डीटीओ के द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# एनएचएम कर्मियों के हड़ताल से पांचवे दिन भी ओपीडी रहा बंद, मरीज परेशान



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एनएचएम कर्मियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल पांचवे दिन भी जारी रहा। जिससे ओपीडी सेवा लगातार पांचवें दिन भी बंद रहा। ओपीडी बंद रहने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। हड़ताल के दौरान एनएचएम कर्मी हॉस्पिटल परिसर में शनिवार को धरना भी दिया। एनएचएम कर्मी का कहना है कि सरकार अपने वादे से मुकर रही है। हमारा एक सूत्री मांग नियमित करने का है.जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर सभी एनएचएम कर्मी मौजूद थे।

# माँ सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार



**सगमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू हो चुकी है। गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारी की जा रही है। वहीं सरस्वती पूजा को लेकर मूर्तिकार माता सरस्वती की प्रतिमा प्रखंड क्षेत्र केविभिन्न जगहों पर तैयार कर रहे हैं। इस बार तिरंगे को सलामी देने के साथ की जाएगी ज्ञान की देवी की आराधना। इस बार गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा एक दिन है। जिसको लेकर सभी स्कूल और गांव, मोहल्ले में इसकी तैयारी की जा रही है। इस दिन सर्वप्रथम देश की आन बान और शान राष्ट्र ध्वज तिरंगा को सलामी दी जाएगी। इसके बाद ज्ञान, बुद्धि और विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की जाएगी। विद्या की देवी माता सरस्वती की आराधना को लेकर मूर्ति बनाने का कार्य अंतिम चरण में जुटे हुए है।प्रखंड क्षेत्र बीरबल गांव निवासी मूर्तिकार कृष्णा विश्वकर्मा ने बताया कि डेढ़ दर्जन से अधिक मां सरस्वती का प्रतिमा का निर्माण किया गया है जोकि 1000 हजार से लेकर 4000 हजार रुपए तक की मूर्तियां बनाई जा रही है। इस वर्ष ज्यादा मूर्ति की बिक्री होने की संभावना है।इस संबंध में बात करने पर मूर्ति कलाकार कृष्णा विष्वकर्मा का कहना है कि मूर्ति का निर्माण करना हमारा पुस्तैनी धंधा है इस काम को 35 वर्षो से हमारे पिता जी चंद्रिका विश्वकर्माके द्वारा शुरू किया गया था ।पहले से ही महंगाई की मार को झेल रहे मूर्तिकारों के लिए इस वर्ष रंग, श्रृंगार सामग्री, मिट्टी तथा लेबर चार्ज महंगा होने से मूर्तियां महंगी हो गई हैं। मूर्तिकार ने बताया कि यह कार्य तो अच्छा है लेकिन बढ़ रही महंगाई के चलते इसमें फायदा दिन ब दिन घटता जा रहा है। मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटे लोगों की भी कमर तोड़ रही है। प्रतिमाओं के निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली चीजों की आसमान छूती कीमत ने कारीगरों को परेशान कर रखा है। साथ ही वे कामगारों की कमी से भी जूझ रहे हैं।उन्होंने बताया कि लकड़ी, बांस, पुआल, पेंट और इसमें इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़ों की कीमत बहुत बढ़ गई है वहीं महंगाई और मेहनत के हिसाब से मूर्ति के दाम नहीं मिलते है। उन्होंने कहा है कि कला की पूजा होती है कलाकार की नहीं। मगर इस समय कला नहीं पैसे की पूजा हो रही है। इसी हिसाब से लोग मूर्तियां खरीदने आते है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए हर आकार की मूर्ति बनाई गई है। मूर्तिकारों का कहना था कि इस महंगाई के दौर में जहां हमलोग तीस मूर्ति बनाते थे। इस बार बिस से कम ही बनाए हैं। पिछ्ले वर्ष का कर्ज भी अभी तक नहीं चुका पाए हैं फिर से इस बार कर्ज लेकर मूर्ति बना रहे हैं। इस बार संभव है कि मां सरस्वती की मूर्ति का अधिक बिकने का संभव। हर वर्ष जहां शहर की तरह गांव घर में बड़ी मूर्ति की मांग होती थी। लेकिन इस वर्ष बड़ी मूर्ति की मांग बहुत कम है.। उन्होंने कहा कि इस काम से मुझे आंतरिक संतुष्टि मिलने के साथ आर्थिक मदद भी आराम से मिल जाता है। उन्होंने बताया की बेरोजगार नवजवानों को इस काम को सिख कर रोजगार पा सकते हैं।

# बंशीधर नगर में ऊर्जा मेला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** ट्रामा सेंटर के समीप झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से विद्युत आपूर्ति प्रमंडल नगर उंटारी द्वारा ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता सुमन कुमार दुबे ने बताया ऊर्जा मेले का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा सौ यूनिट बिजली लोगों को फ्री दी जा रही है। उसकी जानकारी देना, साथ ही साथ ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, किसी उपभोक्ता के बिजली बिल में गड़बड़ी हुई है तो उसको सुधार करना, नया बिजली कनेक्शन, मीटर बदलने समय से जितने भी बिजली से संबंधित समस्या है उनका निष्पादन ऊर्जा मेला में किया जा रहा है। मौके पर प्रधान लिपिक अरविंद कुमार सिन्हा, कार्यपालक सहायक संतपाल गुप्ता, जे ई गुणवंत कुमार, विनोद कुमार राम, ऊर्जा मित्र अमित कुमार, राजू मेहता, संजीव कुमार नीरज ठाकुर, अंजू देवी सहित उपभोक्ता मौजूद थे।

# भगवान शिव की महिमा अपरम्पार है : आचार्य अनिल शास्त्री

## प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ में शिव पुराण की कथा शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना प्रांगण में नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार से शिव महापुराण की कथा शुक्रवार देर शाम से शुरू हुई। हरियाणा के कुरुक्षेत्र से आए प्रवचनकर्ता आचार्य अनिल शास्त्री ने भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शिव त्रिलोकी है। उनकी महिमा अपरम्पार है। इससे पहले प्रवचन पंडाल का औपचारिक उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, थाना प्रभारी शशि रंजन व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय व संचालन मंदिर निर्माण के अगुआ एएसआई अनंत कुमार सिंह ने किया। ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि शिव महापुराण कथा का श्रवण करें और उसे अपने जीवन में उतारें। भगवान के बात मार्ग पर चलें। मौके पर युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, मनीष प्रसाद गुप्ता, राहुल जैकब, विजय कुमार रवि, लक्ष्मण साव, धर्मराज गुप्ता, एएसआई संजय सिंह, बीरेंद्र तिवारी, राजकुमार चौधरी, अनिल सिंह, रमेश चौबे, राजेंद्र केशरी, धनन्जय यादव, सतेंद्र यादव, गोपाल सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान की परीक्षा हुई आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य बच्चों में अपनी संस्कृति का ज्ञान एवं जीवन मूल्यों के प्रति आस्था निर्माण कर उनमें देश भक्ति एवं अपनी संस्कृति का गौरव भाव जागृत करना है। यह परीक्षा वर्ष में एक बार होती है। चतुर्थ से दशम कक्षा तक की परीक्षा में 88 भैया - बहन शामिल हुए। कुल 100 अंकों की परीक्षा में कॉपी जांच के पश्चात जिन विद्यार्थियों का अंक कम से कम 50 प्रतिशत है उन्हें सफल होने का प्रमाण पत्र दिया जाता है। वहीं परीक्षा को सफल बनाने में नीलिमा मेहता मोहन ठाकुर संजय कुमार सिंह स्वीटी कुमारी दीपक ठाकुर खुशबू कुमारी का अहम योगदान रहा।

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नहीं हो रही कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर में ओवर लोडिंग सवारी थम नहीं रही है। यह ओवरलोड वाहन दुर्घटना के शिकार भी होते हैं। इसके कारण चालक व यात्री काल के गाल में समां रहे हैं। इस पर रोक के लिए प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।जिला मुख्यालय से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर जीप, पिकअप,टेम्पो तथा बसें चलती हैं। मुख्य मार्ग से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ये वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। सुदूर ग्रामीण इलाकों में इनकी संख्या ज्यादा दिखाई पड़ती है। स्थानीय परिवहन विभाग ने तो वर्ष में एक बार भी अभियान इन वाहनों के विरुद्ध नहीं चलाया। पुलिस तो कभी-कभी वाहन चेकिंग अभियान चला भी देती है।जानकारी के अनुसार शादी-विवाह के मौसम में ओवरलोडिंग समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन समस्या के प्रति उदासीन बना हुआ है।गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण सवारी वाहनों की मानक के विपरीत ओवरलोडिंग है। चाहे जिस भी मार्ग पर देखा जाए, खटारा जीपों से लेकर अंतिम सांस गिन रही टेम्पो और सवारी गाड़ी पर धड़ल्ले से ओवरलोडिंग हो रही है। हद तो तब हो जाती है जब पुलिस थानों और पिकेटो के सामने से ऐसे वाहन दिन में दर्जनों दफा फर्राटा भरते गुजरते हैं।शहर के मेन सड़क से ओवर लोड वाहन गुजरते है,लेकिन ट्रैफिक पुलिस के रहते शान के साथ ओवर लोडिंग सवारी बैठा कर ड्राइवर गाड़ी लेकर निकल जाता है और ट्रैफिक पुलिस मूक दर्शक बन कर देखते रहती है। इसी गफलत की वजह से यदा-कदा ऐसे सड़क हादसे हो जाते हैं जिनमें दर्जनों लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। शाम के समय रांची रोड में कभी भी ओवरलोड कमांडर को देखा जा सकता है यदि समय रहते इन कमांडर वाहनों पर करवाई नहीं की गई तो आगे चलकर लोगो को बड़ा खतरा का सामना करना पड़ सकता है।

**अभियान चलाकर होती है कार्रवाई :** जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ रुटीन चेकिंग के अतिरिक्त अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है।

# बीजेपी मंडल महामंत्री रोहित साहू ने सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान का फीता काटकर किया उद्घाटन

**कोलेबिरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबीरा प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ के द्विवेदी कॉन्प्लेक्स में बीजेपी मंडल महामंत्री रोहित साहू के द्वारा फीता काटकर सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रोहित साहू ने कहा कि बहुत ही गर्व की बात है कि आज हमारे लचरागढ़ में सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान की शुरुआत हो रही है जो कंप्यूटर कोर्सेज के साथ-साथ कंपटीशन परीक्षा की भी तैयारी कर आएगी। यह हमारे क्षेत्र के लिए उपलब्धि और गर्व की बात है क्योंकि इससे पहले ऐसा कोई भी कोचिंग संस्थान हमारे क्षेत्र में नहीं है इसकी शुरुआत हो जाने से बच्चे कंप्यूटर कोर्सेज और कंपीटीशन क्लासेस की तैयारी लचरागढ़ में ही कर सकते हैं उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही संस्थान के सदस्यों को सुझाव देते हुए रोहित साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार बहुत जरूरी है। संस्थान में लड़कों के साथ साथ लड़की और महिलाएं भी पढ़ने के लिए आएंगे इसलिए आप गंभीर रूप से संस्कार को मध्य नजर रखते हुए बच्चों को शिक्षा दें और अपने संस्थान का नाम उज्जवल करें। पूर्व शिक्षक केशव पानीग्राही ने कहा की संस्थान का शुभारंभ किया जा रहा है यह सुखद है जितने भी प्रकार के धनों की व्याख्या की गई है उसमें यह ज्ञान रूपी धन सब धर्मों में सार है। ज्ञान के बिना हम कुछ भी नहीं कर पाएंगे इसलिए सार के रूप में इस ज्ञान रूपी धन को निभाना चाहिए।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शनिवार को जन योजना अभियान 2022-23 के आलोक में सभी पंचायत स्तरीय निर्वाचित प्रतिनिधियों, प्रखण्ड कर्मियों, पदाधिकारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया.कार्यशाला का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, जिप सदस्य रानी बाला, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में सभी मुखिया,पंचायत समिति सदस्य, पंचायत व प्रखण्ड स्तरीय कर्मी, पदाधिकारी को जन योजना अभियान 2022-23 में कौन कौन सी योजना लेना है,इसके लिये कितना राशि उपलब्ध है, इसमें ग्रामसभा की क्या भूमिका है कि जानकारी दिया गया.प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण टीम के सदस्य कौशल कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर सभी पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाना है। दूसरे सत्र में सभी वार्ड सदस्यों को इस महत्वपूर्ण अभियान में उनकी भूमिका व अभियान का स्वरूप, योजना लेने का क्या तरीका होना चाहिये कि जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में यथासंभव सोशल मीडिया, दीवार लेखन व माइकिंग के द्वारा प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिये, ताकि सभी व्यक्तियों को इस योजना के बारे में जानकारी के साथ साथ ग्रामसभा आयोजन की तिथि व अन्य जानकारियां प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी से पूर्व सभी ग्रामो में दो दिवसीय ग्रामसभा अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित किया जाय। प्रथम दिन महिला सभा व बाल सभा तथा दूसरा दिन ग्राम स्तरीय ग्राम सभा किया जाय .इसके बाद विशेष ग्रामसभा हेतु तिथि प्राप्त होने के बाद पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा आयोजित किया जाना है.विशेष ग्रामसभा से योजनाओं के अनुमोदन के बाद सभी योजनाएं ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रविष्ट कर दिया जायेगा, जिसका क्रियान्वयन वितीय वर्ष 2023-24 में किया जायेगा. कार्यशाला में प्रभारी प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन,प्रखण्ड समन्वयक एसबीएम राम किशन राम, बीपीओ मनरेगा राजदीप कुमार, बीपीएम जेएस एल पी एस धनंनजय कुमार, सीसी राजकुमार राम, योगेंद्र कुमार, मुखिया फिरदोस अंसारी, कुमारी रेखा, सनिधा सोनी, पंचायत समिति सदस्य फतेह मोहम्मद, रविन्द्र राम, कृष्णा राम सहित सभी कर्मी, पदाधिकारी व प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के द्वारा स्थल का किया गया चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारत के महान मनीषी संत श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के कृपा प्राप्त शिष्य श्री श्री 1008 पूज्य पाद श्री जीयर स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में श्रद्धालुओं की बैठक शनिवार को जतपुरा हाईस्कूल के मैदान में सम्पन्न हुई। बैठक में पाल्हे कला जतपुरा में 2023 में आयोजित चातुर्मास श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के द्वारा स्थल चयन किया गया एवं उनके निर्देश पर अधिवक्ता अरुण कुमार तिवारी ने यज्ञ कमिटी की घोषणा की। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि 1993 में जतपुरा में हुए चातुर्मास यज्ञ के 30 वर्ष बाद पूरे पलामू प्रमंडल में पहली बार उस तरह महायज्ञ हमारे क्षेत्र में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमसब काफी सौभाग्य शाली है कि हमें महान संत का सानिध्य इस वर्ष पांच माह तक मिलेगा। शारदा महेश प्रताप ने कहा कि हम सब काफी सौभाग्यशाली हैं कि पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का पादुर्भाव हमारे क्षेत्र में हुआ है। हम सब तन मन धन से यज्ञ को सफल बनायेंगे। कन्हैया चौबे ने कहा कि 2023 का यह महायज्ञ झारखंड का ऐतिहासिक यज्ञ है। इस यज्ञ के आयोजन से पूरे प्रमंडल की धरती धन्य हो जाएगी। बैठक को राजेश प्रताप देव, रामकृपाल द्विवेदी, सुनिल चौबे, शैलेष चौबे, श्यामबिहारी शुक्ला, मथुरा राम, जितेंद्र पाण्डेय, घनश्याम शुक्ला आदि ने सम्बोधित किया। बैठक में दीपक प्रताप देव, रामानंद पाण्डेय, गदाधर पाण्डेय, लक्ष्मण राम, अशोक प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर प्रसाद, मंदीप प्रसाद, बैजनाथ तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, सुजीत अग्रवाल, उमेश लाल, राजेंद्र चौबे, अलखनाथ पाण्डेय, दयावंत शर्मा, सनोज सिंह, रजनी सिंह, धनन्जय सिंह, विजय ठाकुर, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**यज्ञ समिति में कौन कौन हुये शामिल :** मुख्य संरक्षक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अति विशिष्ट संरक्षक नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को बनाया गया है वहीं अति विशिष्ट संरक्षक मंडल में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, यूपी के मंत्री संजीव गोंड़, दुद्धी विधायक वरामदुलारे गोंड़, सांसद विष्णु दयाल राम, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक सरयू राय, भानू प्रताप शाही, सीपी सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी, सोनभद्र विधायक भूपेश चौबे, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव आदि को रखा गया है। यज्ञ आयोजन समिति संरक्षक शंभू नाथ शुक्ला को बनाया गया है। वीरेंद्र चौबे को यज्ञ समिति अध्यक्ष, अनीश कुमार शुक्ला को सचिव, अमित कुमार शुक्ल, रामश्रृंगार चौबे, शैलेश कुमार चौबे, मथुरा राम, बनारसी राम, बाचा महतो, बालेश्वर ठाकुर, मनोज कुमार राम एवं अमरेश गुप्ता को उपाध्यक्ष, श्यामबिहारी शुक्ल को कोषाध्यक्ष, शिवनारायण चौबे एवं प्रदीप कुमार शुक्ल को उप कोषाध्यक्ष, स्वागत समिति में शशिकांत शुक्ल, राजेश कुमार पांडेय, नरसिंह नारायण शुक्ल, राजेश कुमार देव, शिव कुमार पांडेय, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, अरुण कुमार चौबे को रखा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का 135वां जन्म महोत्सव आज बोड़ेया में

**रांचीः** युग पुरुषोत्तम श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र महाराज का 135वां जन्म महोत्सव 22 जनवरी को कांके बोड़ेया में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में रितिक गुप्ता ने बताया कि जन्मोत्सव बोड़ेया रोड स्थित दुर्गा मंदिर के निकट और चंद्रमुखी अपार्टमेंट के पीछे मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रांची में तीन सत्संग केंद्र हैं। पहला सत्संग केंद्र कांके में, दूसरा सिदरौल और तीसरा ठाकुरबाड़ी लालपुर में है। मीडिया प्रभारी शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ठाकुर अनुकूल चंद्र महाराज ने सत्संग के माध्यम से दीक्षा, शिक्षा और विवाह में सुधार के महत्व पर जोर दिया। उनका जन्म 14 सितंबर 1888 को पूर्वी बंगाल के पावना जिला के हिमायत पूर्व में हुआ था।

### मौनी अमावस्या के दिन जरूरतमंद के बीच हुआ अल्पाहार का वितरण

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ट्रस्ट के सदस्यों ने आज दिनांक शनिवार को माघ माह के मौनी अमावस्या के दिन हेहल के बजरा के वृद्ध महिलाओ पुरूषों स्कुल के छोटे छोटे बच्चों जरूरतमंद अभावग्रस्त एव निश्क्त लगभग 200 बच्चों एव वृद्ध महिलाओ एवं पुरुषो के बीच मिक्चर का पैकेट, बिस्किट, तिलकूट एव क्रिम बन और भोजन सामग्री का निशुल्क वितरण संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया।संस्था के सदस्यों के द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद एवं अभावग्रस्त लोगों के बीच सेवा के कार्य किसी भी रुप मे किये जाते रहते है।आज संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की देखरेख संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी एव बिष्णु सोनी ने आज वहां आये हुए लगभग 200 महिला -पुरुष और बच्चों के बीच अल्पहार मे मिक्चर,बिस्किट क्रिम बन एव तिलकुट का वितरण किया गया।

# डीसी और एसएसपी ने परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

इस दौरान डीसी ने मार्च पास्ट की सलामी भी ली। एसएससी ने परेड में शामिल टुकड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि परेड में शामिल सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि वो सर्वोत्तम दें। उन्होंने इस बात की जानकारी भी दी कि परेड के दौरान किन-किन बातों पर ध्यान देना है। डीसी और एसएसपी ने तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को गणतंत्र दिवस परेड के रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने मार्च पास्ट की सलामी भी ली। एसएससी ने परेड में शामिल टुकड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि परेड में शामिल सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि वो सर्वोत्तम दें। उन्होंने इस बात की जानकारी भी दी कि परेड के दौरान किन-किन बातों पर ध्यान देना है। डीसी और एसएसपी ने तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक नगर नौशाद आलम एवं अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मानसिक अंक गणीतीय प्रतियोगिता लिम्का बुक में हुआ शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** जमशेदपुर, रामगढ़, हजारीबाग, झुमरी तलैया, बोकारो, चास, धनबाद, डाल्टनगंज, चक्रधरपुर, खूंटी, देवघर, मधुपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले 62 एसआईपी लर्निंग सेंटरों से 2,000 प्रतिभागियों ने अबेकस ब्रेन जिम और मानसिक अंकगणितीय कौशल पर प्रतिस्पर्धा की। रांची, 22 जनवरी, रविवार~ एसआईपी एकेडमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अखिल झारखंड राज्य एसआईपी प्रोडिजी 2023 का सफल आयोजन किया।एसआईपी प्रोडिजी प्रतियोगिता चार बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज हो चुकी है।

एसआईपी अकादमी इंडिया झारखंड राज्य में 18वीं बार एवं भारत और विदेशों में 19 अंतर्राष्ट्रीय अबैकस और मानसिक अंकगणितीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करने वाली एकमात्र भारतीय अबैकस कंपनी है। छात्रों को उनकी एकाग्रता, आत्मविश्वास, बुद्धि, गति और सटीकता पर परीक्षण किया गया था।




एसआईपी एकेडमी इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री दिनेश विक्टर ने इस आयोजन पर बोलते हुए कहा, यह देखकर खुशी हो रही है कि एसआईपी अबेकस के कई पूर्व छात्र शिक्षा और करियर में बहुत अच्छा कर रहे हैं।इस प्रतियोगिता में अबेकस के कुल 8600 बच्चो में से 2000 चनिन्दा बच्चो ने भाग लिया था, जिसमे से कुल 16 चैंपियन एवं 434 बच्चे विजेता रहे जिन्हे प्रतियोगिता के उपरान्त सम्मानित किया गया । इस पप्रतियोगिता के प्रतियोगियों ने पाँच मिनट में सौ से दो सौ तक गणित के सवाल हल किये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्य सभा सदस्या महुआ माजी, और डॉ. एम तमिलवनन (डीआईजी सीआईडी) और सम्माननीय अतिथि रोशन सिंह (झारखण्ड मुक्ति मोर्चा), और विशेष अतिथि स्कूल प्रिंसिपल आचार्यकुलम - सुजाता कौरा, परम शाह (फास्टेस्ट कलाकार) प्रबंध निदेशक एसआईपी अकादमी इंडिया एंड इंटरनेशनल दिनेश विक्टर, क्षेत्रीय प्रबंधक-शुभजीत मलिक, प्रमुख फ्रेंचाइजी और कौशल विकास संजीव मेनन, प्रबंधक उत्पाद अरुण रामचंद्रन । झारखंड राज्य प्रमुख इकबाल सिंह होरा, क्षेत्र प्रमुख सुरेंद्र सैनी ।

## रांची : राहुल गांधी कोर्ट में नहीं हुए हाजिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के मामले में रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई।रांची सिविल कोर्ट की न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कु की कोर्ट ने उन्हें वर्ष2018से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी किया था। शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद साहू ने बताया कि राहुल गांधी को सिविल कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना है, लेकिन वे अदालत में उपस्थित नहीं हुए। अदालत में मामले पर सुनवाई के बाद इसकी अगली तारीख पर सुनवाई होने का निश्चय हुआ है। उन्होंने कहा कि यह एक क्रिमिनल मामला है। ऐसे में राहुल गांधी को सशरीर अदालत में उपस्थित होना पड़ेगा, हालांकि मामले के क्वॉशिंग को लेकर राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। शिकायतकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ एक शिकायतवाद दर्ज करवाई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने का आरोप लगाया है। नोटिस जारी होने के बाद राहुल गांधी की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में (हस्तक्षेप याचिका) दाखिल की गई है। जिस पर अभी सुनवाई नहीं हुई है।

# दो घायलों की मदद विधायक इरफान ने की, भेजा अस्पताल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विधायक डॉ इरफान अंसारी का जामताड़ा से नारायणपुर जाने के क्रम में जंगलपुर के पास देखा कि दो मोटरसाइकिल का आमने सामने से टक्कर हो गई , जिसमें दोनों लोगों को गंभीर चोटे आई और सड़क पर खून से लथपाथ हो कर बेहोश हो गया।

इन दोनों की मदद किसी ने नहीं की और न ही अपनी गाड़ी रोकी और न ही उस पीड़ित को जान बचाने का प्रयास किया।इस दौरान अचानक विधायक डॉक्टर इरफ़ान अंसारी वहां पहुंचे देखा कि सड़क के किनारे दो लोग गिरे पड़े हैं तो उसकी मदद की। दोनों मरीजों का पट्टी



मरहम किया और गाड़ी उपलब्ध करा कर जामताड़ा अस्पताल भेजा।साथ ही पीड़ितों को आर्थिक मदद की और इरफान ने कहा कि दोनों ही पीड़ितों को काफी गंभीर चोटे आई है , परंतु घबराने की बात नही है। मैंने फर्स्ट ऐड मुहैया करा दिया है और इसको अभिलंब अस्पताल ले जाया जाए और इलाज कराया जाए।विधायक के इस प्रयास से दो लोगों की जान बच गई।

## आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी के वाहनों में अपराधियों ने लगायी आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इटकी थाना इलाके में गड़गांव पुल के पास अपराधियों ने शुक्रवार देर रात जमकर उत्पात मचाया है। अपराधियों ने सड़क निर्माण में लगे आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी के वाहनों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। अपराधियों ने दो वाहनों में आग लगाने की कोशिश की, हालांकि सिर्फ एक रोलर ही जल पाया।

अपराधियों ने आग लगाने से पहले वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की और मोबाइल फोन भी छीन लिए। जानकारी के अनुसार इटकी थाना इलाके के गड़गांव पुल के पास आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी रांची गुमला मुख्य मार्ग (एनएच 23) के चौड़ीकरण निर्माण का कार्य कर रही है। सड़क चौड़ीकरण का काम पलमा से लेकर गुमला जिला मुख्यालय तक किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य को लेकर ईटकी थाना के गड़गांव नदी में पुल निर्माण कार्य में लगे रोलर, पोकलेन सहित कई वाहन विवेकानंद स्कूल के पास खड़े थे।

सुरक्षा में तैनात गार्ड का कहना है कि दो अपराधी शुक्रवार देर रात उनके पास आए और हथियार के दम पर उनके मोबाइल फोन छीन लिए।

इसके अलावा उन्होंने उनके साथ मारपीट भी की। डीएसपी रजत मणिक बाखला ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ऊर्जा मेला में आये उपभोक्ताओं की समस्याओं का हुआ निदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिला के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया।

उद्देश्य यही था कि जो उपभोक्ता बिजली की खपत कर रहे हैं और उनके साथ जो समस्याएं चाहे वह बिजली बिल को लेकर, मीटर रीडिंग की समस्या या अन्य किसी तरह की बिजली से संबंधित मामला है, ऐसे मामलों को लेकर अपने नजदीक विद्युत उपकेंद्र में




पहुंचे और अपनी शिकायतें भी की, जिसका निष्पादन भी किया गया। रांची शहर के कोकर, लालपुर , हिंदपीढ़ी, डोरंडा आदि क्षेत्रों में भी ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया । बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान किया गया। हिंदपीढ़ी में करीब 200 और कोकर, लालपुर में करीब 150 ऐसे उपभोक्ताओं का भी समस्या का निदान किया गया । नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी बिजली बचाने की जानकारी दी गई । यह भी बताया गया इस तरह से 100 यूनिट पर मुफ्त बिजली उपलब्ध होगी और इसका लाभ कैसे ले सके इसकी भी जानकारी दी गई।

## स्टार्टअप में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए असीम संभावनाएं : सीए विशाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा के द्वारा स्टार्टअप संवाद पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में बोलते हुए इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि यह देश के लिए बहुत ही गर्व कि बात है कि आज पुरे विश्व में स्टार्टअप में भारत तीसरे स्थान पर आ गया है। इस क्षेत्र में असीम सम्भावनायें है और एक वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के विशेषज्ञ के रूप में इस क्षेत्र में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए असीम सम्भावनायें उपलब्ध हैं। और इसके लिए सरकार भी वित्तीय और करों से सम्बंधित सहूलियतें प्रदान कर रही है इस कारण हमें ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप का निबंधन करवाना चाहिए । इस सेमिनार में स्टार्टअप और स्टार्टअप फंडिंग के बारे में बताते हुए दो स्टार्टअप कंपनी के डायरेक्टर और ऐश्वर्या राय बच्चन और इरफान खान स्टारर जज़्बा सिनेमा के क्रिएटिव प्रोडूसर सीए विशाल सिंह ने बताया की जब कोई व्यापार शुरू किया जाता है तो वह अपने आप को बाजार में सही से स्थापित करने के लिए कुछ समय लेता है इस समय के दौरान उस व्यापार को उद्योग न कहकर स्टार्टअप की श्रेणी में रखा जाता है। इस समय के दौरान सरकार उस नए स्टार्टअप को टैक्स इत्यादि में विशेष छूट देती है ताकि वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक सके। सीए विशाल सिंह ने उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को प्रेरित करते हुए बताया कि झारखण्ड राज्य में लुभावने लोकेशन होने के कारण सिनेमा उधोग से सम्बंधित स्टार्टअप की असीम संभावनाएं हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी स्टार्टअप के लिए नेटवर्किंग और एक मेहनती टीम का होना आवश्यक है औरआज के दौर में सोशल मीडिया के द्वारा हमें इससे बनाने में मदद मिल सकती है। इस सेमिनार कि अध्यक्षता करते हुए विशेषज्ञ सीए दीपक गारोडिया ने कहा की एक नयी स्टार्टअप के लिए नयी सोच का होना और उस सोच के माध्यम से लोगों को सहूलियत प्रदान करना का प्रयास होना आवश्यक है। रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़, कोषध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती और सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए निशांत मोदी का महत्वपूर्ण योगदान था।

## रांची : झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का सांगठनिक चुनाव संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्त्वाधान में जिला अधिवेशन सह सांगठनिक चुनाव रांची का जिला स्कूल रांची के सभागार में विद्यालय की प्राचार्या मंजुला एक्का की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में संघ के सभी जिलों के अध्यक्ष और सचिव की सहभागिता रही।मुख्य वक्ता संघ के महासचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए माध्यमिक संवर्ग के आपसी एकजुटता पर जोर दिया।मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिवेशन में कहा कि शिक्षकों के मूलभूत समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर उनके निराकरण करेंगे।साथ मे शिक्षकों को शिक्षा केंद्रित होने के लिए कहा। जिले के सभी प्रखंड से शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी इसमें उपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संघ का सांगठनिक विस्तार हुआ।

जिसमे जिला अध्यक्ष के पद पर शिक्षक सफदर इमाम और जिला सचिव श्री मुकेश कुमार सिंह सर्वसम्मति से चुने गए।उपाध्यक्ष अद्वैत चैतन्य,आनंद कुमार,भवेश चन्द्र महतो, मिंज,महफिल अंसारी, सुनीला रोजी बाखला,प्रमंडलीय कार्यकारणी सदस्य कुर्बान अली, राज्य कार्यकारणी सदस्य श्री यशवंत विजय, कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो,संयुक्त सचिव प्रेम साहू,अनिल नाथ सहदेव,ज्योति कुमारी,डॉ समीर हजाम,परीक्षा अध्यक्ष अभिलाषा, जिला कार्यकारणी सदस्यों में राजेश नंद ,अनिल कुमार,इफ्तेखार आलम, रंगेश शेखर, चंद्रशेखर पाण्डेय, विवेक कुमार, तरुण नाग, नीलाक्षी वाजपेयी , कांत शाहदेव,चुने गए। सभा का प्रतिवेदन यशवंत विजय ने पड़ा।

मंच संचालन अद्वैत चैतन्य और नीलाक्षी वाजपेयी के द्वारा किया गया।

### झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह 23 को

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कांके प्रखंड समिति की ओर से 23 जनवरी को महाराजा मदरा मुंडा स्टेडियम रेंडो में कार्यकर्ता मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक बसंत सोरेन, दीपक बीरूआ, सविता महतो, पूर्व मंत्री मथुरा महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, सुप्रियो भट्टाचार्य सहित अन्य शामिल होंगे।



# मानव तन की उपादेयता ईश्वर भक्ति में हैः स्वामी प्रमोद जी महाराज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महर्षि मेंही आश्रम में राँची जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वधान में दो दिवसीय संतमत सत्संग का शुभारंभ प्रातकालिन स्तुति ग्रंथ पाठ के साथ शुरु हुआ। सत्संग में में ही आश्रम कुप्पाघाट भागलपुर के वर्तमान आचार्य महर्षि हरिनंदन परमहंस जी महाराज के प्रतिनिधि स्वरुप पूज्य स्वामी प्रमोद जी महाराज ने उपस्थित भक्तों को कहा कि मनुष्य शरीर में सभी देवता तीर्थ एवं विधाये है गुरु के शरण में



जाने से सभी देवता तीर्थ एवम् विधाये प्राप्त हो जाते हैं। अतः देव दुर्लभ तन से गुरु की भक्ति करनी चाहिए आगे उन्होंने कहा कि मानव

मानव तन की उपादेयता प्रभु भक्ति में है विषयों का सुख क्षणिक और दुखदाई होता है

तन की उपादेयता प्रभु भक्ति में है विषयों का सुख क्षणिक और दुखदाई होता है।डॉ स्वामी डॉ विवेकानंद जी ने कहा कि गुरु की कृपा से मानव मोक्ष मार्ग को जानता है यह मार्ग मानव तन में ही है।

## हाथियों को नहीं छेड़ने की नसीहत, हाथी मित्र दल लायेगा बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हाथी प्रभावित बुंडू के रैलाडीह गांव शनिवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया एवं वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसायटी ऑफ झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में रेलाडीह, उकबेड़ा, टुंगरी टोला, गाड़ा टोला, मानकी टोला के युवा शामिल हुए।

युवाओं को हाथियों से दूर रहने और उनसे छेड़छाड़ नहीं करने की नसीहत दी गई। इस मौके पर ग्रामीणों के बीच फ्लैश लाइट का भी वितरण किया गया। हाथियों के प्रति संवेदनशीलता का संचार करने हेतु छह सदस्यीय हाथी मित्र दल का गठन हुआ।

दल हाथियों के गांव आने की स्थिति में किसी प्रकार से हाथियों को नुकसान नहीं पहुंचाने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही, हाथियों के पीछे नहीं भागने या मोबाइल से वीडियो नहीं बनने के बढ़ते चलन को कम करने का प्रयास करेंगे। ताकि मानव हाथियों के एक दूसरे के प्रति हिंसात्मक व्यवहार को कम




किया जा सके।

इस मौके पर रेलाडीह के पीतांबर मुंडा ने कहा कि शिविर में आकर हाथियों के बारे जानने का अवसर मिला।

अगर इंसान हाथियों के प्रति अपने व्यवहार में बदलाव लाता है तो हाथी मानव संघर्ष को कम किया जा सकता हैं। इस अवसर पर वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसायटी ऑफ झारखंड के सचिव अभिषेक चौबे ने ग्रामीणों को हमेशा हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाने, हाथियों पर किसी भी प्रकार का प्रहार नहीं करने का आग्रह किया। इस अवसर पर अमर यादव, परमेश्वर मुंडा, रामनाथ मुंडा, सावना मुंडा, कालीनाथ मुंडा एवं अन्य उपस्थित थे।

## भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखंड राज्य इकाई झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसपीएस के राष्टीय सचिव चंदन मिश्र की अध्यक्षता में झारखंड के राजयपाल रमेश बैस को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होने का निमंत्रण दिया।राज्यपाल के समक्ष पत्रकार पेंशन योजना, पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना में संशोधन



साहित अन्य पत्रकार के मुद्दों पर चर्चा की।राज्यपाल से मिलने बालों में प्रदेश सचिव आलोक सिन्हा, कुमार कौशलेंद्र, सुमेधा चौधरी, तांजीला तासीर एवं सुषमा सिन्हा शामिल थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सोसाई आश्रम में भाजपा का मिलन समारोह आज, तैयारी पूरी

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के सोसाई आश्रम मैदान में रविवार को भाजपा के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भाजपा प्रदेश के कई बड़े नेता होंगे शामिल बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी राज्यसभा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश साहू राज्यसभा सांसद समीर उरांव लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे जानकारी देते हुए भाजपा कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है मांडर विधानसभा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे लगता है यह मैदान भी छोटा पड़ जाएगा आने वाले विधानसभा की तैयारी को लेकर इस मिलन समारोह को देखा जा रहा है।



## 5 टन क्षमता वाली कोल्ड स्टोर का जिप सदस्य ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड के हुटार में शनिवार को नव भारती जागृति केंद्र द्वारा स्थापित 5 टन क्षमता वाली कोल्ड स्टोर का फीता काट कर उद्धघाटन चान्हो पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने किया इस दौरान उन्होंने कहा कि इस कोल्ड स्टोरेज के बन जाने से किसानों को मिलेगा लाभ इस मौके पर मुख्य रूप से बाजार समिति की सचिव उत्तम कुमार, बाजार समिति के संतोष कुमार,एम.के.महतो,प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेन्द्र जी,बी,टी, एम बिन्दु कुजूर,सुनील कुमार के साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए।



## झामुमो ने किया पंचायत प्रतिनिधि का गठन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को बंडा जतरा स्थल में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। जिसमे ईचदाग पंचायत का पंचायत प्रतिनिधि का गठन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व प्रत्याशी अंतू तिर्की एवं अल्प संख्यक मोर्चा के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष अब्दुल कुदूस अंसारी उपस्थित थे। मौके पर अंतू तिर्की ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है। और पार्टी को आगे बढ़ाने में अहम रोल होता है। इसलिए जेएमएम पार्टी हमेशा ही कार्यकर्ता की सम्मान करती है।बैठक का संचालन प्रखंड सचिव नरेश यादव द्वारा किया गया।वहीं पार्टी का पंचायत स्तर में प्रतिनिधि का गठन किया गया। जिसमे प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद , सचिव शंकर भोक्ता , उपाध्यक्ष बाबूलाल पाहन,महासचिव शिबू वेदिया, कोषाध्यक्ष दामोदर गोप एवं , कार्यकारिणी सदस्य, रामकिंकर पहान राधेश्याम मुंडा प्रखंड उपाध्यक्ष मकबूल अंसारी, नरेश यादव, अशोक कुमार मुंडा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## बुंडू में 25 और 26 जनवरी को सुर्य मंदिर में टूसू मेला,मेला समिति का गठित किया गया

**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र के रांची टाटा मुख्य मार्ग के समीप ऐदेलहातू स्थित सुर्य मंदिर (सिंग बोंगा) में पांच परगना क्षेत्र की प्रतिष्ठित टूसू मेला आगामी 25 और 26 जनवरी को आयोजित होने वाली है जिसकी तैयारी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार साव के मार्ग दर्शन पर शनिवार को मेला समिति का गठित किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक चंडी कुमार सिंह मुंडा,संरक्षक विनय सिंह मुंडा,राणा संग्राम सिंह मुंडा,अध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष राणा रंजीत सिंह प्रधान,रोहन सिंह मुंडा,बोलाई बाबू, सचिव कौशलेंद्र सिंह मुंडा,सह सचिव राकेश महतो,सुभाष महतो, कोषाध्यक्ष मोहम्मद बारीक मुंसुरी,सह कोषाध्यक्ष मोहम्मद इजराईल ,संयोजक मोहम्मद मोहिउद्दीन,कड़िया सिंह मुंडा, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार साहू और सदस्य राणा प्रताप सिंह प्रधान, राणा दिग्विजय सिंह प्रधान, धीरेंद्र करमाली, धनेश्वर बाबू ,रविंद्र नाथ साहू ,मोहम्मद एनामुल आदि थे ।


### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण
### जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लोहरदगा

**E-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**सूचना**

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लोहरदगा अंतर्गत गोवर्धन योजना के तहत गोबर गैस प्लांट तैयार करने हेतु प्रकाशित Expression for Intrest (EOI) जिसका PR-284078 Lohardaga (22-23) :D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता–सह–सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
लोहरदगा

PR 288130 Lohardaga(22-23).D



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
### (जिला निर्वाचन शाखा)

**कोडरमा जिला के B.L.Os के लिए आम सूचना**

25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 के अवसर पर सभी चिन्हित मतदान केन्द्र भवनों में N.V.D. समारोह के आयोजन हेतु B.L.Os को निर्धारित स्टीकर पोस्टर एवं हैण्डबिल, शपथ पत्र आदि उपलब्ध कराए जा चुके है यदि किसी B.L.O. ने अबतक सामग्री अपने संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (A.E.R.Os) के कार्यालय से प्राप्त नहीं किया है. तो सूचना प्रकाशन की तिथि को ही अपने संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (A.E.R.Os) के कार्यालय से सम्पर्क कर सामग्री प्राप्त कर लेंगे।

- सभी B.L.Os को निदेशित किया जाता है, वे 25 जनवरी 2023 को अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 (N.V.D.) समारोह का आयोजन करेंगे एवं समारोह के फोटोग्राफ एवं प्रतिवेदन दिनांक 26.01.2023 को अनिवार्य रूप से अपने संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (A.E.R.Os) को हस्तगत करायेंगे।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 (25 जनवरी) को बी0एल0ओ0 अपने संबंधित मतदान केन्द्रों में, उपस्थित नागरिकों के बीच राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शपथ दिलाना सुनिश्चित करेंगे।
- बी0एल0ओ0 के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 (25 जनवरी) को वैसे दिव्यांग मतदाता (18+आयु), महिला मतदाता, अन्य सभी पंजीकृत (18+आयु) जो पहली बार मतदाता सूची में पंजीकृत हुए है, को आमंत्रित करेंगे साथ ही उन्हें EPIC उपलब्ध करायेंगे।
- जिले के सभी संबंधित प्रधानध्यापकों/बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 (N.V.D.) समारोहों के आयोजन हेतु B.L.O. के रूप में चिन्हित शिक्षकों/ सेविका–सहायिकाओं को तदनुसार आवश्यक छूट एवं सुविधा प्रदान करेंगे।
- मतदान केन्द्रों के रूप में चिन्हित सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से अनुरोध होगा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 (N.V.D.) समारोह के आयोजन में आवश्यक सहयोग करेंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी
कोडरमा

PR 288178 Election (22-23)_D


## त्रिपक्षीय वार्ता में असंगठित माजदूरों का भुगतान संभव का अस्वाशन दिया पिपरवार प्रबंधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** पिपरवार क्षेत्र में पूर्व में संचालित आरपीएल,टीसीपीएल,जे भी सहित विभिन्न कंपनियों ले द्वारा असंगठित माजदूरों का 2013 से लेकर 2022 तक का सिएमपीएफ व बोनस भुगतान लंबित मामलों को लेकर सीसीएल पिपरवार महाप्रबनाधक सीबी सहाय की अध्यक्षता में एक त्रिपक्षीय वार्ता किया गया. त्रिपक्षीय वार्ता में बीसीकेयू सीटू एरिया सचिव दिनेश भर,जोनल सचिव जंगबहादुर राम, ट्रांसपोर्टर कंपनी के अधिकारी व सीसीएल अधिकारी उपस्थित थे. लंबित बोनस भुगतान में वार्ता में बोनस और सिएमपीएफ का मुद्दा सुलझाने का प्रबंधन के तरफ से अस्वाशन दिया गया. प्रबंधन के समक्ष वार्ता में आपीएल,टीसीपीएल ने असंगठित माजदूरों के बोनस का अस्वाशन दिया गया कि 31 जनवरी तक कर दिया जायेगा. वही जो बचे हुए माजदूरों का सिएमपीएफ व पेंशन का मुद्दा है,उसे पिपरवार प्रबंधन से मिलकर फरवरी माह के प्रथम सप्तह से फार्म भरने और भुगतान की प्रक्रिया शरू कर दी जायेगी. सीसीएल प्रबंधन व ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा दिए गए अस्वाशन पर यूनियन व ट्रेड यूनियन हर्ष व्यक्त किया. मौके पर अरुण सिंह, संतोष प्रजापति, समसुल अंसारी, सुनेश्वर महतो, कमलेश विश्वकर्मा राम पृत्त साहनी, प्रकाश कु0 महतो, सुरज प्रजा पति, आदि शामिल थे।



## एक दिवसीय संकुल स्तरीय आचार्य सम्मेलन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में संकुल स्तरीय आचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति के रांची विभाग के विभाग निरीक्षक फन्नीनद्र नाथ झा, निर्णायक जितेंद्र तिवारी, विद्यालय उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, समाजसेवी रघुवंश नारायण सिंह, शिक्षक मनोज कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. डकरा संकुल के पांच विद्यालयों में डकरा, पिपरवार, मैक्लूसिगंज, पुरानीराय, करकट्टा के कुल 145 आचार्य बंधु-भगिनी के साथ पांच प्रधानाचार्यों में से गोपाल मिस्त्री, गणेश महतो, अभिमन्यु पासवान, लखन गुप्ता, शालिग्राम सिंह मुख्य रूप से उपस्थिति थे. कार्यक्रम में तीन सत्रों के प्रथम सत्र में प्रश्न मंच प्रतियोगिता, दूसरे सत्र में आशु भाषण में आदर्श आचार्य की संकल्पना,राष्ट्रीय स्वयं संघ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, अभिभावक संपर्क का महत्त्व, प्रभावी वंदना सभा, दिवसाधिकारी का दायित्व, कक्षाचार्य का दायित्व, शिशु/बाल/किशोर/तरुण सभा का महत्त्व, संगणक शिक्षा का महत्त्व, शून्य कालांश के विषयों पर प्रतियोगिता, तीसरे सत्र में सामूहिक गीत की प्रतियोगिता हुई. मंच संचालन राजेंद्र कामत व कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने अपना अनुभव कथन रखा. इसके पश्चात् आयोजित प्रतियोगिता में आये प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय प्रतिभागियों को अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया. अंत में प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिये. इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में विद्यालय के बिरेंद्र झा,वीरेंद्र पाठक, अजय मिश्रा, राजू सिंह, हरिनंदन कुमार, लक्ष्मण महतो, विजय प्रजापति, निकु वर्मन, जिक्षु शर्मा, आनंद जैसवाल, मनोरंजन ओझा, भरत राय, अनुराग कुमार,ऋषिकेश सिंह, शशि रंजन, शेषनाथ शर्मा, राजेश वर्मा, हेमंत यादव, नवीन सिंह, विजय उपाध्याय, संदीप कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।



## स्कूल का स्थापना दिवस मनाया गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत एग्नेस बालिका मध्य व उच्च विद्यालय का शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया.मौके पर विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किये जाने के अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में सीएनआई चर्च के मुख्य पादरी रेव्ह आदित्य प्रताप भुइंया, सहायक पादरी रेव्ह प्रभु सहाय हस्सा,स्मिता बाला कुजूर,सीमा मिंज,सुनील खत्री, पीटर मिंज, राजन किस्पोट्टा, रीता देवी, रोज तिग्गा, अनूप टोप्पो,निशित तिग्गा, तारामनी कुजूर,मेरखा तरान सहित अन्य शामिल थे।




### झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्त्ति निगम लिमिटेड
### (झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
### जिला कार्यालय-गिरिडीह

**–: प्रेस विज्ञप्ति :–**

एतद द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली लाभुकों को सूचित किया जाता है कि प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) अंतर्गत गिरिडीह जिला के लिए माह दिसम्बर–2022 का उप–आवंटित खाद्यान्न को भारतीय खाद्य निगम डीपो द्वारा अंतिम तिथि **31.12.2022** तक कुल आवंटित खाद्यान्न **99069.19 Qtl** के विरूद्ध **70680.78 Qtl** उपलब्ध कराया गया है। अवशेष **25388.32 Qtl** भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त होने पर सभी प्रखंड को उपलब्ध करा दिया जायेगा इस संबंध में विभाग को पत्राचार किया गया है।

प्रखंडवार आवंटन के विरूद्ध भारतीय खाद्य निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए खाद्यान्न का विवरण निम्नवत् है :–

| Sr. No. | BLOCK NAME | ALLOTMENT | LIFTED QUANTITY | BALANCE | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | DHANWAR | 10919.09000 | 6232.08000 | 4687.01000 | |
| 2 | DUMRI | 9296.11000 | 8762.72580 | 533.38420 | |
| 3 | SURIYA | 6588.87000 | 3336.32000 | 3252.55000 | |
| 4 | BAGODAR | 6602.12000 | 3820.60000 | 2781.52000 | |
| 5 | JAMUA | 11259.38000 | 9274.17000 | 1985.21000 | |
| 6 | DEORI | 7624.20000 | 5003.95000 | 2620.25000 | |
| 7 | GANWA | 4633.89000 | 2551.73000 | 2082.16000 | |
| 8 | TISRI | 4051.28000 | 2334.76200 | 1716.51800 | |
| 9 | GANDEY | 7149.99000 | 6002.27000 | 1147.72000 | |
| 10 | GIRIDIH | 12612.68000 | 12575.88000 | 36.80000 | |
| 11 | BENGABAD | 6544.90000 | 6362.77000 | 182.13000 | |
| 12 | BIRNI | 7175.69000 | 3230.63000 | 3945.06000 | |
| 13 | PIRTAND | 4610.99000 | 4192.99000 | 418.00000 | |
| TOTAL:- | | 99069.19000 | 73680.87780 | 25388.31220 | |

PR 288172 Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23).D

जिला प्रबंधक,
झारखण्ड राज्य खाद्य निगम,गिरिडीह



### कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
**E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0– 02/CEOZP/2022–23**

पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2स्था0 (RGSA)02–2022 1733/राँची, दिनांक 25.08.2022 के द्वारा प्राप्त आदेश एवं उपलब्ध राशि– 980000.00 (नौ लाख अस्सी हजार) रूपये से प्रति CSC Relocation हेतु चयनित 07 (सात) पंचायत भवनों के कमरों में आवश्यक मरम्मति सुसज्जीकरण एवं सामग्रियों के आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों का उच्च गुणवता एवं मानक का होना आवश्यक है। निविदा/कोटेशन में प्राधिकृत विक्रेता ही भाग ले सकते हैं। प्रत्येक पंचायतों में आपूर्ति/अधिष्ठापित की जानेवाली सामग्रियों/उपस्करों की विवरणी निम्नवत है:–

| | |
|---|---|
| विभाग | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| विज्ञापन दाता का नाम | सचिव, जिला परिषद, पलामू। |
| निविदा/कोटेशन प्राप्त करने की तिथि | 01.02.20223 को पूर्वाहन 11:00 बजे अपराहन 3:00 बजे तक। |
| निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि | 01.02.2023 को 4:00 बजे अपराहन में। |

| Sl. No. | Material/Device | | Make Model and Configuration | Qty. | Price |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Biometric Device | Suitable With Existing | Model- mfs100 Spec : USB | 3 Piece | 10000.00 |
| 2 | Furniture | Almirah | Godrej intrio/Equivalent | 1 Piece | 15000.00 |
| | | Table | Godrej intrio/Equivalent | 1 Piece | 6000.00 |
| | | Revolving Chair | Godrej intrio/Equivalent | 2 Piece | 6000.00 |
| | | Plastic Chair | Nilkamal/Cello or Equivalent Arm Chair | 10 Piece | 8000.00 |
| 3 | Portable DG | 1 KVA | Honda/Kirloskar (1KVA) / Equivalent | 1 Piece | 55000.00 |
| 4 | Portable Projector with all accessories | 5700 Lumens LED HD (5700 lm/Remote Controller) | Boss/Samsung/LG/ Equivalent | 1 Piece | 25000.00 |
| 5 | CCTV Camera with Setup | CCTV Camera | Boss/C.P Plus/ Honeywell/Samsung/Godrej/ Equivalent (2.4 MP, H265+2TB Storage, 4 Camera, 4 ch DVR) | 3 Piece | 15000.00 |
| | | | | Total :- | 140000.00 |

- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले बीड पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के नियम एवं शर्तें तथा पंचायतों की सूची पलामू जिला NIC के Website- www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू।

PR 288122 (District) 22-23 (D)


## द्वितीय ज्ञान संगम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 21 जनवरी को ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल आगर टोली में द्वितीय ज्ञान संगम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर साहू विशिष्ट अतिथि डॉ तनवीर अहमद सिकिदरी थाना उपस्थित थे । आयोजन को सफल बनाने में परचार्य धन किशोर महतो रामचंद्र महतो सुमित गोस्वामी विजय मुंडा सूरज कुमार महेंद्र महतो प्रदीप पोदार का योगदान रहा । इस प्रतियोगिता में नृत्य संगीत निबंध लेखन चित्रकला शब्दकोश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता को तीन ग्रुप में बांटा गया था । सीनियर ग्रुप सुपर सीनियर और जूनियर ग्रुप ट्ठ जूनियर ग्रुप में प्रथम - रामप्रसाद बेरिया द्वितीय अनूप हजाम तृतीय अंशु महतो ने जीता और जितने वाले सभी बच्चों को मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के कारण पंडरा गांव का चहुमुखी विकास हुआ : बीडीओ

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर जामडोली पंचायत के पंडरा गांव में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी जनता के रूबरू हुए। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण आवास योजना का इस गांव में सफल क्रियान्वयन हुआ है इस गांव में 120 प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य के विरुद्ध में 119 आवास पूर्ण कर दिए गए हैं। जिसके कारण पण्डरा गांव में पक्के मकान, मकानों में गैस चूल्हा, बिजली की व्यवस्था, शौचालय सभी उपलब्ध हो गए हैं। अच्छे मकान होने के बाद गांव में पक्की सड़कें, नालियां और अधिकांश घरों में पेयजल पहुंच गया है। आवास जीवन की महत्वपूर्ण जरूरत में से एक है। जिस तरह से गांव की आवास योजनाओं को आप लोगों ने एक सा रंग दिया है गांव को पिंक सिटी की तर्ज पर पिंक पंडरा बनाया जा सकता है। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की ने अपने विचार रखते हुए योजनाओं से संबंधित लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दी और गांव में बनाए गए आवास योजनाओं की प्रशंसा की। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखें जिनका समाधान का पूर्ण आश्वासन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दिया गया। इससे पूर्व जेएसएलपीएस की महिलाओं और गांव की टीम द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। मांदर की थाप पर गीत संगीत के धुन के साथ महिलाओं के थिरकते कदम स्वागत की शानदार इबारतें लिख रही थी।




### कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी
### आम सूचना
### विधिक सेवा सह सशक्तिकरण कैंप के संबंध में सूचना

दिनांक 29.01.2023 — स्थानः–खूंटी जिला के सभी छः प्रखण्डों में,

**निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नयी दिल्ली के निर्देश पर तथा झारखंण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की संरक्षकता में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी द्वारा दिनांक–29.01.2023 को समय 10:00 बजे सुबहः–खूंटी जिला के सभी छः प्रखण्डों, में **"Protection of Rights of Children, Women, Tribal Persons and Differently Able Persons"** विषय पर विधिक सेवा सह सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों जैसे–श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं की सहायता लाभुकों में वितरित की जायेगी। जिसमें सभी विभाग अपनी योजनाओं के लाभों को वितरित करने के लिए अलग–अलग स्टॉल लगायेंगे।

| | |
|---|---|
| समाजकल्याण विभाग से संबंधित मामले जैसे–कन्या दान, सुकन्या समृद्धि योजना, व्हील चेयर, ट्राईसाईकिल, वैषाखी आदि। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, | श्रम विभाग से संबंधित मामले जैसे–प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, श्रमिक और सहायता योजना, साईकिल सह यात्रा योजना, सिलाइ मषीन सहायता योजना, मेधावी पुत्र–पुत्री सहायता योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, परिवार पेंषन योजना। |
| आपूर्ति विभाग के मामले जैसे–अंत्योद य राषन कार्ड, जनवितरण प्रणाली, पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना। | ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित मामले जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों का वितरण तथा मनरेगा के तहत जॉब कार्ड का वितरण। |
| षिक्षा विभाग से संबंधित मामले जैसे–मानव व्यापार से बरामद बच्चों का स्कूलों में प्रवेष इत्यादि। | कृषि विभाग से संबंधित मामले जैसै–फस ल बीमा योजना, स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि उपकरणों का वितरण। |
| सामाजिक सुरक्षा से संब धित मामले जैसे आयुष्मान कार्ड योजना, वृद्धावस्था पेंषन, विधवा पेंषन इत्यादि। | स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले जैसे–विकलांगता एवं दिव्यांगता के प्रमाण पत्रों का वितरण। |
| मत्स्य विभाग से संबंधित मामले | असंगठित क्षेत्र मे मजदूरों को दिये जाने वाले लाभ। |

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त लाभकारी योजनाओं के लाभुक अपने संबंधित विभाग से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अपने मामलों का निस्तारण कराकर उसका लाभ दिनांक–29.01.2023 को सुबह 10:00 बजे से अपने संबंधित प्रखण्ड (अड़की, कर्रा, खूंटी, तोरपा, मुरहू एवं रनिया) जिला खूंटी में संबंधित विभाग के स्टॉल से प्राप्त कर सकते हैं।

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 10:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 –8789697778 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

पुलिस अधीक्षक,खूंटी–सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

उपायुक्त,खूंटी–सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

PR 286951 Khunti(22-23)D

निवेदकः– मनोरंजन कुमार, सचिव, डालसा खूंटी



### उपायुक्त, -सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
### (नजारत शाखा)

**वाहन नीलामी सूचना संख्या–......................./2023**

उपायुक्त, गुमला एवं पुलिस अधीक्षक, गुमला के निदेशानुसार गुमला जिलान्तर्गत विभिन्न थानों में लावारिस पड़े विभिन्न प्रकार के वाहनों के वाहन स्वामीयों को अपना दावा प्रस्तुत करने के संबंध में स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में उक्त सूचना का प्रकाशन कराया गया है, परन्तु उक्त सूचना के उपरांत भी निम्नअंकित वाहनों के स्वामियों के द्वारा अपना दावा प्रस्तुत नही किया गया। इस संबंध में अंतिम रुप से दावा से संबंधित थाना से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में जो है, जहां जिस स्थिति में है, के आधार पर निम्नअंकित वाहनों के लिये नीलामी खुली डाक दिनांक 30.01.2023 को 11.00 बजे पूर्वा0 में स्थान– चन्दाली अवस्थित पुलिस लाईन, गुमला में निविदा समिति की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी।

| क0सं0 | वाहन का पंजीयन संख्या (चेसिस संख्या/इंजन नं0 सहित) | वाहन का प्रकार | सम्बद्ध थाना का नाम | न्यूनतम आरक्षीत मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 151 | JH07D4924 | AUTO | गुमला | 10000/- |
| 152 | JH07B9992 | AUTO | गुमला | 8000/- |
| 153 | JH07D5522 | MAHINDRA MAGIC | गुमला | 5000/- |
| 154 | BR413910 | TRACTOR | गुमला | 8000/- |
| 155 | WB03AD8669 | TRUCK | गुमला | 20000/- |
| 156 | JH07B1587 | TRACTOR | गुमला | 15000/- |
| 157 | JH07D2458 | SPLENDER PLUS | गुमला | 1000/- |
| 158 | JH07C4600 | TVS STAR CITY MOTERCYCLE | गुमला | 1000/- |
| 159 | JH01AS7308 | PULSAR MOTERCYCLE | गुमला | 2000/- |
| 160 | JH07G0452 | MOTERCYCLE | गुमला | 1000/- |
| 161 | JH01AD9074 | PASSION PRO | गुमला | 2000/- |
| 162 | JH07B3181 | CT 100 MOTERCYCLE | गुमला | 1000/- |
| 163 | JH07D0575 | MOTERCYCLE | गुमला | 1000/- |
| 164 | JH07G6054 | TVS JUPITAR | गुमला | 2000/- |
| 165 | JH07D5670 | TVS STARSPORT | गुमला | 1200/- |
| 166 | JH07A2795 | BAJAJ CALIBER | गुमला | 1000/- |
| 167 | JH07J0699 | TVS STAR CITY MOTERCYCLE | गुमला | 1500/- |
| 168 | JH07D0406 | CD DELUXE | गुमला | 500/- |
| 169 | JH07F0896 | DIO MOTERCYCLE | गुमला | 1500/- |
| 170 | JH07D6951 | TVS XL SHD | गुमला | 500/- |
| 171 | JH07B7790 | PASSION PULS MOTERCYCLE | गुमला | 1500/- |
| 172 | JH07E9983 | TVS SPORTS | गुमला | 500/- |
| 173 | JH01V6572 | PASSION PRO MOTERCYCLE | गुमला | 1000/- |
| 174 | JH07E4943 | PLEASURE | गुमला | 1000/- |
| 175 | JH07BF6093 | Honda DIO | गुमला | 2000/- |
| 176 | JH07AJ7589 | Aviator | गुमला | 500/- |
| 177 | JH07G7736 | Bajaj CT 100 | गुमला | 500/- |
| 178 | JH01BW4700 | Passion Pro bike | गुमला | 1500/- |
| 179 | JH02AM0112 | Passion Pro bike | गुमला | 500/- |
| 180 | JH02X8206 | Apache RTR 160 | गुमला | 1500/- |
| 181 | JH02R6304 | BajajPulsar15 | गुमला | 2000/- |
| 182 | JH01D0575 | Splender Plus | गुमला | 1500/- |
| 183 | LML CRD super DLX | OR14M-7859 | गुमला | 1000/- |
| 184 | Platina Bike | JH08B-4950 | गुमला | 2000/- |

निविदा की शर्त्त एवं अन्यान्य सूचनायें निम्न है:–

1. डाकवक्ता को जमानत की राशि 500.00 (पांच सौ) रुपये मात्र का बैक ड्राफ्ट उपायुक्त, गुमला के पदनाम से जमा करना होगा, साथ ही डाकवक्ता का आधार कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति दिनांक 28.01.2023 को कार्यालय कार्यावधि तक जमा करना होगा, तभी वे डाक में भाग ले सकेगें।
2. असफल डाकवक्ता को जमानत राशि वापस कर दी जायेगी एवं डाक में सफल डाकवक्ता के जमानत राशि को उनके डाक राशि में समायोजित कर दी जायेगी।
3. सफल डाकवक्ता को जमानत राशि को छोड़कर अन्तर राशि को उपायुक्त, गुमला के पदनाम से 03 (तीन) दिनों के भीतर जिला नजारत शाखा, गुमला में जमा कर नाजीर रसीद प्राप्त करने के उपरांत वाहन को संबंधित थाना से प्राप्त कर लेगें।
4. निर्धारित न्यूनतम मूल्य के अतिरिक्त उससे कम राशि पर वाहन की नीलामी नही की जायेगी।
5. नीलामी को किसी भी समय रद्द करने एवं डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार उपायुक्त, गुमला के पास सुरक्षित रहेगा।
6. नीलामी के संबंध में विशेष एवं विस्तृत जानकारी हेतु श्री अनुप बी0पी0 केरकेट्टा, प्रभारी सी0सी0आर0–सह– नोडल पदाधिकारी, वाहन नीलामी समिति, गुमला के दूरभाष संख्या– 8757762863 से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

PR.NO.288095 Transport(22-23):D

जिला नजारत उप समाहर्त्ता, गुमला।

## मायुमं के शिविर में 28 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के 39वा स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाडी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा रक्तदान अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित शिविर में 28 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जिसमें 3 लोगों ने पहली बार रक्तदान कर अपने अनुभव को साझा किया। जमशेदपुर ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में सभी रक्तदाताओं को सम्मानित करने के साथ ही लगातार रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसे सफल बनाने में प्रमुख रूप से शाखा सचिव निलय अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक पंकज मूनका, विकास अग्रवाल, आनंद गोयल, दीपक पटवारी आदि का योगदान रहा।

## झारखण्ड में रीटेल फुटप्रिन्ट का वी ने किया विस्तार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप-जिला स्तर पर अपना रीटेल फुटप्रिन्ट बढ़ाने के लिए वी ने बिहार और झारखण्ड के कई नगरों में नए फोर्मेट की 75 'वी शॉप्स' खोली हैं। झारखण्ड के बलियापुर, गिरिदीह, दलतोगंज, दुमका, झारिया, रामगढ़ आदि नगरों में वोडाफोन के उपभोक्ता अब वी की त्वरित, प्रभावी, फेस-टू-फेस सेवाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। वे नए दौर के मोबाइल यूजर्स के लिए पेश की गई विशिष्ट उत्पादों एवं सेवाओं की व्यापक रेंज का लाभ उठा सकेंगे। दोनों राज्यों के उपभोक्ताओं को वी शॉप का अनुभव पाने के लिए आमंत्रित करते हुए, सुकंता दास, क्लस्टर बिजनेस हैड- ईस्ट, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा कि बिहार और झारखण्ड के राज्यों में बड़ी संख्या छोटे नगर और ग्रामीण इलाके हैं। हमने पाया है कि ग्रामीण भारत के उपभोक्ता फिजिकल रीटेल फोर्मेट में आरामदायक एवं फेस-टू-फेस सेवाओं की उम्मीद रखते हैं।

## तैलिक साहू महासभा ने बन्ना गुप्ता का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता के सौजन्य से स्वर्णरेखा नदी दोमुहानी का सौंदर्यकरण का नेक कार्य किये जाने की खुशी में शनिवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, उपाध्यक्ष पप्पू साहू, महामंत्री पिंटू साव, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साव, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, जिला सचिव भोला प्रसाद, अशोक साहू, सत्यदेव प्रसाद, विनोद साहू,, वंदना गुप्ता, प्रमिला साहू, अंकिता कुमारी, निर्मला साहू प्रतिभा गुप्ता, सुशीला देवी आदि उपस्थित थे।

## मानगो डिमना रोड़ में खुला आयुर्वेदिक स्टोर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो डिमना रोड़ के संजय पथ में आयुर्वेदिक दवा एवं रोज प्रयोग में आने वाले सामानों की स्टोर का शुभारंभ हुआ। श्री शिव नारायण स्टोर नामक इस दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल और वरिष्ठ पत्रकार प्रियेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर स्टोर की प्रोपराइटर सरिता कुमारी ने बताया कि उचित मूल्य पर पतंनलि, वैघानाथ, झंडू, श्री श्री ब्रांड कंपनी के आयुर्वेदिक दवा एवं रोज प्रयोग में आने वाले सामान मिलेंगें। साथ ही आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य सलाह भी दी जायगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पत्रकार विश्वजित भटट, सत्येन्द्र कुमार, शिवजी कुंवर, संतोष भरद्धाज, पिंकी देवी, संध्या देवी, सविता देवी आदि मौजूद थे।

## कुचाई में सबकी योजना सबका विकास अभियान उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित




**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में सब की योजना सबका विकास अभियान के अंतर्गत निर्वाचित जनप्रतिनिधि पदाधिकारियों व कर्मियों का एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन कुचाई प्रमुख गुड्डी देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुजाता कुजुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर श्रीमती कुजूर ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिलाना उद्देश्य है। इसके तहत ग्राम पंचायतों की विकास पर सबकी सहभागिता जरूरी है। मौके पर उप प्रमुख सुखदेव सरदार, पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार महतो, कनिय अभियंता सुमित कवि, मुखिया देवचरण हाईबुरु, मुखिया रेखा मनी उरांव, मुखिया सरस्वती मींज, मनोरंजन माझी, गदाधर सतपति, सुभाष चंद्र हांसदा आदि कर्मी उपस्थित थे।

### झारखंड समेत पड़ोसी राज्यों से विशाल टुसू मेला में उमड़ी भीड़

# गोपाल मैदान में बिखरी झारखंडी संस्कृति छटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शनिवार को झारखंडवासी एकता मंच की ओर से बिष्टुपुर गोपाल मैदान में विशाल टुसू मेला का आयोजन किया गया। मेला में झारखंड के लगभग सभी जिलों सहित पश्चिम बंगाल तथा ओड़िसा के विभिन्न जिलों के टुसू प्रेमी भी हजारों की संख्या में भाग लिये। मेला में टुसू तथा तथा चौड़ल के विजेताओं को आकर्षक ढाई लाख से भी अधिक के रकम के नगद इनाम दिया गया। यहां आने वाले सभी टुसू और चौड़ल को पुरस्कृत करने एवं बूढी गाड़ी नाच के साथ ही अच्छा नाच गान करनेवालों को भी पुरस्कार दिया गया। टुसू मेला का भव्य मंच में पूरी तरह झारखंडी संस्कृति छठा बिखर रही थी। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो तथा मुख्य संयोजक आस्तिक महतो समेत समाज के कई गणमान्यों ने शहीद की तस्वीरों में माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्जवलित कर किया। यहां रघुनाथ महतो, शहीद बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, शहीद निर्मल महतो, पूर्व सांसद सुनील महतो तथा राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो की तस्वीर लगाई गई थी। विशाल टुसू मेला में पड़ोसी राज्य से आये कई लोगों ने कहा कि अपनी संस्कृति, भाषा, परंपरा, नृत्य-गीत आदि से ही खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि माटी की सुगंध और संस्कृति ही हमारी पहचान है। जबतक मिट्टी की खुशबू बनी रहेगी, तबतक संस्कृति के फूल खिलते रहेंगे। इस विशाल टुसू मेला को सफल बनाने में मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो तथा मुख्य संयोजक आस्तिक महतो, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, संयोजक सारथी महतो, चुनका मार्डी, सुकांत बारी, सुखदेव महतो, बबलू महतो, उमानाथ झा, जुगल किशोर मुखी, अशोक सिंह, गोपाल महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**झारखंड सरकार पढ़ाई में टुसू पर्व को करे शामिल : सांसद**

मेले के संयोजक तथा सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि झारखंड में टुसू की एक अलग ही पहचान है। उन्होंने कहा कि माता-पिता, देश और समाज को कभी ना भूले यह हमारे महान धरोहर हैं इसलिए, उन्होंने झारखंड सरकार से पढ़ाई में इस टुसू पर्व को शामिल करने का आग्रह किया।

**संस्कृति को बचाकर रखना हमारी जिम्मेवारी:** मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने कहा कि यह संस्कृति हमें पूर्वजों ने दी है, जिसे बचाकर रखना हमारा कर्तव्य ही नहीं जिम्मेवारी भी है। हमारी पहचान इसी संस्कृति की वजह से है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने स्तर से इसी गोपाल मैदान में टुसू महोत्सव का आयोजन करना चाहिए।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता की समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अरवा राजकमल के अध्यक्षता में शनिवार को विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में एससीए अंतर्गत चयनित योजनाओं के कार्य प्रगति का उपायुक्त ने क्रमवार समीक्षा करते हुए योजनाओं में सुधरात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कई नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकासात्मक कार्य हेतु किए जा रहे निर्माण कार्य में प्रगति लाते हुए निर्धारित समयावधि मे कार्य पूर्ण करें। संबंधित विभागीय पदाधिकारी चयनित संवेदक के साथ तालमेल स्थापित करते हुए आगामी एक सप्ताह में सुधारात्मक प्रगति लायें। बैठक में उपायुक्त के साथ जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल समेत अन्य संबंधित विभाग पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदूषण फैलाने पर नीलाचल स्पॉन्ज कंपनी ने भरा 23 लाख रुपए जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा स्थित नीलाचल स्पॉन्ज आयरन कंपनी को आसपास के इलाकों में प्रदूषण फैलाने के एवज में उच्च न्यायालय के निर्देश पर 23 लाख रुपये का जुर्माना कंपनसेशन के रूप में भरना पड़ा है। यह जानकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई थी। उक्त कमेटी द्वारा डीसी के नेतृत्व में जांच कर रिपोर्ट सौंपी गई थी। उस जांच रिपोर्ट के आधार पर ही न्यायालय ने तत्काल नीलांचल आयरन कंपनी को प्रदूषण फैलाने का दोषी मानते हुए 23 लाख रुपए प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को कंपनसेशन के रूप देने का आदेश दिया गया था। क्षेत्रीय पदाधिकारी ने बताया कि वैसे मामला अभी न्यायालय में चल रहा है जो विचाराधीन है। वैसे फैसला अभी न्यायालय में सुरक्षित रखा गया है।

### बिशु मुंडा द्वारा आयोजित प्रथम टुसू मेला में उमड़ा संस्कृति प्रेमियों का सैलाब

## झुमर संगीत व मानभूम शैली छऊ नृत्य के संगम ने जमाया रंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गालुडीह :** शनिवार को डांगा गांव निवासी समाजसेवी बिशु मुंडा ने खड़िया कॉलोनी में प्राचीन सांस्कृतिक टुसू मेला का आयोजन किया। मेला में गालुडीह, घाटशिला, जमशेदपुर आदि स्थानों से संस्कृति प्रेमियों की जन सैलाब उमड़ा। मेला में आकर्षक टुसू, झारखंड, पश्चिम बंगाल व ओड़िशा के लोकप्रिय झूमर सम्राट संतोष महतो का झूमर संगीत व नृत्य तथा पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नेपाल महतो के पुत्र के छऊ नृत्य दल का मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मौके पर मेला के आयोजक समजसेवी बिशु मुंडा ने कहा कि पौस व माघ मास तक टूसू मेला का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। भारत की प्रसिद्ध कुंभ मेला के अलावे टूसू पर्व ही एक ऐसा पर्व है जो पूरे दो महीने तक लगातार अलग-अलग जगहों पर विशेष रुप से नदी के किनारों, टुंगरी, पहाड़ो, धार्मिक स्थलों पर टूसू पर्व का आयोजन होता है। कहा झारखंड के सभी जातियों विशेषकर कुड़मी, साहु, बनिया, तेली, गोवार, कुम्हार, अहिर, मुंडा, संस्थाल, उरांव, हो, कोइरी, गोसाई, सूढ़ी, मानकि, मांझी आदि अनेक जातियों के समुदाय सभी आपस में मिलजुलकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। यह पर्व झारखंड की संस्कृति के पोषक स्वरूप है।

## राज्य सरकार का ओड़िया भाषा के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया दुर्भाग्यपूर्ण : सुशील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** खरसावां के सामुदायिक भवन कुमारसाई के सभागार में उत्कल सम्मेलन जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष सुमंत महाती के अध्यक्षता में हुई. जिसमें ओड़िया भाषा की प्राथमिकता शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा से हटाने को लेकर चर्चा किया गया. मौके पर जिला परिदर्शक सुशील सारंगी ने कहा कि राज्य सरकार का ओड़िया भाषा के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाना दुर्भाग्यपूर्ण है. झारखंड सरकार के द्वारा ओड़िया भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है. बैठक में निर्णय लिया गया कि इस विषय को लेकर झारखंड के राज्यपाल से मिलकर एक प्रतिनिधिमंडल उन्हे अवगत कराएंगे। साथ ही झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री और जैक बोर्ड के अध्यक्ष से भी भेंट कर समस्याओं के बारे में मांग पत्र दिया जाएगावही इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं स्थानीय विधायक को इस विषय के बारे में मांग पत्र दिया गया है। बैठक में सुशील सारंगी,जिला उपाध्यक्ष बिरोजा पत्ती,जिला महासचिव अजय कुमार प्रधान,केंद्र परिषद सदस्य विश्वजीत प्रधान,चंद्रभानु प्रधान, जयजीत सारंगी,भरत चंद्र मिश्रा रंजीत मंडल,संजीत प्रधान,राजू मंडल,सपन मंडल,मुना महंती आदि उपस्थित थे।

## शांति समिति की बैठक में अवैध बालू उठाव व ब्राउन शुगर पर रोक की उठी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**आदित्यपुर :** आदित्यपुर थाना परिसर में शनिवार को गणतंत्र दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता आदित्यपुर नगर निगम के मेयर विनोद श्रीवास्तव ने की. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने शांति पूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया. बैठक में कई सदस्यों ने क्षेत्र में अवैध बालू का उठाव और ब्राउन शुगर जैसे गोरख धंधे पूरी तरह से रोकथाम करने की मांग रखी. इस पर आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार और रेप के सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार ने कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. बैठक को आदित्यपुर नगर निगम के मेयर विनोद कुमार श्रीवास्तव, थाना प्रभारी राजन कुमार ,रेप के सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार, अधिवक्ता ओम प्रकाश,आदिपुर नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष देबू चटर्जी, समाजसेवी रविद्र नाथ चौबे,कांग्रेस के वरिष्ठ नेताा श्रीराम ठाकुर,अजय कुमार ने संबोधित किया. बैठक में शांति समिति के सदस्य और रेप के जवान काफी संख्या में मौजूद थे.

## हरिवंश की तीन नवीनतम पुस्तकों पर लेखकीय यात्रा सह पाठकीय संवाद कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को बिष्टुपुर चेंबर भवन में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की तरफ से आयोजित राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की तीन नवीनतम पुस्तकों पर लेखकीय यात्रा सह पाठकीय संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। हरिवंश ने कहा कि लोकतंत्र श्रेष्ठ हो यह सवाल है. गांधी जी की जीवन मूल्य परंपरा अध्यात्म थी। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ अविनाश कुमार सिंह ने पुस्तक कैलास मानसरोवर पर टिप्पणी की। कहा कि मानसरोवर की यात्रा में वे कहीं भी तन्हा नहीं हैं। उनके साथ पूरा समाज है। यात्रा में लेखक रहीम खानखाना को याद करते हैं। इससे लेखक कहां से चीजों को देख रहे हैं यह पता चलता है। एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक अविचल ने कहा कि इसका शीर्षक बहुत अच्छा है. जो विविध धाराओं को एक साथ जोड़ता है. इसमें मौलिक रचना सा आनंद मिलता है. इसमें हरिवंश के हरिवंश बनने की कथा भी दिखायी देती है. पुस्तक में लेखक का समर्पण है. कलश पुस्तक के बारे में प्रो मित्रेश्वर अग्निमित्र ने कहा कि जीवन की यात्रा मृत्यु की ओर जाती है.

## ओड़िया भाषा को शिक्षक प्रशिक्षण विज्ञापन से हटा दिए जाने पर ओड़िया भाषियों में नाराजगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** झारखण्ड सरकार द्वारा ओड़िया भाषा को शिक्षक प्रशिक्षण विज्ञापन से हटा दिए जाने पर क्षेत्र के ओड़िया भाषियों में नाराजगी है. इसी संदर्भ उत्कलमणि आदर्श पाठागार सरायकेला के नाट्यशाला भवन में संस्था के अध्यक्ष भवानी शंकर कबि की अध्यक्षता में संस्था के सदस्यों और प्रबुद्ध लोगों की शनिवार को एक बैठक हुई. अध्यक्ष ने कहा कि हम ओड़िया भाषी यहां के मूलवासी हैं, हमारे पूर्वज यहां प्राचीन समय से रहते आ रहे हैं. हम झारखंड सरकार से मांग करते है कि हमारी जो हक अधिकार पूर्व से हमे मिलती आ रही है वह आगे भी यथावत रहने दिया जाय. उपाध्यक्ष सुदीप पटनायक ने कहा कि हर समाज व वर्ग का अपना भाषा संस्कृति ही उसकी पहचान होती है,जब सरकार ने ओड़िया भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया है तो उसकी संरक्षण करना भी सरकार की जिम्मेदारी बनती है. महासचिव जलेश कबि ने कहा कि हम इस संबंध में स्थानीय स्थानीय विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराएंगे, ताकि हम अपनी भाषा संस्कृति को बचा सके. बैठक में मुख्य रूप से सचिव भोला महांती, सहसचिव पवन कबि, रजत पटनायक, चंद्रशेखर कर, दयाशंकर सरंगी, हलधर दाश, सुखलाल महांती, काशीनाथ कर, गुरुप्रसाद दत्त, राजेश महांती सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## हाइड्रा ने टेम्पो में मारी ठोकर, चालक समेत चार घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मार्ग पर गम्हरिया स्थित घोड़ाबाबा मंदिर के समीप गलत दिशा से जा रहा एक हाइड्रा द्वारा यात्री टेम्पो में ठोकर मार दिए जाने से चालक समेत उस पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मुख्य रूप से टेम्पो चालक भोला कुमार, यात्री गंगा सागर, उसकी पत्नी गीता कुमारी और ढाई वर्ष का बेटा सिद्धार्थ शामिल है।

### कांग्रेस का जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित किया गया। बैठक का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने किया। आज के बैठक में प्रखंड स्तर पर गठित पदाधिकारियों के सत्यापन कार्य पारदर्शिता के साथ करने, पंचायतवार/वार्ड स्तर एवं मुहल्ला स्तर पर अध्यक्ष का गठन करने, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के दिन से करने का दिशा-निर्देश दिया। प्रखण्डवार नये सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराने, मण्डल कांग्रेस कमिटी का गठन करने को लेकर विस्तारित बैठक आयोजित की गई। स्वागत भाषण कार्यकारी अध्यक्ष (नगर) धर्मेन्द्र सोनकर ने दिया। बैठक में विभिन्न प्रखंड अध्यक्ष, प्रखण्ड प्रभारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगामी लोकसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी लडेगी, इसके लिए एक एक कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के लिए आगे आए। बैठक के अंत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह पूर्व जिला उपाध्यक्ष के डी रजक के निधन पर सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

## ऊर्जा मेले में उपभोक्ताओं की उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**आदित्यपुर :** झारखंड ऊर्जा दिवस पर शनिवार को लगी विशेष शिविरों में उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी. आदित्यपुर विद्युत प्रमंडल कार्यालय में लगी शिविर में एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक श्रवण कुमार, आधीक्षण अभियंता दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद, सहायक अभियंता संजय महतो आदि मौजूद थे. मौके पर ऊर्जा मेले की जानकारी देते हुए जीएम ने कहा कि आज पूरे एरिया बोर्ड में 17 जगहों पर शिविर लगी है, इन शिविरों में 1000 उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुलझाने का लक्ष्य रखा है. कार्यपालक अभियंता ने बताया कि आज मेले में उपभोक्ताओं की समस्याओं के साथ स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है. कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने बताया कि हमारे कार्यालय के अलावा दुर्गा पूजा मैदान लाल बिल्डिंग चौक गम्हरिया में भी विशेष उपभोक्ता शिविर आयोजित किया गया है. आज के शिविर में नया विद्युत संबंध, खराब मीटर बदलने, गड़बड़ बिल सुधार, सर्टिफिकेट केस के अलावा विद्युत संबंधी सभी मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादित किया जा रहा है.

## संक्षिप्त खबरे

### बाइक और स्कार्पियो में टक्कर, घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत बीते सोमवार को बल बल मेला के समीप इंदिरा मोड़ में बाइक व स्कार्पियो के जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हुई थी। मामले में पांच दिन बाद गिद्धौर थाना कान्ड सं 9/23 में प्राथमिकी दर्ज हुई। मृतक युवक के परिजन पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी घनश्याम यादव ने शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह प्राथमिकी स्कॉर्पियो वाहन नंबर डब्लू बी 66 एएफ 9009 के चालक के विरुद्ध कराई है।

# जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक कि स्थिति एवं लंबित कार्य, पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, नगर परिषद चतरा समेत अन्य तकनीकी विभागों का विभागवार बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होने तकनीकी विभागों द्वारा मदवार प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को लेकर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य जो वन क्षेत्र होने के कारण योजना लंबित है उस स्थिति में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करें। पेजजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने तय समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत योजनाओं का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा कार्यपालक अभियंता सहनवाज खान, कार्यपालक अभियंता पेजजल एवं स्वच्छता प्रण्मडल अविक अंबाला, समेत अन्य संबंधित तकनीकी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से सुनी गई आमजनों की समस्याएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए त्वरित गति से मामलों का निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से आवास से संबंधित मामले, पी.एफ.फण्ड, राशन कार्ड, मनरेगा विभाग से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। मौके पर उपायुक्त ने जनता दरबार में मिलने आए आमजनो के आवेदन को लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के हर मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## पत्नी को जमकर पीटा डर से पत्नी ने खाया जहर 24 घंटे तक तड़पने को छोड़ दिया पति, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल अंतर्गत गोनिया पंचायत के चुनी नावाडीह ग्राम निवासी सोनी देवी 22 वर्ष उसके पति टुलेश्वर गंझू ने पहले जमकर पिटाई की और जब वह पिटाई के डर से जहर खा लिया तो उसके पति ने मानवता को शर्मसार करते हुए 24 घंटे तक बिना इलाज के ही पत्नी को तड़पते हुए छोड़ दिया। यह घटना शुक्रवार की है सोनी देवी की मां नगीया मसोमात पति स्व रामा गंझू ग्राम डगबंधी पंचायत गोनिया ने बताया कि मेरी पुत्री का विवाह 9 माह पूर्व नागो गंझु के पुत्र टूलेश्वर के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही टूलेश्वर अपने गर्लफ्रेंड के चक्कर में पत्नी को बराबर मारपीट करने लगा। जिसके डर से सोनी अपने मायके चली गई। कुछ दिन पूर्व इस बात को लेकर पंचायत भी बुलायी गई थी। उसके बाद मारपीट नहीं करने के शर्त पर सोनी देवी को 2 दिन पूर्व विदाई कराई गई थी। उसके बावजूद भी टूलेश्वर गंझु ने अपनी पत्नी को शुक्रवार को जमकर पीटा और जब वह डर के कारण जहर खा ली तो उसे तड़पते हुए छोड़ दिया।शनिवार को इस घटना की सूचना सोनी की मां नगवा देवी को पता चला।तब उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। सोनी की मां नगिया मसोमात ने कहा कि टूलेश्वर गंझु पहले भी एक शादी कर चुका था और वह अपने उसी गर्लफ्रेंड के चक्कर में उसे भी छोड़ दिया था बाद में वह मेरी पुत्री के साथ विवाह किया और उसी के चक्कर में मेरी पुत्री को बराबर प्रताडित करता है। चिकित्सकों के अनुसार सोनी देवी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी।

## लोकैया एवं सरैया जंगल में अवैध कोयले खदान को ध्वस्त करने को लेकर डोजरिंग कार्य जोरो पर



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर पूरे जिलेभर में 19 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध महाभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान के तीसरे दिन भी लोकैया एवं सरैया जंगल में अवैध कोयले के खदान से कोयला उत्खनन को डोजरिंग कार्य जोरो पर जारी है। खनन पदाधिकारी ने बताया कि जब तक पूरी तरह से कोयले के खदान को भर नहीं दिया जाता है तब तक डोजरिंग का कार्य जारी रहेगा। साथ ही कहा कि महाअभियान के तहत पूरे जिले भर में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स के टीम द्वारा लगातार छापेमारी अभियान जारी है। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त लोगों को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# झंडोत्तोलन को लेकर अंचलाधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक अपने कार्यालय में शनिवार को 20 सुत्री अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों व राजनीतिक दल के साथ झंडोत्तोलन को लेकर बैठक किया। जिसमें झंडोत्तोलन का समय सारणी निर्धारित किया गया। बता दें कि ब्लॉक में 9:00 बजे गिद्धौर पंचायत सचिवालय में 9:15 बजे सिंगल विंडो में 9:20 बजे थाना परिसर में 9:30 बजे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:45 बजे प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में 10:00 बजे एवं 10:15 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिद्धौर में झंडोत्तोलन करने को लेकर के समय सारणी निर्धारित की गई। अंचलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपने पंचायत गांव में ग्रामीणों के बीच सक्षम रहते हैं। उनके हर सुख-दुख मे साथ देते हैं। उन्हें अंचल विभाग से संबंधित कार्य की जानकारी दे साथ ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान करवाने का प्रयास करें। विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी ने कहा कि दाखिल खारिज प्लॉट नंबर चढ़ावाने जैसे समस्याओं को ज्यादा से ज्यादा निदान करें। मौके पर उपस्थित भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा बारिसाखी मुखिया सुमीरा देवी गिद्धौर मुखिया निर्मला देवी दुआरी पंचायत मुखिया जगदीश यादव पहरा पंचायत मुखिया बेबी देवी डेगम गंझु व अनेकों जनप्रतिनिधि लोग बैठक में उपस्थित थे।

# तेतरियाखांड कोलियरी में ट्रक मालिको की हुई बैठक

## मजदूर नेता गिरधारी यादव पर लगे आरोप को बताया निराधार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ तेतरियाखांड कोलियरी में शनिवार को ट्रक मालिको की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता काली यादव ने किया ।मौके पर ट्रक ऑनरो द्वारा एक स्वर में कमलेश सिंह द्वारा मजदूर नेता गिरधारी यादव पर लगाये गए अवैध वसूली के आरोप को निराधार बताया। मौके पर बोलते हुए विस्थापित नेता काली यादव ने कहा कि गिरधारी यादव मजदूरों की लड़ाई हमेशा लड़ते आते है। उनके हक अधिकार की आवाज उठाते है इसीलिए तथाकथित लोगो के द्वारा झूठा आरोप लगाया जाता है। ताकि उनकी छवि धूमिल हो जाये। वही बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि कमलेश सिंह द्वारा लगाया गया आरोप झूठा है मैं इसकी निंदा करता हूँ। वही मो0जुबैर ने कहा कि कोलियरी को सुचारू रूप से चलाने के लिए गिरधारी यादव सदैव तत्पर रहते हैं। कुछ लोगों को यह सब बातें नही जँचती इसलिए उन पर झूठा आरोप लगाया गया है। मौके पर संजय गुप्ता, गोविद यादव, पंकज केशरी, दिनेश लाल, दीपक यादव, गोविंद यादव, अजित कुमार, मो0नासिर, पंकज सिन्हा, महेंद्र ठाकुर, सोमर गंझु, प्रकाश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ड्रोन कैमरे की निगरानी में हो रही पोस्ता खेती का विनिष्टिकरण, तस्करों के मंसूबों पर फिर रहा है पानी



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा थाना क्षेत्र के बैलगड्डा गाँव के वनभूमी पर लगी पोस्ते की खेती को सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी की उपस्थिती में ड्रोन कैमरा की मदद से जंगलों में लगे पोस्ते खेती को खोजकर ट्रैक्टर की सहायता से विनिस्टीकरण किया गया। ज्ञात हो की थाना प्रभारी पर परमानंद मेहरा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में लगी अफीम खेती को लेकर लगातार विनिस्टीकरन अभियान चलाया जा रहा है।वही थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने बताया की खेती में संलिप्त लोगो की पड़ताल की जा रही है। चिन्हित होने के उपरांत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने ने काहा की अभी भी समय है लोग स्वतः खेती को नष्ट कर दें अन्यथा पुलिस ड्रोन कमरे की मदद से खोजकर नष्ट करते हुए संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।विनिस्टीकरण अभियान में कुन्दा पुलिसबल व वनकर्मी शामिल रहे।

## सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर संपन्न हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में शनिवार 21 जनवरी को सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीका से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। जिसका अध्यक्षता अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक व संचालन परमेश्वर दांगी ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने बैठक को बारी-बारी से संबोधन किए। बैठक में सभी क्लब के सरस्वती पूजा करने वाले अनेकों अध्यक्ष सचिव बैठक में उपस्थित हुए। जिन्हें थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल व विजय गुप्ता के द्वारा सभी को कानूनन गाइडलाइन का पालन करने की आश्वासन दीया है। एवं उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा ज्ञान की देवी माता शारदे की पूजा की जाती है। जिसे पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं धूमधाम से पूजा को मनाते हैं।आगे थाना प्रभारी ने पढ़ने लिखने वाले बच्चे बच्चियां को पूजा में डीजे साउंड नहीं होना चाहिए। यदि है तो किसी भी प्रकार की अश्लील गाना नहीं बजना चाहिए। साथ ही साथ थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिमा का विसर्जन दुसरे दिन 8:00 बजे रात्रि से पहले सभी विद्यालय एवं क्लब से हो जाना चाहिए। अन्यथा देर रात विसर्जन करने वाले लोगों के प्रति कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मनमानी बिजली बिल वसुली को लेकर विधायक को सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शनिवार को माले जिला सचिव बिरजू राम माले प्रखंड सचिव कमलेश सिंह अखिल भारतीय किसान महासभा जिला अध्यक्ष धनेश्वर सिंह की अगुवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली की समस्या के साथ विभाग के द्वारा मनमानी बिजली बिल वसुली को लेकर को विधायक के आवास पर उनके नाम मांग पत्र विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह को सौंपा गया। मांग पत्र के माध्यम से बताया गया कि 2007--8 में सरकार और विभाग के द्वारा गांव गांव में जाकर बीपीएल परिवारों से यह कहकर मीटर लगवाया गया था कि ग्रामीणों को एक बिजली बॉल्व जलाने का कोई चार्ज नहीं लगेगा पर बिजली विभाग के द्वारा एक एक उपभोक्ताओं को 30 हजार से 40 हजार रुपए तक बिल थमा दिया गया है। वहीं इस मामले को लेकर जिले के उपायुक्त विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों को लिखित गुहार लगाई गई पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं इस विकराल समस्या का समाधान व निपटारा करने को लेकर माननीय विधायक रामचंद्र सिंह के नाम विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपा गया है। वहीं मौके पर प्रेम कुमार सिंह ने कहा कि आपके मांग पत्र को क्षेत्र के सम्मानित विधायक महोदय तक पहुंचा दिया जाएगा। मौके पर सोहराई सिंह दुर्गा सिंह भोला सिंह बुधराम सिंह करम सिंह रामपृत सिंह शंकरदयाल सिंह संतोष सिंह प्रमिला कुंवर सोमरी देवी सविता देवी दीनू पारहिया आलम अमरेश सिंह राम प्यारी प्रजापति बिफनी कुंवर कैलाश सिंह त्रिलोकी राम दशरथ सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आयुष समिति के गठन को लेकर की गई बैठक




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुर्वेद व देसी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति के गठन को लेकर बैठक की गई। बैठक में आयुष अंतर्गत होने वाले होम्योपैथ, आयुर्वेद, युनानी औषधियों, योगा को लेकर जिले में चल रहे कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कुल 12 सदस्यों के आयुष समिति का गठन किया गया। साथ ही उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सदस्यों के पंजीकरण की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण करें। वहीं मौके पर उन्होने कहा कि समिति के द्वारा समय समय पर इसकी निगरानी किया जाय। जिससे आयुर्वेद व देसी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा मिल सके एवं कार्यक्रम सफल हो सके।जिला आयुष पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल चार चरणों में सभी सरकारी विद्यालयों के 6 से 12 कक्षा तक के सरकारी विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। ये शिक्षक प्रशिक्षण पाकर अपने अपने विद्यालयों में बच्चों को योग सिखायेंगे। उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सिविल सर्जन डा0 श्यामनंदन सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला आयुष चिकत्सा पदाधिकारी डा0 अवध नाथ यादव, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल शहनवाज खान समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालूमाथ में गणतंत्र दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शनिवार को गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन की तैयारी को लेकर बालूमाथ बिडीओ ललिता बाखला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झंडोत्तोलन पूरे शान के साथ किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि ऐश्वर्य उराव ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में झंडोत्तोलन के बाद सभी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व राजनीतिक दल के लोग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक रूप से प्रत्येक कार्यालय व संस्थान में जाकर झंडोत्तोलन में शामिल होंगे।वही कई विभिन्न संस्थानों का समय सारणी निर्धारित की गई जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय सुबह 7:45, प्रखंड कार्यालय 8:00 ,सभी बैंक/ अस्पताल/ सीसीएल/ पोस्ट ऑफिस/ 8:15, पशु चिकित्सा कार्यालय 8:25, पेंशनर समाज 8:30, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय 8:35, शहीद चौक 8:40, भाजपा कार्यालय 8:45, सभी पंचायत भवन 8:45, कांग्रेस कार्यालय 8:50, बालूमाथ थाना 9:00, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 9:05 सभी सरकारी/ गैर सरकारी स्कूल 9:10 ,कस्तूरबा विद्यालय 9:10, हिन्द भारती कार्यालय 9:15, बीआरसी कार्यालय 9:20, राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय 9:30, सीसीएल कार्यालय 9:35, जिला परिषद कार्यालय 9:40, आरएमडब्लूएस 9:50, उच्च विद्यालय 10:00 बजे निर्धारित की गई। इस बैठक में बिस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उराव, सांसद प्रतिनिधि रामदेव साव, उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूबी बानो,बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रवेक्षीका कामनी ठाकुर, अनिता कुमारी, पशुपालन पदाधिकारी डॉ0सुशीला बागे, प्रधान सहायक राजीव रंजन, एलिओ मोनिका मिंज, पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## कुंदा में रक्तदान शिविर का आयोजन

# मानव जीवन में रक्तदान से बड़ा कोई दान नही : मुखिया मनोज साहु




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदा में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 32 यूनिट रक्त दान किया गया। यह शिविर रेडक्रॉस सोसाइटी चतरा के नेतृत्व में लगाया गया वही रक्त मित्र कुंदा के अनुज गुप्ता व धर्मेन्द्र गुप्ता ने अहम योगदान दिया। वही मुखिया मनोज साहु ने अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते हुए कहा की रक्तदान करना मानव जीवन मे महादान है।क्योंकि मानव जीवन में हर चीज का विकल्प है लेकिन रक्त का कोई विकल्प नहीं है।सिर्फ एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति को रक्तदान करके उसका जीवन बचा सकता है।वही रक्त मित्र अनुज गुप्ता ने बताया कि इससे पूर्व रक्त मित्र द्वारा शिविर लगाकर 35 यूनिट रक्त दान किया गया था, र क्त दान करने पर लोगों में जगरूकता आई है। वही रक्त मित्र द्वारा रक्तदान करने वालो को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रक्त दान शिविर मे लगभग 20 महिलाए व 20 कस्तूरबा विद्यालय के छात्रा को हाइजीन किट दिया गया। मौके पर एलटी एमडी आजाद अफसर, सुमन कुमारी, नसरूदीन अंसारी, मंत्री प्रतिनिधि नगीना सिंह भोक्ता, रक्त मित्र लावालौंग के विवेक केसरी, पप्पु कुमार, पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह, राजू भोक्ता, रंजीत भोक्ता समेत कई लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### दिग्वार प्रीमियर लीग पर करमा इलेवन टीम का कब्जा

**रामगढ :** नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार में बजरंग क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच दिग्वार इलेवन बनाम करमा इलेवन के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो,उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो एवं वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा,अर्जुन यादव के द्वारा विधिवत रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। गांधी स्पोर्टिंग क्लब दिग्वार की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए करमा इलेवन को जीत के लिए 112 रन का लक्ष्य दिए जवाबी पारी खेलने उतरी करमा की टीम 7 विकेट खोकर अपनी जीत दर्ज की और टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया।मैन ऑफ द सीरीज करमा इलेवन की टीम के शशि करमाली को दिया गया।मौके पर दिवाकर गिरी,मनोज़ गिरी, अरुण कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, पवन यादव,अर्जुन यादव, दिलेश्वर कुशवाहा,बालेश्वर महतो, कमिटी अध्यक्ष शशि गिरि सचिव पिंटू कुशवाहा, कोषाध्यक्ष पंकज कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, टेकु रविदास, दशरथ महतो,आशीष कुमार आदि अन्य लोग उपस्थित हुए।

### दृष्टि आई हॉस्पिटल ने धनवार पंचायत में लगाया एक दिवसीय निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत पैक्स गोदाम परिसर में शनिवार को दृष्टि आई हॉस्पिटल के सौजन्य से एक दिवसीय निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद, डॉ रोहित कुमार मंडल, मो हमजा, आयन अफजली एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश साव ने फीता काटकर किया। शिविर में दर्जनों लोगों ने अपना नेत्र जांच करवाकर आवश्यकतानुसार उपचार करवाया। शिविर 10 बजे प्रातः से शाम 4 बजे तक चला। जिसमे 45 लोगो ने अपना नेत्र जांच करवाया। जिसमें 18 लोगो को बेहतर उपचार के लिए दृष्टि हॉस्पिटल का दौरा करना होगा। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे शिविर के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलता है। कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया है। मौके पर ग्रामीणों में विकास कुमार यादव, अजय कुमार, अनिल पंडित आदि उपस्थित रहे।

### बारलोंग के सम्राट होटल में आजसू पार्टी ने विधानसभा उपचुनाव को लेकर किया बैठक

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बारलोंग पंचायत अंतर्गत ह्वा-23 पर सम्राट होटल में आजसू कार्यकर्ताओं के बीच एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रुप से पंचायत प्रभारी मांडू क्षेत्र के पूर्व पार्षद परमेश्वर महतो शामिल हुए। बैठक में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि आगामी 2023 का रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव 27 फरवरी को होना निश्चित हुआ है। जिसमें एनडीए की प्रत्याशी के रूप में सुनीता चौधरी को प्रत्याशी के रूप में विधान सभा का चुनाव लड़ना तय है रामगढ़ का सर्वांगीण विकास के लिए मतदाताओं से संपर्क करें और अपने पार्टी के घोषित उम्मीदवार पक्ष में मतदाताओं से वोट देने का अपील करें इसलिए तमाम कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई की डोर टू डोर घूम कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में दिन रात मेहनत करके रामगढ़ विधानसभा से भारी मतों से वोट देकर विजय का पताका लहराने का काम करें एवं झारखंड विधानसभा भेजने का काम करें। इस मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष संतोष महतो, रामगढ़ आजसू बुद्धिजीवी मंच के सचिव चिंतामणि प्रसाद, पंचित महतो, पंचायत के मुखिया रेखा देवी, मुखलाल महतो विनोद महतो, मनोज महतो, उपेंद्र महतो, रितेश महतो, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कोषांगवार वरीय पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों से उपचुनाव के मद्देनजर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कार्मिक कोषांग सहित अन्य कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान सुश्री मिश्रा ने कार्मिक कोषांग के पदाधिकारियों को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले दंडाधिकारियों/कर्मियों का डेटाबेस तैयार करने, प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों, प्रशिक्षण स्थल व प्रशिक्षण संबंधित तैयारियां करने, वाहन कोषांग के पदाधिकारियों को आवश्यकता अनुसार वाहनों का आकलन करते हुए उपचुनाव के दौरान उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर सुश्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को शहरी क्षेत्र के युवाओं/दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों पर विशेष ध्यान देते हुए उनका वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों का आयोजन करने व प्रचार प्रसार हेतु विस्तृत योजना बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान सुश्री मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे सहित अन्य अधिकारियों के साथ उपचुनाव के मद्देनजर माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, चेक पोस्ट, एफ़एसटी, एसएसटी टीम आदि के संबंध में चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वही सुश्री मिश्रा ने सहायक आयुक्त उत्पाद को उपचुनाव के मद्देनजर चेक पोस्ट सहित अन्य क्षेत्रों में औचक जांच अभियान चलाने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## झामुमो नेत्री रूचि ने बाल कल्याण और संरक्षण को ले कर किया विद्यालय का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कूजूर ने हज़ारीबाग के विद्यालय और छात्रावास का निरीक्षण किया।उन्होंने सर्वप्रथम संत रोबर्ट बालिका उच्च विद्यालय और बालिका छात्रवास का निरीक्षण किया।जहां उन्होंने बच्चियों के पढ़ने का स्तर, उनको मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। छात्रावास में बच्चो को आज मिले खिचड़ी को स्वयं खा कर उसकी गुणवत्ता की जांच की साथ हीं खेल में बच्चों की भागीदारी की जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण, जिला बाल कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार,जिला बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ भारती नयन, पायल सिन्हा, कविता सिन्हा, हाई स्कूल प्राचार्य शीला मरांडी, जूनियर स्कूल प्राचार्य सविता कूज़ूर एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। तत्पश्चात संत रोबर्ट बालक मध्य उच्च विद्यालय और उसके छात्रवास का निरीक्षण किया। निरक्षण कार्यक्रम में विद्यालय कितने बच्चे पढ़ रहें हैं,उनके मध्यान भोजन की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर प्राचार्य फ़ा रायमंड सोरेंग, वार्डन फ़ा प्रदीप, फ़ा विजय, सि अरुणा, मधु, टेरेसा इत्यादि उपस्थित थे।

## सघन सदस्यता अभियान व विस्तार के लिए जदयू की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग की एक बैठक इचाक प्रखंड के चपरा गांव में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हरिहर प्रसाद ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष चंद्रमोहन पटेल वरीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता राकेश ठाकुर उपस्थित थें। बैठक में संगठन विस्तार एवं सघन सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने पर विशेष जोर दिया गया।विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि इचाक प्रखंड में बहुत सारी समस्याएं हैं जिसे सभी के सहयोग से ही दूर किया जा सकता है। उसमें बड़ी समस्या चुंगी को लेकर भी है किसान सब्जी या अन्य सामान लेकर जब बाजार की ओर निकलते हैं तो सबसे पहले चुंगी कर की अदायगी करनी पड़ती है। यह सरकार का तुगलकी फरमान है इसे तत्काल वापस लेना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से अयोध्या प्रसाद मेहता को इचाक का प्रखंड अध्यक्ष चुना गया।

## अधिवक्ता संघ में लगा निशुल्क जांच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** मेदांता हॉस्पिटल रांची द्वारा जिला अधिवक्ता संघ परिसर में अधिवक्ताओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग ढाई सौ अधिवक्ताओं ने अपनी जांच कराई इस अवसर पर मेदांता के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉक्टर शैलेंद्र हेंब्रोम एवं डेंटिस्ट डॉ रवि रोशन एवं उनकी टीम उपस्थित थे उक्त शिविर का उद्घाटन संयुक्त रूप से जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल महासचिव सीताराम एवं आए हुए चिकित्सकों ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ में यह पहला अवसर है जब मेदांता के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है इस अवसर पर अधिवक्ताओं का निशुल्क ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर एवं अन्य जांच भी की गई, आज के समारोह में मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष झलक देव महतो कोषाध्यक्ष हरकनाथ महतो लाइब्रेरियन शंभू नाथ तिवारी कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र महतो ज्योति कुमारी योगेश पांडे सुबोध पांडे सिन्हा कृष्ण कन्हाई एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के तहत एफएलसी कार्यो का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के तहत सूचना भवन रामगढ़ स्थित ईवीएम वेयरहाउस में एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्यों का शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने ईवीएम कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ससमय एफएलसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल, सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## जिले की जन समस्याओं को लेकर 14 फरवरी को होगा उपायुक्त का घेराव : भाकपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग इकाई की एक बैठक नेमन यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता , राज्य सचिव महेंद्र पाठक भी उपस्थित थे। सर्वसम्मति से सदस्यता एवं नवीकरण अभियान, जन संगठनों के निर्माण एवं सम्मेलन, हजारीबाग की जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।श्री मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि हजारीबाग सहित पूरे राज्य में जल जंगल जमीन की लूट हो रही है। अफसरशाही चरम पर है ।अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं ।चारों ओर लूट ही लूट मची हुई है । इसके खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एक अभियान चलाकर लोगों को गोलबंद करेगी और उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेगी। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि विधि व्यवस्था खराब हो चुकी है। दिनदहाड़े लोगों की हत्या हो रही है। प्रतिदिन बलात्कार की घटनाएं घट रही है। हजारीबाग सहित पूरे राज्य में खनिज संपदा ओं की लूट मची हुई है।

## केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव और संयुक्त सचिव ने एनटीपीसी पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना का दौरा किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना का केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव आलोक कुमार एवं संयुक्त सचिव पियूष सिंह ने दौरा किया। दौरे के दौरान सबसे पहले दोनों अधिकारियों ने बानादाग रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया जहां से देशभर के थर्मल पावर प्लांट में कोयला सप्लाई की जाती है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से बातचीत कर आगे के प्लान की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करना होगा। बानादाग रेलवे साइडिंग का निरीक्षण करने के बाद वे दोनों कोल माइंस पहुंचे जहां उन्होंने झारखंड के साथ-साथ देश का नाम रोशन करने वाली महिला डंपर ड्राइवरों से मुलाकात की और उनके कार्यों के बारे में जाना। ऊर्जा सचिव ने महिला डंपर ड्राइवरों के बेहतरीन कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सब समाज के लिए एक उदाहरण हैं। डंपर ड्राइवरों से मुलाकात के बाद दोनों अधिकारियों ने माइंस का भी निरीक्षण किया और उसकी विभिन्न बारीकियों को बखूबी समझा। निरीक्षण कार्य संपन्न करने के बाद वे एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की ऑफिस सिकरी पहुंचे जहां उन्होंने एनटीपीसी के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण कर परिसर का जायजा लिया।

## बूथ स्तर तक संगठन को और भी शशक्त बनाए भाजपा कार्यकर्ता : डॉ जीतू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** भाजपा प्रदेश द्वारा निर्देशित बूथ स्तर तक संगठन को शशक्त बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन के सभागार में जिले के सभी मंडल अध्यक्ष,पदाधिकारी के साथ किया गया।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने किया।कार्यक्रम की सुरुवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीपप्रज्वलन कर व माल्यार्पण कर एवं वन्दे मातरम गीत गाकर की गई।मुख्यातिथि के रूप में कांके राँची के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम उपस्थित थे।मंचासीन अतिथियों को माला पहनाकर व शॉल देकर सम्मानित किया गया।मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर देश व दुनिया के सामने खड़ी है।संगठन एक परिवार की तरह है।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में शनिवार को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा प्रतिवर्ष कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया बहनों के लिए विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र के द्वारा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में अपने विद्यालय से कक्षा चतुर्थ से लेकर 10वीं तक के कुल 619 भैया बहन शामिल हुए। इस बाबत प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा अपने विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होती है। इस अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य विद्या भारती की शिक्षा, संस्कृति व संस्कार से अन्य विद्यालयों को भी अवगत कराना हैं। परीक्षा का संचालन राजू कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

## टीबी के मरीजों को गोद लेने में मुखिया ने दिखाई दलचस्पी, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने 11 मरीजों को लिया गोद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए हर दिन नए-नए प्रयास हो रहे हैं। इसी के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में प्रखंड के धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने 11 टीवी मरीजों को गोद लिया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने गोद लेने वाले मरीजो में द्रौपदी देवी, कलवा देवी, आरती देवी, बिशुन पंडित, वासुदेव सिंह, लक्ष्मी कुमारी, शांति देवी, टिंकू भुइयां, कैलाश भुइयां, निशा कुमारी, विजय मेहता को निक्षय पोषण योजना के लाभ के साथ भूना चना, सत्तू, सोयाबिन, गुड़, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थो का एक किग्रा का पैकेट भी दिया गया। वही कुछ टीबी मरीजों ने इलाज से संबंधित अपने अनुभव भी साझा किए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ऐसे मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन हम जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं से टीबी रोगियों का हौंसला बढ़ जाता है, जब उन्हें यह पता लगता है कि परिवार के अलावा भी ऐसे लोग समाज में हैं जो उनकी परवाह करते हैं।

## 31 जनवरी 2023 को कुशवाहा भवन रामगढ़ में जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती भव्य रुप से मनाया जाएगा प्रोः पूर्ण कांत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** 21 जनवरी दिन शनिवार को रामगढ़ जिला नाई समिति के तत्वावधान में रजरप्पा मोड़ स्थित फुटबॉल ग्राउंड में चितरपुर प्रखंड कमेटी के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रो पूर्णकांत कुमार जिला अध्यक्ष रामगढ़ ने किया संचालन लालचंद ठाकुर जिला सचिव एवं धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक दिलीप शर्मा ने किया संरक्षक महेंद्र ठाकुर ने संगठन की मजबूती पर बल दिया,उक्त में चितरपुर प्रखंड के स्वजाति बंधु उपस्थित हुए सभी लोगों ने अपना अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया तत्पश्चात सर्वसम्मति से चितरपुर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर सचिव शंभू ठाकुर उपाध्यक्ष डॉक्टर संतोष ठाकुर राजेंद्र ठाकुर पिंटू शर्मा सुरेश ठाकुर भोला ठाकुर उपसचिव मधुसूदन ठाकुर कोषाध्यक्ष शंकर ठाकुर प्रेस प्रवक्ता अजय कुमार ठाकुर संरक्षक महादेव ठाकुर संतोष ठाकुर सुरेश ठाकुर सुबोध ठाकुर डॉक्टर संतोष ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य तीरथ ठाकुर मिंटू ठाकुर, महेश ठाकुर, विनोद ठाकुर, सुनील ठाकुर को बनाया गया कमेटी के सभी लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 24 जनवरी 2023 को चितरपुर प्रखंड में एवं 31 जनवरी 2023 को कुशवाहा भवन रामगढ़ में जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती संह नाई जाती मिलन समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा ।

## खेल से श्रम, समर्पण और संघर्ष की सीख मिलती है बजरंग महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के होन्हे डहरली खेल मैदान में आयोजित स्कूल कोचिंग सेंटर की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल मैच आदर्श कोचिंग क्रिकेट क्लब बिरहोन्हे बनाम को स्टडी कोचिंग सेंटर होन्हे के बीच खेला गया जिसमें होन्हे की टीम 10 ओभर में 58 रन बनाई जबाबी पारी में बिरहोन्हे की टीम 5 ओभर मे 1 विकेट खोकर मैच जीत लिया। विजेता उपविजेता टीम को कप देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता सह समाजसेवी बजरंग महतो व विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश पंचायत समिति सदस्य सुधीर महतो संयुक्त रूप से ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता बजरंग महतो ने कहा कि खेलकूद में हार जीत लगा रहता है। खिलाड़ी को लक्ष्य निर्धारित कर खेलना चाहिए। खेल जगत में बेहतर परिणाम के लिए खिलाड़ी को नियमित रूप से अभ्यास करते रहना चाहिए।

## सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से हो रहा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच लगातार दो महीनों से कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जा रहा है।इसी कड़ी में शनिवार को पेयजल सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग अनूप भाई वर्मा के नेतृत्व में नगर भ्रमण कर सड़क किनारे रहने वाले जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया जिसमें कालीबाड़ी रोड, जिला मुख्यालय ,संत कोलंबस कॉलेज ,पुराना मुख्यालय के समक्ष सैकड़ों की संख्या में जरूरतमंदों को कंबल दिया गया।इस बाबत श्री वर्मा ने बताया कि सांसद जयंत सिन्हा क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। चाहे कोविड-19 के बीच जरूरतमंदों को राशन उपलब्ध कराना हो स्वच्छता किट , मास्क, सैनिटाइजर और दवा का किट उपलब्ध कराते रहे है। कम्बल वितरण कार्यक्रम में सुरेश कुमार ,कृषि विभाग के जिला सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह ,कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद राजा, सांसद के निजी सचिव हिमांशु कुमार सिन्हा ,सत्यजीत वर्मा एवं वेद प्रकाश शामिल थें।

## रामगढ विधानसभा का उपचुनाव महागठबंधन के चेहरे पर करारा तमाचा होगा,जो धोखे से सत्ता में आया है : मनोज़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 29 कोठार में आजसू पार्टी के द्वारा एक बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोगों में एक स्वर में कहा कि आगामी होने वाले उपचुनाव में आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विधानसभा भेजने के लिए पूरे तन मन से कार्य करेंगे।मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए मनोज़ कुमार महतो ने कहा कि रामगढ विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी प्रत्याशी की जीत आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में लोगों के विश्वास की पुष्टि होगा और महागठबंधन के चेहरे पर करारा तमाचा होगा,जो धोखे से सत्ता में आया और जनता को धोखा दे रहा है।मौके पर नरेश महतो,धीरेन जयसवाल, भोगनाथ पहान,पंकज बनर्जी, प्रदीप बनर्जी, पवन कुमार, बिट्टू कुमार, गुड्डु कुमार, मनोज़ मुंडा, पंकज जयसवाल, नरेश साव, जीतन ठाकुर, लखी ठाकुर, गोपाल बनर्जी, रीतलाल बेदिया आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## जीपीडीपी के तहत बादम पंचायत ग्राम सभा का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन में मुखिया सुनीता देवी के अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया दीपक दास ने किया।इस मौके पर मुखिया सुनीता ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी राजस्व ग्रामों में जीपीडीपी के तहत ग्रामसभा का आयोजन कर ग्राम विकास से संबंधित योजनाओं को सूचीबद्ध किया जा रहा जिसमें ग्रामिणों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।बैठक में वैसे योजना का चयन किया गया जो बादम पंचायत मे बहुत जरूरी है। पंचायत में तीन आगन बाड़ी केंद्र नही है बच्चे टुटे घर मे पढ़ाई करते है जिसे बनाने पर ग्रामीणों की सहमति बनी। पंचायत अंतर्गत कच्चे सड़क एव नाले का पक्कीकरण, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, सर्वजन पेंशन योजना, गोशाला निर्माण आदि में क्विज लोगों का नाम जोड़ना है जो जरूरत मंद हैं। मौक पर शराब मुक्त पंचायत के निर्माण का संकल्प लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिती सदस्य राजा खान, पंचायत सेवक खुश नारायण मेहता, रोजगार सेवक फजल उर रहमान, पंचायत समिती सदस्य प्रति निधी संतोष महतो, वार्ड सदस्य विक्रम गुप्ता, अनिल साव, प्रमोद कुमार, शारिक अशरफ, प्रकाश राम, शाहीन शबा, जावेद हुसैन, जुनेद अहमद, बिनोद राम, अर्जुन चौधरी, राजेश कुमार दास, कैसर अंसारी, मालती देवी, प्रमोद राम, भागीरथ ठाकुर, नुर उल्लह, सोनम कुमारी, विनिता देवी, सोनी देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

### सरस्वती पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक सम्पन

# डीजे पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध,अश्लील गाना बजाने पर भी होगी कार्यवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में सरस्वती पूजा को देखते हुए थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी ने की तथा बैठक का संचालन थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने किया ।बैठक का संचालन करते हुए थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने विष्णुगढ प्रखण्ड के चौबीसों पंचायत के मुखिया ,पंसस,समाजसेवी एवं प्रबुद्ध जानो को जिला प्रशासन के निर्देश की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पूजा में डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा,अश्लील गानों एवं किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले गाने भी प्रतिबंधित है ।उन्होंने यह भी बताया कि पहले सरस्वती पूजा में शान्ति समिति की बैठक नही की जाती थी,परन्तु पूर्व के कड़वे अनुभव को देखते हुए जैसे बरही की घटना,विष्णुगढ की घटना को देखते हुए जिला प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा ।पंचायत प्रतिनिधिओ को सरकार के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश की जानकारी विस्तृत रूप से सबो के बीच साझा करने की बात कही गई ।अंत के बैठक को सम्बोधित करते हुए बीडीओ संजय कोंगारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान अभिभावकों से अपील है,आप अपने बच्चों के साथ रहे ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो,पूजा पंडालों में लगे तार को अच्छी तरह से जोड़कर टेप लगा दें,और डीजे नही बजाएँ सरकार के दिशा निर्देश का पूरी सख्ती से पालन किया जायेगा ।इस मौके पर मुख्य रूप से अंचल अधिकारी रामबालक कुमार,झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश सदस्य सुरेन्द्र मिश्रा, झामुमो जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव,उप-प्रमुख सरयू साव,बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव,मध्य जिप सदस्य शेख तैयब,साँसद प्रतिनिधि सुशील कुमार मंडल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, बीस सूत्री सदस्य विश्वेश्वर स्वर्णकार, मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष उत्तम महतो, रामजन्म राय,सोमर महतो, राजू महतो, राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन, विनय कुमार दास, सुनील अकेला, गंगाधर महतो, संतोष कुमार महतो, राजू यादव, रमेश यादव, उमा देवी, महताब हुसैन, महमूद आलम, निजाम अंसारी, दिनेश मंडल, अब्बास अंसारी समेत काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे ।



## लोटस लिटिल पब्लिक स्कूल पतरातु में साइंस एग्जीबिशन आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** मेन रोड पतरातू स्थित लोटस पब्लिक स्कूल मे छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान को साइंस एग्जीबिशन के माध्यम से सैकड़ों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों के बीच साइंस एग्जीबिशन प्रदर्शित किया। स्कूल के प्रिंसिपल श्वेता सिंह एवं शिक्षिका अरूणा कुमारी ने बताया कि बच्चों के पढ़ाई का सही ढंग से प्रदर्शन करने के लिए तथा उनके द्वारा अर्जित की जाने वाली सिलेबस के ज्ञान को दिखाने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म समझकर हम लोगों ने इस साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया,जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने वाकई अपनी सोच और बुद्धिमता का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के मॉडल्स बनाकर उन्हें अभिभावकों के बीच रखा। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का मानसिक विकास और उनके अंदर आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इस आयोजन को लेकर सारे बच्चे भी काफी उत्साहित रहे और आने वाले सभी अभिभावकों एवं आगंतुकों को अपने मॉडल्स को दिखाकर उनके बारे में विस्तृत जानकारी देते नजर आए। बच्चों ने इस आयोजन को फेस्टिवल ऑफ आइडिया की संज्ञा से नवाजा।

## बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट कार्यालय का मांडू विधायक ने छोटकाचुंबा में किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट छोटकाचुंबा कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपी पटेल ने फीता काटकर किया। अवसर पर विशिष्टे में पूर्व जिला पार्षद दर्शन गंझू, समाजसेवी दाहो महतो, भारत मुंडा समाज के जिलाध्यक्ष रामगढ़ नरेश मुंडा, बड़काचुंबा मुखिया राजेंद्र कुशवाहा, मंझलाचुंबा मुखिया लक्ष्मी देवी, मांडू प्रखंड बीजेपी अध्यक्ष तोकेश सिंह, मुंडा समाज के मीडिया प्रभारी मिहीरचंद मुंडा उपस्थित हुए। अवसर पर बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अध्यक्षा उषा देवी द्वारा 30 गरीब छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी पेंसिल बांटा गया। कोषाध्यक्ष बिजेंद्र मुंडा ने बताया कि कक्षा एक से 10 तक के गरीब छात्र-छात्राओं को लगातार 3 वर्षो से निःशुल्क शिक्षा ट्रस्ट द्वारा दिया जा रहा हैं।

### भेलवा टुगरी पर चढ़ने हेतु नई सीढ़ी निर्माण का शिलान्यास

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को लेगांहातु भेलवा टुंगरी मे अपने कर कमलों से विधायक फंड से भेलवा टुंगरी पर चढ़ने के लिए सीढ़ी निर्माण का शिलान्यास किया और उन्होंने कहा कि आने वाला मेले में लोग सीढ़ी चढ़कर बाबा का दर्शन करेंगे ।आज उन्होंने मंच से भेलवा टुंगरी पर लगे मेले के लिए आज कमेटी को धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही सुभाष महतो जो इस मेले के रचयिता थे ,उनको आभार प्रकट किया ।यह मेला स्वर्गीय काशीनाथ महतो फुटबॉलर के नाम पर लगाया जाता है आज के दिन फुटबॉल खेल भी खेला गया। साथ ही मेले में पाता नाच का भी आयोजन किया गया।



### युकोवयू ने 13 सूत्री एजेंडा को लेकर जीएम अरगड्डा के साथ किया वार्ता, मिला आश्वासन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय के प्रांगण में शनिवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के 13 सूत्री एजेंडा को लेकर जीएम सुधांशु कुमार पांडे व अन्य अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। अवसर पर यूनियन प्रतिनिधियों ने सिरका को कोलियरी को सीटीओ भुनेश्वर, बादल, अभिमन्यु के समस्याओं, यूनियन के सिरका और गिददी सी कार्यालय रिपेयरिंग, शांवल, डंफर ऑपरेटर, केबल मैन को कैटेगरी वन करने, कोलयरी क्षेत्र में पानी सप्लाई पतरातु दामोदर नदी गिद्दी ए से करने, जिद्दी ए एरिया हॉस्पिटल में डॉक्टर, ब्लड टेस्टिंग, एक्स-रे की व्यवस्था बहाल करने, आदि बातें रखी गई। जिसके जवाब में प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि मांगों पर आगे कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जीएम सुधांशु कुमार पांडे, अमला अधिकारी गिरीश चंद्र, प्रबंधक कार्मिक मनीष अंबष्ठा, संतोष, सिविल अधिकारी गौरव तिवारी, भुनेश्वर मिस्त्री आदि उपस्थित थे।

## झारखंड में आदिवासी समाज के प्रति न तो सता पक्ष को चिंता है और न विपक्ष को : किरण मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** ग्राम तालाटांड़,सरना टोला से पहान नरेश मुंडा की अध्यक्षता में सरना धर्म यात्रा का स्वागत किया गया।केंद्रीय आदिवासी सरना प्रार्थना सभा जय सरना ट्रस्ट द्वारा,धर्मअड्डा पत्थलकुदवा सरना स्थल,प्रखंड-कटकमसांडी से यात्रा 11 दिनों के लिए केंद्रीय सचिव धरम अगुआ किरण मुंडा के अगुवाई में निकाला गया है। जिसका नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु कृष्णा उरांव कर रहे हैं। मुख्य रुप से यात्रा में उपस्थित - केंद्रीय सदस्य धरम गुरु विजय उरांव हैं,सरना यात्रा के माध्यम से अपने हक अधिकार के संरक्षण करने पर उद्देश्य-नशामुक्त व शिक्षित समाज का संदेश व आदिवासी जागरूकता अभियान लगातार गांव-गांव भ्रमण कर संदेश दिया जा रहा है।शनिवार को सुदूरवर्ती गांव इलाके में स्थिति बहुत गंभीर रहने के कारण आज आदिवासी समाज धर्म परिवर्तन किया जा रहा है,और शिक्षा से काफी दूर होते जा रहे हैं। झारखंड राज्य में आदिवासी समाज विकसित के वजह अपने ही जल,जंगल,जमीन से बंचित होते जा रहे हैं झारखंड में आदिवासी समाज के लिए बनायें गयें नियम-कानून को कभी धरातल पर उतरा नहीं गया है।



## सदर विधायक ने गदोखर कंचनपुर एवं निकटवर्ती ग्रामीण पाइपलाइन जलापूर्ति योजना का जाना हाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार की देर शाम सदर विधायक मनीष जायसवाल छड़वा डैम नवनिर्मित काली मंदिर पहुंचने के क्रम में हर घर नल योजना के तहत छड़वा डैम में बने आकर्षक इंटेक वेल और ग्राम कंचनपुर सिमाना पर बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं टंकी (इएसआर) का निरीक्षण कर जायजा लिया और पानी सप्लाई प्रक्रिया को देखा। विधायक मनीष जायसवाल ने इंटेक वेल परिसर में उड़हुल के कई पौधे लगाए और मोटर चलाने की प्रक्रिया को समझा। यहां से कंचनपुर सिमाना पर बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं टंकी (इएसआर) का निरीक्षण करने पहुंचे जहां वाटर ट्रीटमेंट की प्रक्रिया जानी और फिर टॉवर से पानी सप्लाई की विधि से भी अवगत हुए। यहां बना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 2.5 एमएलडी का और टंकी (इएसआर) 640000 लीटर की क्षमता का है। समय से पूर्व तैयार इस महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर उतरता देख विधायक मनीष जायसवाल ने खुशी जताया और कहा की अब जल्द ही गदोखर, कंचनपुर और रोमी पंचायत के कुल 09 गांवों के कुल 2936 घरों तक 12013 लोगों को सीधे तौर पर छड़वा डैम से पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जाएगा।



## पतरातू पीवीयूएनएल के सौजन्य से कंबल वितरण हुआ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पीवीयूएनएल के सौजन्य से सामुदायिक विकास योजना अंतर्गत प्रखंड पतरातू के पंचायत सचिवालय में 35 गरीब असहाय लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल का वितरण मुखिया गिरजेश साव अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे प्रखंड विकास पदाधिकारी हलधर कुमार सेठी ने किया। मुखिया गिरिजेश कुमार ने कंबल वितरण करते हुए कहा अभी और लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया जाना है। तथा मौके पर उपस्थित लाभुकों ने मुखिया,प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी और पीवीयूएनएल का आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रीतम कुमार सिंह सुजीत पटेल,वार्ड सदस्य सोनी विश्वकर्मा,अवतार सिंह, बबीता देवी,दशमी देवी, मनुदेवी,आदि के साथ काफी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ईडेन इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया अपना चौथा वर्षगांठ एवं वार्षिक महोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के सोलिया ग्राम स्थित ईडेन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को चौथा वर्षगांठ सह् वार्षिक महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीपीओ पतरातू वीरेंद्र चौधरी रहे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के दरमियान छोटे-छोटे बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। छोटी बच्चियों ने नागपुरी गीतों से समा बांधा वहीं कई छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नाटकों के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन किया। वही कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शब्बीर अहमद संस्थापक अमेरिकन इंस्टीट्यूट,प्रियंका जैन प्रधानाचार्य चिरंजीवी, प्रिंसिपल मो समीर उपस्थित थे।वहीं मौके पर कार्यक्रम को उमा सिंह,नैना झा,नताशा सिन्हा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## रामगढ़ जिला कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रभारियों बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ बाईपास स्थित मां कल्याणी होटल के सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रामगढ़ विधानसभा के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रभारियों एक आवश्यक बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड कमेटी पंचायत समिति मंडल कमेटी एवं बूथ कमेटी के समीक्षा की गई सभी प्रखंड प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि अभिलंब हर पंचायत के प्रभारियों की सूची जिला कांग्रेस कमेटी को समर्पित करें एवं हर पंचायत में जाकर बैठक आयोजित कर सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, जिला प्रवक्ता सह रामगढ़ नगर प्रभारी मुकेश यादव, चित्तरपुर प्रखंड के प्रभारी जाकिर अख्तर, प्रकाश करमाली एहसानुल्लह इत्यादि उपस्थित थे।

## खुद की क्षमता पर करें भरोसा,परीक्षा से बिल्कुल ना डरें : माण्डू विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा एग्जाम वारियर्स कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।उत्कृष्ट छात्राओं के बीच सम्मान समारोह व परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का माण्डू विधायक जयप्रकाश पटेल एवं ज्यूरी मेम्बर के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया ।परीक्षा पे चर्चा के दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि परीक्षा का मतलब केवल पढ़ाई का मूल्यांकन करने नही है,स्वयं की क्षमताओं के आकलन से सम्बंधित है ।इसलिए हमें किसी परीक्षा से घबराने की जरूरत नही है ।परीक्षा में चिंता ना करें ,चिंतन करें और परीक्षा को एक योद्धा के भाँति मुकाबला कीजए ।कार्यक्रम के प्रारंभ में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने छात्राओं से खुलकर अपनी समस्याओं को रखने की बात कही और माण्डू विधायक ने सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं को दूर किया ।माण्डू विधायक ने पुनः छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए छात्राओं से कहा कि संस्कार के साथ,समय का सदुपयोग करते हुए आत्मविश्वास से परीक्षा में शामिल होने का सुझाव दिए ।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वारियर्स जिसमे विधार्थियों के लिए 28 मंत्र तथा अभिभावकों के लिए 06 सुझाव की चर्चा की गई है ।विधायक ने 27 जनवरी को 11 बजे प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा का छठा संस्करण कार्यक्रम को देखने तथा सुनने की अपील की,इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे एयर उनका हौसला भी बढेगा।



## वन विभाग के बडी करवाई 120 टन अवैध कोयला किया जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बडकागांव :** प्रखंड के मल्ड़ीह, इंदरा, बरवनिया, पसेरिया, चानो के जंगलों में लगभग 120 टन अवैध कोयले का उत्खनन कर भंडारित किया था। अवैध कोयला भंडारण की गुप्त सूचना प्राप्त होते ही सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार के नेतृत्व में जिले भर के वन कर्मी जिसमें मुख्य सहभागिता हजारीबाग तथा बड़कागांव के वन कर्मियों की एक टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर बड़कागांव पुलिस विभाग के सक्रिय सहयोग से उपरोक्त जंगल में भंडारित किए गए कोयले को जप्त किया गया। जप्त किए गए कोयले को जेसीबी द्वारा कुल 29 ट्रैक्टरों में लोड कर वन विश्रामागार बड़कागांव लाया गया। साथ ही अगल-बगल के जंगलों में लगभग एक सौ से डेढ़ सौ अवैध कोयले भंडारित शेष कोयला अब भी उसी स्थल पर रह गए है । संवेदनशील स्थल और संसाधन की कमी होने के कारण उसी स्थल पर बाकी बचे कोयले को छोड़ दिया गया।

### पार्षद साजदा खातुन ने किया ऊर्जा मेला का उदघाटन , दो सौ मामलों का हुआ निपटारा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राँची :** हिन्द पिडी स्थित आर सी मिशन परिषर में शनिवार को ऊर्जा मेला लगाया गया।झारखण्ड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित्त ऊर्जा मेला का उदघाटन पार्षद साजदा खातुन ने किया ।ऊर्जा मेला में बिजली बिल की त्रुटियों,मीटर खराबी के कारण उत्पन्न समस्याओं के निराकरण के साथ ही नया कनेक्शन से सम्बंधित विभाग के अभियंताओं द्वारा किया गया।

### युवक ने किया आत्महत्या, पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ के अरगड्डा खेल मैदान के समीप माइनस क्वार्टर कॉलोनी घर में एक युवक द्वारा फांसी लगा आत्महत्या करने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया हैं। जानकारी के मुताबिक युवक संजय कुमार उर्फ बाबू उम्र करीब 26 वर्ष माइनस क्वार्टर में रहा करता था। बताया जाता है कि काफी दिनों से डिप्रेशन में था। घटना के बाद से ही मृतक की पत्नी और परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हैं।

### चार महीने बाद कब्र से निकाल कर महिला के शव का किया गया अंतिम संस्कार

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नापो खुर्द गांव में 27 सितम्बर 2022 को नवविवाहिता पूजा को उसके ही पति शशि कुमार के ऊपर गोली मारकर हत्या कर देने का आरोप लगा था। मामले को लेकर बड़कागांव थाने में प्राथमिकी दर्ज कर शशि कुमार को जेल भेजा गया था?। हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने घर में ही लाश को दफना दिया था। मामले को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पीडिता के परिजनों व ग्रामिणों को दो दिनों तक समझाने बुझाने का प्रयास किया था और शव को क़ब्र से निकाल कर अंतिम संस्कार के लिए कहा था लेकिन उनकी बातों को नही माना गया था। शनिवार को 4 महीने के बाद घर में दफन की गए शव को कब्र से निकाल कर हिंदु रिती -रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार श्मशान घाट में किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा के आपसी सहमति से शव को निकाला गया।

### प्रवासी मजदूरो की मौत नही थम रहा,एक और मजदूर की मौत मुम्बई में

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है।इसी क्रम में हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर के मजदूर की मुम्बई में शुक्रवार को मुम्बई में मौत हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर निवासी महादेव साव के पुत्र शिवलाल साव की मुम्बई आकस्मिक मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सकते में है तो वहीं गांव वाले भी शोक में हैं।मृतक शिवलाल साव मुम्बई में ऑटो ड्राइवर के रूप में कार्यरत था।मृतक अपने पीछे पत्नी रेनू कुमारी,सावित्री कुमारी(19),कोमल कुमारी(16),पियाषी कुमारी(13) व पुत्र मिरतुंयजय कुमार छोड़ गया। इसकी सूचना मिलते ही विष्णुगढ उप प्रमुख सरयु साव, पूर्व मुखिया तिलक साव, पूर्व उप मुखिया तिलेश्वर साव, शिक्षक विजय कुमार, समाज सेवी अंतु पंडित, वार्ड सदस्य सोनू कुमार घर पहुंचकर परिजनो का ढाढस बंधाया।वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है।

### चरही घाटी के यूपी मोड में अनियंत्रित ट्रक पलटा, किसी का हताहत नही

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत चरही घाटी के यूपी मोड में शनिवार की सुबह नोएडा से रांची की ओर मसाला लोड कर के जा रही ट्रक संख्या एनएल-01एएफ-8545 दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। दुर्घटना में उक्त वाहन सामने से आ रही ट्रक संख्या एनएल-01एबी-0728 जो ओडिशा से काजू का छिलका लोड करके मेरठ जा रही वाहन से टकरा गई जिससे दूसरे वाहन का कंटेनर फट गया और उस पर लदा छिलका सड़क पर बिखर गया। इस दुर्घटना से कुछ देर के लिए वाहनों का आवागमन बाधित रहा। चरही पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया गया। इन सब मे राहत की बात यह रही कि कोई भी हताहत नही हुआ। चालक ने जानकारी देते हुए बताया कि अचानक मोड़ पर उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दुर्घटना घटी। बताते चले कि चरही घाटी का यूपी मोड़ ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित है और यहाँ आये दिन दुर्घटना होते रहती है। घुमावदार सड़क और ढलान इसकी मुख्य वजह मानी जाती है।

### जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में खूंटी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न

**खूँटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा की उपस्थिति में जिला कमिटी के विस्तार से संबंधित आवश्यक बैठक पूर्व विधायक सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण मुँडा के आवास पर संपन्न हुई, बैठक में उपस्थित कांग्रसजनों के साथ प्रत्येक पद के लिए बहुत सारे नामों पर चर्चा भी हुई तथा 26 जनवरी तक जिला कार्यकारिणी कमेटी का अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में रामकृष्ण चौधरी, विल्सन तोपनों, नरेश तिर्की, मरियम आईंद, मीनाक्षी तोपनो, नईमुद्दीन खां, विनायक राय, पौलुस पूर्ति, तिलू कुमार गुप्ता आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला संपन्न

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के लेंगाहातु भेलवा टुंगरी में स्वर्गीय काशी नाथ महतो स्मृति मेला शान्ति पूर्ण सम्पन्न हो गया। इस मेले मे एकदिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया था, जिसमें आठ टीमों के बीच खेला गया। इस मेले में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो का स्वागत स्व. काशी नाथ महतो के बड़े बेटे अमीत महतो ने बुके देकर किया। इस मेले में पांता नाच, मुर्गा लड़ाई, फुटबॉल खेल समेत कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। साथ ही, फुटबॉल खेल के बीजेता उप बीजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मेले में स्वर्गीय काशीनाथ महतो के परिजन डॉ अमित महतो, डॉ अस्मिरीता महतो, कुमिला देवी, कमला देवी, रामनाथ महतो, मुचीराम महतो समेत समाजसेवी श्याम सुंदर महतो मौजूद थे। इस मेले में सिल्ली प्रखंड के जनप्रतिनिधि प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बढ़ाई उप प्रमुख आरती देवी लुपुंग मुखिया सीमा देवी, बांसारुली मुखिया लालू राम उरांव, जयपाल सिंह, बंशीधर महतो, सुभाष महतो, वीरेंद्र नाथ महतो,का काफी सरहानीय योगदान रहा।

### राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ का 25 को एनके एरिया में ददई दुबे का होगा जोरदार स्वागत किया जायेगा

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ की बैठक डकरा भीआईपी क्लब में हुई। बैठक की अध्यक्षता बीएन पांडेय ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी मौजूद थे। बैठक में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का 25 जनवरी को एनके एरिया दौरा को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। निर्णय लिया गया कि डकरा सौपिंग सेंटर के निकट ददई दुबे का जोरदार स्वागत किया जाएगा। उसके बाद डकरा भीआईपी क्लब में ददई दुबे यूनियन के पदाधिकारियो के साथ बैठक करेंगे, जिसमे इंटक के सदस्य व असंगठित मजदूर मौजूद रहेंगे। बैठक का संचालन जसवंत पांडेय ने किया। बैठक में मुमताज अहमद, बसंत मुंडा, पजू महतो, पयहारी भगत, जयंत पांडेय, सोनू पांडेय, सुनीलकुमार सिंह, कोलेश्वर माझी, संतोष पांडेय, संतोष पांडेय, अरविंद पांडेय, महेश प्रजापति, बालमुकुंद पांडेय, अजय कुमार, अरविंद चौबे, अवध बिहारी पांडेय, विनय सिंह, मनोज भुईयां, पीएन दुबे, भगवान जैना, कोलेश्वर महतो, मोहम्मद अली, संदीप पांडेय, नवीन पाठक, कुलदीप साव, राजकुमार, रंजीत चौहान, मो. ईशा, बाल्मीकि पांडेय, प्रमोद कुमार, विजय उरांव आदि उपस्थित थे।

### मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने तीन परिवारो को आर्थिक मदद दी

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने तीन परिवारो को आर्थिक मदद किया। चुरी दक्षिणी पंचायत के टिकेटरी निवासी स्वर्गीय बंधन गंझू का एक सप्ताह पूर्व अज्ञात बीमारी से मृत्यु हो गया था। इधर बमने पंचायत के डुंडु निवासी मनकू महतो का सड़क दुर्घटना में एक सप्ताह पूर्व मृत्यु हो गया था ।जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी दोनों परिवार के घर जाकर संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार वालों को आर्थिक मदद किया साथही खाद्य सामग्री दिया। अब्दुल्ला डुंडु निवासी मनोज महतो के बीमारी की सूचना पाकर उनके घर जाकर इलाज हेतु दस हजार रुपया देकर आर्थिक मदद किया। अंसारी तीनो परिवार वालों को आगे भी हर संभव मदद करने का आस्वाशन दिया।इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पांडेय, राजेश महतो, मनोज बैठा शेखर महतो, चंदन महतो शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विद्या भारती द्वारा संचालित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया -बहनों ने भाग लिया। इस परीक्षा में विद्यालय के 523 भैया-बहनों ने भाग लिया। इस परीक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आज विद्या भारती के सभी शिशु एवं विद्या मंदिरों में यह परीक्षा आयोजित की गई है। इस परीक्षा का मूल उद्देश्य सभी भैया -बहनों में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि पैदा करना एवं उनमें राष्ट्रीयता का भाव पैदा करना है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के प्रश्न पत्रों में भारतीय दर्शन, भारतीय संस्कृति, भारत के ग्रंथ, भारतीय शिक्षा पद्धति, चिकित्सा पद्धति, गणित, विज्ञान एवं भारतवर्ष के मनीषियों के विचारों का उल्लेख है। इस परीक्षा का अधिकतम समय 1 घंटे का था। भैया- बहनों में इस परीक्षा को लेकर काफी उत्साह देखा गया।



## आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत शनिवार को पुना महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा मोड़ में छात्र छात्राओं के बीच आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा के जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, जिला महामंत्री नितिन भट्ट, कार्यक्रम संयोजक मानस प्रसुन, सह संयोजक चन्द्रशेखर मुन्ना, प्रियंका रंजन एवं जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में मानसिक विश्राम के तरिके, परीक्षा के दौरान अपने मनोस्थिती का चित्रण, घड़ी के माध्यम से समय सारणी का प्रदर्शन, अपनी पसंदीदा खेल का चित्रण, अपने पसंदीदा त्योहार का चित्रण आदि विषयों पर परीक्षा ली गयी। इस परीक्षा में सबसे सुंदर चित्रण एवं प्रदर्शन 25 छात्र छात्राओं ने अपने पेपर में किया। इन सभी सफल प्रतिभागीयों को अतिथियों के द्वारा स्मृति पत्र एवं पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस सम्बन्ध में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के खुशहाली के लिए, देश को समृद्ध, शक्तिशाली हर क्षण, हर पल संकल्पित है। वे हर क्षेत्र में अपना ध्यान रखते है।




## पार्टी के मजबूती को लेकर किया गया चर्चा

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष धनंजय सिंह एवम कोडरमा लोक सभा क्षेत्र से दो दो बार सांसद रहे बाबू तिलकधारी प्रसाद सिंह के आवास पर महासचिव सह मुखिया मो शमीम, झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेस के महासचिव सह कांग्रेस के प्रदेश डेलीगेट ओर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मो जैनुल अंसारी ने मुलाकात कर वर्तमान राजनीति के हालात पर चर्चा किया और कांग्रेस संगठन मजबूत केसे हो उस पर भी गोर फिकर करते हुए आगे की रणनीती बनाई गई। बता दे झारखंड में कांग्रेस गठबंधन सरकार है और राहुल गाँधी भारत जोड़ो यात्रा पर है ऐसे में आने वाले दिनों में पार्टी को मजबूत करने के लिए सीनियर नेता के साथ चर्चा काफी अहम् है।



## क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि यूवा कांग्रेस कमिटी जिलाध्यक्ष शामिल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह सदर प्रखंड के मोहनपुर पंचायत में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दो टीमों के बीच हुई जिसमें अंबाडीह की टीम ने मोहनपुर की टीम को हराकर प्रथम पुरस्कार पर अपना कब्जा जमाया। क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली उपस्थित हुए और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करते हुए खेल का आनंद लिया। जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि आज मोहनपुर पंचायत के अंबाडीह में क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और मैच देखने का अवसर मिला क्रिकेट अपने अंदर की प्रतिभा को उभारने की काम करती है और मैं आज युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष हूं इसीलिए मुझे युवाओं के हर एक छोटी, बड़ी समस्या में उनके साथ खड़ा रहता हूं।

## गिरिडीह : मरीज के नाम पर ब्लड तस्करी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक से ब्लड हेराफेरी करने के आरोप में जमुआ निवासी सोनु कुमार और पचंबा के विशनपुर निवासी मो फिरोज अंसारी को नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की शिकायत गिरिडीह रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव राकेश मोदी ने नगर थाना व पचंबा थाना से की थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि लंबे समय से कुछ लोग मरीज के नाम पर ब्लड लेते हैं और उसे 6 से 10 हज़ार प्रति यूनिट बिक्री करते हैं।इस गोरखधंधे में शहर के कुछ प्राइवेट अस्पताल के संचालक भी शामिल हैं। इसी मामले में नगर पुलिस ने सोनू और फिरोज को गिरफ्तार किया कर सघन पूछताछ कर रही है,ताकि इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश हो सके।

# दो अंतरजातीय प्रेम प्रसंग मामले में सोनारडीह में दोनों पक्षों में झड़प, पुलिस कर रही कैम्प



**क्या कहते हैं ओपी पुलिस :-**

-ओपी पुलिस एएसआई राणा सिंह ने कहा कि कुमारडुबी थाना पुलिस को चाहिए था कि प्रेमियों को नवडीहा पुलिस के हवाले करें, परंतु ऐसा नहीं कर परिजनों के हवाले कर दिया गया जिससे मामला गंभीर हो गया। मारपीट की सूचना पर वे सदलबल गांव पहुंचे और स्थिती को नियंत्रित करने में जुट गए इस बीच किसी ने पुलिस वाहन चाभी निकाल लिया। बताया की दोनों प्रेमियों को हिरासत में लेकर जमुआ थाना में रखा गया है।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के नवडीहा ओपी क्षेत्र के सोनारडीह में प्रेम प्रसंग मामले में दो अंतरजातीय पक्षों में झड़प हो गई मामला देर शाम सात बजे की है। दरअसल सुरेंद्र दास का 19 वर्षीय पुत्र राहुल दास का गांव के ही अर्जुन यादव के 17 वर्षीय पुत्री प्रमीला कुमारी से पिछले एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था 18 जनवरी को दोनों गांव से फरार हो गया था जिसकी सुचना परिजनों द्वारा नवडीहा ओपी को 19 जनवरी के शाम को दिया गया था। इसी बिच 20 जनवरी सुबह को धनबाद जिले के कुमारडुबी थाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और लड़के की मां मीना देवी व लड़की के भाई बासुकी यादव दोनों के बॉन्ड के आधार पर पुलिस ने दोनों को परिजनों के हवाले कर दिया दोनों एक ही कार से गांव पहुंचा इसके बाद लगभग चार बजे शाम लड़का व उनकी मां के साथ लड़की पक्ष के कई लोगों द्वारा कथित तौर पर मारपीट की गई इसके बाद दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया इस बीच लड़की व लड़का कही गायब हो गया इसे परिजन नहीं देख सके। घटना की सुचना पर नवडीहा ओपी पुलिस पहुंचीं और घटना को नियंत्रित करने की कोशिश की इस बीच उग्र ग्रामीणों ने पुलिस वाहन के चाभी को जब्त कर लिया और उच्च अधिकारियों व लड़के को दिखाने की मांग करने लगे समाचार लिखे जाने तक पुलिस गांव में कैंप किए हुए हैं और वहीं ग्रामीण पुलिस वाहन को बंधक बनाए हुए अपनी मांगों पर अड़े हुवे थे। लड़का और लड़की दोनों का घर आमने-सामने लगभग 200 सौ फीट की दुरी पर स्थित है। वही सुत्रों के अनुसार दोनों ने अगले वर्ष भी भाग कर शादी की थी जिसे आपसी समझौते के आधार खत्म कर दिया गया था। वही दोनों पक्षों की और से शनिवार को थाने में आवेदन दिया गया है। वही लड़के की माँ ने कही की धनबाद से आने के क्रम रास्ते में भी लड़की पक्ष के लोगो द्वारा लड़का के साथ मारपीट किया गया था।

# तापमान में हुई बढ़ोतरी ठंड से नहीं मिली राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिले के तापमान में 20 जनवरी शुक्रवार को वृद्धि दर्ज की गई. अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस बढ़ कर 25 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ कर 10 डिग्री पर पहुंच गया. हालांकि अभी भी जिले का तापमान न्यूनतम स्तर के करीब बना हुआ है, जिससे लोग ठंड से परेशान हैं. मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में जिले के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होगी और ठंड से राहत मिलेगी.मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 21 जनवरी को तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी. इसके बाद तापमान लगातार बढ़ते हुए 22 जनवरी को 14 डिग्री और 23 जनवरी को अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाएगा. मौसम विभाग ने 22 जनवरी से राज्य के कई जिलों में बादल छाये रहने की संभावना भी जताई है।

# प्रधानमंत्री के परीक्ष चर्चा कार्यक्रम के तहत आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**एमपीएल/निरसा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत आर्ट एवम पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन निरसा के सेंट्रल पूल स्थित इंग्लिश स्कूल ऑफ लर्निंग में किया गया। जानकारी देते हुए समाज सेवक संजय सिंह ने बताया कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बच्चों के लिए यह एक नेक सोच एवम नेक पहल है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस कार्यक्रम के तहत बच्चों के नाम एक संदेश है कि परीक्षा जीवन का सहज हिस्सा है इससे डरना नही चाहिए आप जो भी करिए पूरे आत्मविश्वास के साथ करिए त्यौहार के मूड में परीक्षा लिखिए बिना किसी झिझक और बिना किसी टेंशन के परीक्षा दीजिए।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना माह दिसंबर 2022 अंतर्गत सभी प्रखंडों को भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध कराएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKAY) माह दिसंबर 2022 अंतर्गत सभी प्रखंडों को भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध कराए गए हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKAY) अंतर्गत गिरिडीह जिला के लिए माह दिसंबर 2022 का उप-आवंटित खाद्यान्न को भारतीय खाद्य निगम द्वारा अंतिम तिथि 31.12.22 तक कुल आवंटित खाद्यान्न 99069.19 क्विंटल के विरुद्ध 70680.78 क्विंटल उपलब्ध कराया गया है।

**? प्रखंडवार आवंटन के विरुद्ध भारतीय खाद्य निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए खाद्यान्न का विवरण :-**

1. धनवार प्रखंड को 10919.09 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 6232.08 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

2. डुमरी प्रखंड को 9296.11 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 8762.72580 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

3. सरिया प्रखंड को 6588.87 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 3336.32 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

4. बगोदर प्रखंड को 6602.12 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 3820.60 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

5. जमुआ प्रखंड को 11259.38 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 9274.17 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

6. देवरी प्रखंड को 7624.20 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 5003.95 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

7. गांवा प्रखंड को 4633.89 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 2551.73 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

8. तिसरी प्रखंड को 4051.28 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 2334.76 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

9. गांडेय प्रखंड को 7149.99 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 6002.27 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

10. गिरिडीह प्रखंड को 12612.68 क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 12575.88 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

11. बेंगाबाद प्रखंड को 6544.90क्विंटल आवंटन प्राप्त हुआ है जिसके विरुद्ध में 6362.77 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

# एसरी इंडिया ने टेक्समिन-आईआईटी आईएसएम धनबाद के साथ किया समझौता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स), धनबाद में जियोस्पैटियल एक्सिलेंस सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्समिन फाउंडेशन के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। आईआईटी (आईएसएम), धनबाद में टेक्समिन-एसरी जियोस्पैटियल एक्सिलेंस सेंटर खनन और खोज के लिए स्पैटियल एनालिटिक्स एवं रिमोट सेंसिंग में अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करेगा। चूंकि खनिज तलाशने के कारोबार के अंतर्गत जमीन का भारी खर्च आता है और इसमें काफी आंकड़ों की जरूरत पड़ती है, इसलिए स्थान आधारित सूचना, सफल उत्खनन के लिए महत्वपूर्ण होता है। जीआईएस खनिज संसाधनों की खोज से लेकर उसे निकालने और अंततः पुनर्स्थापना तक




पृथ्वी विज्ञान और खनन की मूल्य श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जीआईएस के ज्ञान से खनन पेशेवर खनिजों को खोजने और आर्थिक संभावना की गणना करने, जोखिम प्रबंधन, पर्यावरणीय आकलन करने में समर्थ होते हैं और साथ ही अन्य चिंताओं का प्रभावी एवं सटीक ढंग से विश्लेषण करने में समर्थ होते हैं। इस गठबंधन के परिणाम स्वरूप, एसरी इंडिया इस जियोस्पैटियल एक्सिलेंस सेंटर को स्थापित करने के लिए जीआईएस टेक्नोलॉजी के साथ एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन (टेक्समिन) में टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन को सुगम बनाएगी। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, श्डेटा लोकेशन इंटेलिजेंस खनिजों की खोज से लेकर उनके खनन तक की पूरे खनन जीवन चक्र में मौलिक आधार है। खनिजों के तेजी से क्षय होने के मद्देनजर स्पैटियल संदर्भ को समझना और अन्य जियोसाइंस टेक्नोलॉजीज़ के साथ एकीकरण नए भंडारों के टिकाऊ विकास के लिए महत्वपूर्ण है। टेक्समिन के चेयरमैन एवं आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के निदेशक प्रोफेसर राजीव शेखर ने कहा, श्टेक्समिन का उद्देश्य खनन एवं खोज में नवीनतम प्रौद्योगिकियों के उपयोग को प्रोत्साहन देना है। जीआईएस खनन पेशेवरों को स्पैटियल डेटा का विश्लेषण करने के लिए आवश्यक टूल्स उपलब्ध कराकर खनन परिचालन की जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकती है।

# डीएवी बनियाहीर में मनाया गया ट्विंकलिंगस्टार-डे



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी.ए.वी बनियाहीर के परिसर में ट्विंकलिंगस्टार डे शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से पाँचवी कक्षा के बच्चों ने विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इसके अलावा छात्र एवं छात्राओं द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य, अभिनय, गायन व नाटिका मंचन जैसे कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों व सभी दर्शकों को मंत्र-मुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य एस. मोदक ने कहा कि इन छोटे बच्चों में प्रतिभाएँ छिपी होती है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी अंतर्निहित प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए ताकि आगे चलकर इनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके।

**डालसा ने पोबी में किया चलंत लोक अदालत का आयोजन**

# चलंत लोक अदालत विधिक क्षेत्र में मील का पत्थर : जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के पोबी में शनिवार को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधिक जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पोबी पंचायत के मुखिया जयंती देवी ने किया व मंच संचालन पीएलवी कामेश्वर कुमार ने किया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो जिलाध्यक्ष योगेश कुमार पाण्डेय ,मुखिया जयंती देवी व पैनल अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में रिटेलर अधिवक्ता फंट कार्यालय गिरिडीह एवं पैनल अधिवक्ता त्रिलोकी पाण्डेय,राजीव कुमार रंजीव, स्थायी लोक अदालत के सदस्य सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रशिक्षु बलराम वर्मा ने आम जनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के विभिन्न कार्यक्रम जैसे नेशनल लोक अदालत, मासिक लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, मध्यस्थता केंद्र, निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान करने, कोर्ट फीस प्रदान करने, विक्टीम कंपनसेशन स्कीम इत्यादि योजनाओं के बारे में आम लोगों को जानकारी देते हुए उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करने का सुझाव दिया।

# जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प, सात लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के पड़रिया पंचायत अंतर्गत ग्राम वृंदा जमुनियांतरी में शनिवार की सुबह लगभग 8 बजे जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें दोनों पक्षों से कुल सात व्यक्ति घायल हो गये. घायलों में प्रथम पक्ष से 4 सदस्य जिसकी पहचान 69 वर्षीय द्वारिका सिंह, 58 वर्षीय बचिया देवी, 60 वर्षीय विमला देवी, 40 वर्षीय मुकेश सिंह और 42 वर्षीय अशोक सिंह तथा दूसरे पक्ष से 55 वर्षीय नकुल सिंह, 32 वर्षीय धनन्जय सिंह, 22 राहुल सिंह, 29 वर्षीय कैलाश सिंह, 23 वर्षीय शिबू सिंह, 58 वर्षीय सीताराम सिंह, 27 वर्षीय रीता देवी, 33 वर्षीय पिंकी देवी और 53 वर्षीय राजदेव सिंह शामिल है. सभी एक हीं गाँव के रहने वाले हैं. इस बीच मारपीट की घटना को लेकर द्वारिका सिंह ने बताया कि नकुल सिंह ने अपने सहयोगी चानो निवासी मुंशी मोदी, सुरेंद्र सिंह व अन्य लोगों के साथ जमुनियांतरी में शुक्रवार की रात को एक योजना बनाकर मेरे जमीन में झोपड़ी बना लिया तथा शनिवार की सुबह उस झोपड़ी को घर बनाने उद्देश्य से जेसीबी से खुदाई करवा रहा था, जिसे



रोकने के लिए हम सभी गये तभी नकुल सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मिर्च का पावडर हमलोगों के आंखों में छिड़क दिया और लाठी-डंडे से मारपीट करने लगा जिससे 3 लोग घायल हो गये इधर दूसरे पक्ष से नकुल सिंह ने बताया कि मेरे घर के पास हमारी जमीन पर पहले से हीं झोपड़ी था, जिसे हम घर बनाने के उद्देश्य से जेसीबी से खुदाई करवा रहे थे, तभी दूसरे पक्ष के लोग आए और एकाएक मारपीट करना शुरू कर दिया. आपको बता दें कि उक्त मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से कुल सात लोग घायल हुए हैं. घायलों में 3 महिला व 4 पुरुष शामिल हैं सभी घायलों का उपचार हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया।

# भाजपा सरकार ने लोगों को ठगने का किया काम : संतोष



**बूथ स्तर पर लोगों को जोड़ना है : सीता राणा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुली :** भुली के वार्ड 17 अंतर्गत अमन सोसायटी गेट नंबर एक के 8 नंबर इमामबाड़ा के समीप भुली नगर महिला कांग्रेस कमिटि की कार्यकरणी की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम नगर अध्यक्ष अजमेरी खातुन के नेतृत्व में किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद जिला कॉंग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि के तौर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीता राणा मौजूद थी। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को ठगने का काम किया। आज आम आदमी रोटी रोटी का मोहताज हो गया है। युवाओ के हाथों में रोजगार नही है। जो रोजगार में थे उनका रोजगार छीन गया। कांग्रेस को मजबूत करके ही भाजपा सरकार को उखड़ना होगा। धनबाद में आगामी लोकसभा में कांग्रेस का परचम लहराना है। इसलिए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करना है। राशीद रजा अंसारी ने पार्टी को मजबूत करने के लिए महिला कांग्रेस व युवा कॉंग्रेस के साथ सेवा दल को मजबूत बनाना होगा। सीता राणा ने अपने संबोधन में कहा कि महिला कॉंग्रेस की एक एक महिला सदस्य को बूथ स्तर पर मजबूती देने के लिए कांग्रेस की योजना को घर घर बताना है और भाजपा की नाकामी से लोगों को जागरूक करना है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीता राणा ने गरीबो व जरूरत मंदो के बीच कंबल का वितरण किया।

# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव ने किया बीबीएमकेयू राजकीय पॉलिटेक्निक व एसएसएलएनटी कॉलेज का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार ने आज बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू),राजकीय पॉलिटेक्निक एवं श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला कॉलेज का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद पुरवार ने कहा कि बीबीएमकेयू का नया कैपस बहुत सुंदर है। अगले एकेडमिक सेशन में यहां शिक्षण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा निरीक्षण के क्रम में कुछ समस्या के बारे में जानकारी



प्राप्त हुई है जिसका शीघ्र समाधान कर लिया जाएगा।

साथ ही कहा कि एसएसएलएनटी महिला कॉलेज के वर्तमान संरचना में कुछ समस्याएं हैं। इसके लिए नया कैंपस बनाने पर विचार किया जाएगा। वहीं समस्याओं के समाधान के लिए भी निर्णय लिया जाएगा। बीबीएमकेयू के नए कैपस के भ्रमण से पूर्व पुरवार ने बीबीएमकेयू के राजकीय पॉलिटेक्निक के सामने स्थित कार्यालय में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कुछ विषयों पर चर्चा की।

# बिजली विभाग द्वारा किया गया उर्जा मेला का आयोजन



**एमपीएल/निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा निरसा में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और काफी हद तक लोगों की समस्याओं का निदान किया गया। बिजली विभाग निरसा एक्सक्यूटिव इंजीनियर क्षेत्रमोहन हेसा ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है इस आयोजित मेले का मुख्य उद्देश्य यह है कि बिजली संबंधित जितनी भी समस्या है उनका समाधान किया जाए मेले में विभागीय स्टॉल लगाया गया है जिससे लोगों का समाधान किया जा रहा है, साथ ही लोगों से अपील किया गया कि बकाया बिजली बिल का राशि भुगतान करें प्रत्येक माह की 10 तारीख एवम 21 तारीख को इस मेले का आयोजन ।

**संक्षिप्त खबरे**

### आदिवासी छात्र संघ ने सांसद सुदर्शन भगत को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आदिवासी छात्र संघ की अगुवाई में स्थानीय सांसद सुदर्शन उरांव को सौंपा गया। ज्ञापन ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित एनएच-75 के कुडू से बिढमगंज तक फोरलेन सड़क निर्माण के सर्वप्रथम योजना 2019 में बनी थी उसमें केवल 7 स्थानों पर लातेहार, मनिका सतबरवा मेदिनीनगर गढ़वा रमना और नगरउंटारी में ही बाईपास सड़क बनाने का निर्णय लिया गया था। 20 जून 2022 के पूर्व बाईपास निर्माण का अचानक जानकारी होने पर पंचायत भवन कुडू में भू अर्जन पदाधिकारी लोहरदगा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को इस बात का पता नहीं था और बैठक में शामिल होकर विरोध नहीं कर सकते कुंदो ग्राम में दिनांक 04 अगस्त 2022 को भू सर्वेक्षण होने लगा तब लोगों को पता चला कि कृषि भूमि का अधिग्रहण होगा ह्वा-75 का कुडू में जो रोड है उस रोड से सटे अनेक सरकारी जमीन को छोड़कर उन व्यक्तियों का भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है जो कृषि के लायक जमीन है।

**बंधु तिर्की ने 2024 आम चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस कमेटी के साथ की बैठक कहा,**

# राहुल गांधी के नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के दम पर 2024 में होगा ऐतिहासिक बदलाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों की एक आवश्यक बैठक लोहरदगा परिसदन भवन में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में आहूत की गई इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शाह लोहरदगा जिला के प्रभारी श्री बंधु तिर्की जी एवं स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव विशेष रूप से उपस्थित हुए। इनके अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जिला प्रभारी आशिक अंसारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी बेलस तिर्की, एवं प्रदेश सचिव जगदीप भगत भी उपस्थित हुए। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा आगामी 2024 को हम सभी कांग्रेसी चुनौती के रूप में लेंगे और देश में जो ऐतिहासिक बदलाव होगा उसमें एक एक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और इसी निमित प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक संगठन सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ऊर्जावान प्रतिभावान कार्यकर्ताओं को संगठन के विभिन्न स्तर पर जिम्मेवारी सौंपी जा रही है और इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि आज जो देश के हालात हैं जिससे आम जनता काफी आहत है जहां एक ओर देश के अंदर नफरत की राजनीति भाजपाई और आर एस एस के द्वारा थोपी जा रही हैं वहीं केंद्र में बैठी मोदी सरकार बेतहाशा महंगाई और बेरोजगारी दूर करने में विफल साबित हुई है इन्हीं ज्वलंत मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे और ऐसे लोगों केंद्र की सत्ता से हटाने का संकल्प के साथ संघर्ष करेंगे वही आज हमारे सम्मानित राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैंतीस सौ किलोमीटर की पदयात्रा कर देश से नफरत मिटाने एवं महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा किया है जिसे देश की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है आगामी 2024 में राहुल गांधी जी के नेतृत्व में केंद्र में गठबंधन की सरकार बनना तय है इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर इस लक्ष्य प्राप्ति तक संघर्ष करना होगा। इस मौके पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने भी जिला अध्यक्ष समेत सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि पार्टी में समाज के सभी तबके के लोगों को जोड़कर मजबूत संगठन तैयार करें संगठन में सभी जाति समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित होना चाहिए उन्होंने संगठन विस्तारीकरण को लेकर आम सहमति से कार्य करने पर बल दिया। आज के इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुखदेव भगत झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आशिक अंसारी प्रदेश सचिव बेलस तिर्की जिला अध्यक्ष सुखेर भगत जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत प्रदेश प्रतिनिधि अजय सहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, ने भी अपने अपने विचार रखे। मौके पर रांची जिला कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष मोजीबुल्ला, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी,युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, शामुल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत, विनोद सिंह खेरवार, अनीस अहमद, जुगल भगत, तनवीर गौहर, यूनुस अंसारी, जमील अंसारी, अमृता उरांव, सुशीला देवी, प्यारी उरांव,सीमा भगत, शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, रिजवान अंसारी, कुददूस अंसारी, जिलानी अंसारी समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सद्भवना मंच के तहत प्रखंड परिसर में आयोजित हुआ कुश्ती प्रतियोगिता



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा सद्भवना मंच के तहत बालक बालिकाओं के बीच कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड परिसर में शनिवार को किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने संबोधन कर प्रतिभागियों का मनबल बढ़ाया। आयोजित प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में माधुरी कुमारी और रबीना कुमारी तथा बालक वर्ग के बीच कुश्ती आरम्भ किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रारम्भ कराया गया। मौके पर मौजूद जिला कुश्ती संघ के कोच महादेव उराँव और राष्ट्रीय रेफरी सत्यनारायण महली ने संयुक्त रूप से बताया कि कुश्ती का खेल शाररिक वजन के अनुसार होता है। तथा कुश्ती खेल से शाररिक व बौद्धिक विकास होता है। साथ ही कहा कि बुनियादी उच्च विद्यालय 9 वीं कक्षा की छात्रा माधुरी कुमारी खेलो झारखण्ड के तहत राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त की है। तो वही कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सेन्हा का 10 वीं कक्षा की छात्रा रबीना कुमारी सिल्वर मेडल प्राप्त की थी। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि सद्भावना मंच के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने कहा प्रतियोगिता आयोजन से समाज में बुराई तथा कुरीतियों को मिटाना ही एक लक्ष्य है और युवा वर्ग के लोग समाज के कर्णधार बन सकते हैं। और समाज को एक साथ लेकर चलने की जिम्मेवारी को समझते है। साथ ही खेल के माध्यम से अपना और अपने क्षेत्र के लोगो का भविष्य निर्माण करना है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस को आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल(निर्वाचन)विभाग,झारखण्ड सरकार एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में दिनांक 25.01.2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं इसके पूर्व मतदाताओं को उनके संवैधानिक दायित्व से अवगत कराने हेतु विभिन्न कार्यक्रम का निर्देश है तथा दिनांक 25.01.2023 को विद्यार्थियों में प्रजातांत्रिक मूल्यों के विकास हेतु विद्यालयों/महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित करने पर बल दिया गया है। इस दिन जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों में चित्रकला,क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय वस्तु ÷वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरूर डालेंगे हम"/Nothing Like Voting, I Vote for Sure" होगा। आयोग द्वारा उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिव 2023 के अवसर पर जिला स्तर से लेकर मतदान केंद्र स्तर पर 25 जनवरी 2023 को निर्धारित कार्यक्रम में मतदाता सूची में नये निबंधित मतदाताओं को विशेष रूप से मतदाता पहचान पत्र पोस्ट ऑफिस के द्वारा संबंधित मतदान केंद्र पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना है। साथ ही सभी स्तरों पर मतदाता दिवस हेतु आयोजित होनो वाले कार्यक्रम में दिव्यांग व्यक्तियों को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। दिनांक 25.01.2023 को जिला स्तर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी,लोहरदगा के स्तर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस से संबंधित शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन 3 बजे अपराह्न किया जाएगा। यही कार्यक्रम प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी द्वारा, मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा आयोजित कराया जाएगा। मुख्य समारोह में मिलिनियम मतदाता को एपिक कार्ड वितरण किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को पुरस्कृत किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करनेवाले तीन ईएलसी फ्यूचर वोटर के नोडल पदाधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित क्विज, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के आने से पहले डीसी सिमडेगा और एसपी सिमडेगा ने किया अल्बर्ट एक्का स्टेडियम का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का सिमडेगा जिला में खतियानी जोहार यात्रा के तहत आगमन होना है। जिसके मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम एवं इण्डोर स्टेडियम, सिमडेगा का निरीक्षण किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सभा स्थल पर पहुंच, कार्यक्रम से संबंधित विधि व्यवस्था तथा तैयारियों से संबंधित किए जा रहे कार्यों की जायज लिया। उन्होंने सभी कार्य को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इण्डोर स्टेडियम में बनाए गए हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर पानी का छिड़काव, साफ सफाई, एवं चूना से सफ़ेद पट्टी लगाने व अन्य कार्यों को समय से पूर्ण कराने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री अरुण वाल्टर सांगा, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता श्री अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी मो0 शहज़ाद परवेज़, एस.डी.पी.ओ. श्री डेविड ए डोडो राय, डी.एस.पी श्री पतरास बरवा, जिला खेल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य विभाग के पदाधिकारीगण एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## विधायक भूषण बाड़ा ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल का किया निरीक्षण

**➲तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल के विकास के लिए हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा शुक्रवार को पालकोट में स्थित वीर शहीद तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने समिति के लोगों से स्मारक स्थल के बारे में जानकारी ली। साथ ही शहीद तेलंगा खड़िया के स्मारक स्थल के विकास के लिए हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि तेलंगा खड़िया अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध छेड़कर अपनी एक अलग पहचान बनाई। तेलंगा खड़िया बचपन से ही अंग्रेजों के जुल्मों सितम की कहानी अपने माता व पिता से सुन चुके थे। इसलिए अंग्रेजों को वे फूटी आंख भी देखना पसंद नहीं करते थे। यही वजह है कि वे युवा काल से ही अंग्रेजों के खिलाफ हो गये और लुकछिप कर अंग्रेजों को नुकसान पहुंचाते रहते थे। आखिर में तेलंगा खड़िया ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन की बिगुल फूंक दी। इसी दौरान 23 अप्रैल 1880 को अंग्रेजों के एक दलाल ने तेलंगा को गोली मार दी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है शहीद को अभी तक जो सम्मान मिलना चाहिए वह नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में राज्य के शहीदों को पूरा सम्मान मिल रहा है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, बसंत कुमार गुप्ता,युवा अध्यक्ष आकाश सिंह, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, 20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, अजीत लकड़ा, प्रदीप केशरी, शिशिर मिंज, सोसन खेस, संजय कुमार,लतीफ अहमद, विजय ठाकुर, संजय नगरची, किशोरी केशरी, जगदीश राम, नद कीशोर गुप्ता, रोहित एक्का, सुषमा बिलुंग, मोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

### कुडु विद्युत कार्यालय में ऊर्जा मेला संपन्न, 50 पड़े आवेदन, 25 का ऑंन-द-स्पॉट समाधान



**कुडु-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वावधान में कुडु विद्युत कार्यालय परिसर मे 21 जनवरी शनिवार को ऊर्जा मेला का किया गया आयोजन। मेला का विधिवत रुप से बिभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो, सहायक अभियंता सन्तोष कुमार व कनीय अभियंता की उपस्थिति में मेला का किया गया शुभारम्भ। इस अवसर पर मेले मे उपस्थित विभाग के सहायक अभियंता सन्तोष कुमार ने बताया कि बिभाग से संबंधित कूल 50 उपभोकताओ ने अपनी अपनी विद्युत से संबंधित समस्या आवेदन मेले मे दिया जिसे 25 आवेदन को ऑंन-द-स्पाट किया गया समाधान। वही शेष 25 बचे आवेदन प्रोसेस मे है जिसे एक सप्ताह मे समाधान कर दी जायेगी। वही मेले मे जागरुकता के निमित 15 लोगो को पुरुस्कृत भी किया गया। उक्त मेले मे उपरोक्त अधिकारियो के अलावा विभाग के कनीय सारिणी पुरुष बिजय शंकर, लाईन मैन रजि अंसारी, बेलाल अंसारी, अलिंम अंसारी, सुपर वाईजर जोहर अंसारी, ऊर्जा मित्र अंकित कुमार सोनी, मो0 आरिफ के अलावा अनेको उपभोक्ता मेले मे उपस्थित थे।

**तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक मीट के दूसरे दिन खिलाड़ियों में उत्सव का माहौल था**

## शूटिंग में पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान दुर्गेश साहू एवं महिला वर्ग से सविता साहू ने मारी बाजी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के दूसरे खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल था। आयोजन समिति के सभी लोग आयोजन को सफल बनाने में कड़ी मेहनत कर रहे थे। दूसरे दिन के खेल का रिजल्ट 100 मी रेस सीनियर बालक में प्रथम मुकेश कुमार रांची, द्वितीय मुकेश कुमार रांची, तृतीय श्रीतन कुमार वर्मा रामगढ़, 100 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम स्वन्ति कुमारी लोहरदगा, द्वितीय सरिता कुमारी रांची, तृतीय उर्मिला कुमारी रांची, 100 मी रेस जूनियर बालिका में प्रथम शांति कुमारी कामडारा, द्वितीय प्रतिभा सांडी मुर्मू कामडारा,तृतीय अंजलि कुमारी रांची,600 मी रेस जूनियर बालिका में प्रथम सुरजी कुमारी गुमला, द्वितीय वर्षा कुमारी खलारी, तृतीय नेहा कुमारी रांची, 800 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम चांदमुनी उरांव खरका, द्वितीय सरिया एक्का नवाटांड, तृतीय पूर्णिया कुमारी गुमला, 1000 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम चांदमुनी उरांव खरका, द्वितीय पूजा कुमारी लोहरदगा, तृतीय नीता कुमारी नवाटांड,1000 मी रेस सीनियर बालक में प्रथम प्रदीप कुमार खलारी, द्वितीय विक्रम कुमार महतो रांची, प्रिंस उरांव गुमला, 1500 मी रेस सीनियर बालक में प्रथम सरोज महतो रामगढ़, द्वितीय विज्ञान पन्ना गुमला, सुजीत सरकार रांची, 1500 मी रेस सीनियर बालिका में प्रथम प्रमिला तिग्गा नवाटांड, द्वितीय अंजू कुमारी रांची, अनिता कुमारी लोहरदगा लॉन्ग जम्प महिला प्रथम उर्मिला कुमारी रांची, द्वितीय सरिता कुमारी रांची, निशा कुमारी नवाटांड, 10 किलोमीटर साइकिल रेस महिला प्रथम नीमा उरांव खरका, द्वितीय अंकिता कुमारी रांची, तृतीय नेहा टोप्पो लोहरदगा, 24 किलोमीटर साइकिल रेस पुरुष प्रथम सोमा उरांव लोहरदगा, द्वितीय रामविलास पासवान लोहरदगा, तृतीय शिवकुमार साहू लोहरदगा, जेवलिन बालक प्रथम मनोज टोप्पो रांची, द्वितीय धीरज कुमार गुप्ता गिरिडीह, तृतीय प्रदीप कुमार महतो पलामू। शूटिंग प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान दुर्गेश साहू, द्वितीय हर्षित साहू, तृतीय राहुल साहू महिला वर्ग में प्रथम स्थान सविता साहू,द्वितीय शैफाली साहू एवं तृतीय किरण माला साहू रहीं।

## वित्त रहित शिक्षक संघ ने की एक नई आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शहर के अटल बिहारी वाजपेई उद्यान में वित्त रहित शिक्षक संघ मोर्चा की आवश्यक बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक जनता हाई स्कूल के अनुराग भूषण पाठक के द्वारा किया गया। बैठक में अहम मुद्दों के बारे में चर्चा की गई। पिछले दिनों सरकार ने घोषणा की थी कि वित्त रहित शिक्षण संस्थानों मे कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी को घाट अनुदान और समान कार्य के समान वेतन कि बात कही गई थी। परंतु समय गुजर गया और अब तक कुछ नहीं हुआ।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वित्त रहित शिक्षण संस्थानों को वित्त सहित शिक्षण संस्थानों में परिणत किया जाए। इसी विषय मे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की बात कही गई। अपनी मांगों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा जाये। जिसके लिए ज्ञापन तैयार कर लिया गया है। साथ ही साथ यह निर्देश दिया गया है कि 23 तारीख को मुख्यमंत्री आने वाले हैं उस दिन प्रातः 9:00 बजे स्थानीय जयप्रकाश उद्यान के सामने सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी जो वित्त रहित शिक्षण संस्थानों में काम करते हैं उन्हें बुलाया गया है।

## तिसिया में आठ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आज से प्रारंभ पहुंचेंगे कई आचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड पाखर पंचायत के तिसिया ग्राम में 22 जनवरी दिन रविवार से 29 जनवरी रविवार तक विशाल श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होना सुनिश्चित हुआ है जिसका आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ रविवार को प्रारंभ होगा। गौरतलब हो कि सितंबर में इस भव्य महायज्ञ का ध्वजारोपण होने के बाद अब 22 जनवरी को कलश यात्रा के साथ यह महायज्ञ प्रारंभ हो रहा है। यज्ञ के कर्ता एवं श्रीमद् भागवत वक्ता पूज्य सदानंद रामानुज जी महाराज हैं,जिन के सानिध्य में समस्त ग्रामवासी मिल करके यह महायज्ञ का आयोजन करवा रहे हैं। यज्ञ में एक दिलचस्प बात यह भी है कि पिछले 45 दिनों से इस यज्ञ में पूज्य सदानंद महाराज एवं समस्त ग्रामवासी मिलकर के राम कथा एवं भजन कीर्तन कर रहे हैं। वही इस यज्ञ को पूर्ण करने के लिए महिलाओं में बहुत ही ज्यादा उत्साह दिख रहा है यज्ञ के लगभग 80 त्र राशि महिलाओं द्वारा जमा किया गया है और अब उन सभी ग्राम वासियों का सपना साकार होने जा रहा है। बताते चलें कि अभी तक पाखर पंचायत में ऐसा महायज्ञ नहीं हुआ है, इस महायज्ञ में दूर-दूर के वैदिक विद्वान एवं यज्ञ के आचार्य वृंदावन के पंडित दामोदर पाठक हैं, वही वाराणसी के आशुतोष पाठक की मंडली, डेहरी ऑन सोन के जगदुरु रङ्गनाथाचार्य जी रामरेखा धाम के महंत और आचार्य दीपक पाण्डेय भी इस महायज्ञ में पहुंच रहे हैं, वृंदावन की रासलीला मंडली भी इस महायज्ञ में रासलीला से लोगों का मन मोहेगी। जबकि रविवार 22 जनवरी को 2:30 बजे से वृंदावन कि कथा मंडली एवं सदानंद रामानुज जी महाराज भागवत कथा का बखान करेंगे, यज्ञ के यजमान एवं कार्यकर्ता मदन साहू, अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव राजेंद्र यादव एवं उपाध्यक्ष वैद्यनाथ गुप्ता ने बताया कि इतिहास में यह यज्ञ एक सुनहरे अक्षर से लिखा जाएगा। वही ग्राम के कुल पुरोहित राजेंद्र पाठक ने अपने नाना स्वर्गीय हरिनारायण पाठक को याद करते हुए कहा कि यह यज्ञ का सपना हमारे सबके पूर्वजों का था, जिसे आज पूरे ग्रामवासी मिलकर साकार करने को लेकर उतारू है,यज्ञ के कर्ता-धर्ता लोहरदगा के ही सदानंद रामानुज जी महाराज हैं जो वाराणसी से एवं वृंदावन जैसे धर्म स्थलों से पढ़ाई करके समस्त दूर क्षेत्रों में धर्म कर्म को बढ़ावा दे रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आवास लाभुकों के साथ बैठक कर बीडीओ ने दिया पूर्ण करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत पंचायत भवन में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास का लाभुकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने बैठक कर आवास निर्माण पर चर्चा करते हुए लाभुकों को आवास पूर्ण करने का आवश्यक निर्देश दिया। प्रखंड समन्वयक एलेक्स टोपनो से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में वर्ष 2016-17 से वर्ष 21-22 तक कुल 5421 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया है जिसमें 1199 आवास लंबित है जबकि 4222 आवास अर्धनितमित अवस्था में है जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सेन्हा पंचायत क्षेत्र में 98 प्रधानमंत्री आवास में 75 आवास का कार्य आरम्भ नही किया गया है। इन सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लाभुकों को ससमय आवास निर्माण करने पर जोर दिया गया। तथा वैसे लाभुक को निर्देश दिया गया जो आवास बनाने में सक्षम नही है। और पहला दूसरा किस्त भी उठा चुके है। उन सभी को उठाए गए राशि को किस्त में वापस करने की बात कही गई। वहीं बैठक के दौरान लाभुकों ने आवास निर्माण करने में उत्तपन्न समस्या को रखते हुए कहा कि बालू के अभाव में योजना बाधित हो रहा है। जिसपर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने निर्देश देते हुए लाभुकों को बताया कि जिन लाभुक को बालू के समस्या से निर्माण कार्य बाधित हो रहा है। वैसे लाभुक प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर कर समस्या का निदान करवा सकते है। और योजना को सुचारू रूप से संचालित करें। इसके बाबजूद प्रधानमंत्री आवास के लाभुक कोताही करते है। तो उन सभी पर सर्टीफिकेट केश किया जाएगा। मौके पर प्रखंड समन्वयक एलेक्स टोपनो, जनसेवक अजय वर्मा के अलावे मेट नंदकिशोर महतो सहित प्रधानमंत्री आवास के लाभुक मौजूद थे।

### बाजार को नियमित स्थान मिलने से किसान काफी उत्साहित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र के अरकोसा पंचायत के सूईया डिपा चौक मे ग्राम सभा से पारित करके साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ ग्राम प्रधान हरि उराँव के द्वारा किया गया। वैसे तो सुइयां डीपा बाजार पिछले दो तीन सालों से सड़क के किनारे लग रही थी जिसे रास्ते मे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सुइयां डीपा बाजार बहुत ही कम समय मे कारोबार का अच्छा जरिया रहा है काफी दिनों बाद बाजार को एक नियमित स्थान मिलने से आस पास के किसान काफी उत्साहित है। इस मौके पर रामदयाल उराँव, शकंर उराँव अरकोसा मुखिया बसंत उराँव, पं सचिव चन्द्र किशोर भगत पूर्व मुखिया बिरेन्द्र उराँव,जल जंगल, जमीन बचाव सुरक्षा समिति के अध्यक्ष मनोज भगत ने सयुंक्त रुप से फीता काटकर उदघाटन किया। इसमे मुख्य रूप से शाशि नंदन भगत, शिव परसाद उराँव, कष्णा उराँव,मदन महली, बालकुमार उराँव, चंद्र किशोर उराँव, फुलमेशवर उराँव, लक्ष्मण लोहरा, गजाधर महतो, जगदीश उराँव, धमेन्द्र उराँव, महादेव उराँव, दीपक साहू, उदय साहू, रमेश राम, रंजीत उराँव, सहावीर उराँव, शंकर उराँव, जयराम उराँव, सोमे उराँव के आलवा जल, जंगल, जमीन बचाव सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण जनता उपस्थिति थे।

## चलते चलते एक नजर

### सहिया ने दो हजार प्रोत्साहन राशि की जगह 18 हजार रुपये की मांग की

**रांची।** अनुबंध पर कार्यरत पैरामेडिकल कर्मियों की हड़ताल के बाद अब राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत कार्यरत सहिया भी 23 जनवरी से हड़ताल पर चली जाएंगी। झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ ने इसे लेकर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री तथा स्वास्थ्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।सहिया की मांगों में दो हजार प्रोत्साहन राशि की जगह 18 हजार रुपये मासिक मानदेयक, ईपीएफ भुगतान तथा नियमावली लागू कर सरकारी कर्मी का दर्जा देने आदि शामिल हैं। संघ ने कहा कि वे टीकाकरण से लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाते हैं, लेकिन उन्हें महज दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि मिलती है जो इस महंगाई के जोर में बहुत कम है।

### रांची : लोक सेवा समिति की 32 वां वर्षगाँठ मनाया जायेगा

**रांची।** लोक सेवा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण सामाजिक, संस्कृति, भाषा के साथ समिति सेवा की 32 वां वर्षगाँठ में भव्य कार्यक्रम में कवि सम्मेलन, मुशायरा, सेमिनार, प्रेरणा स्मारिका का लोकार्पण और झारखण्ड रत्न, विशिष्ट सेवा सम्मान- 2023 से चयनित विभूतियों जिन्होंने ने समाजसेवा, शिक्षा, साहित्य, कला संस्कृति,खेलकूद, आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्था या व्यक्ति के नाम 15 फरवरी तक समिति के मुख्यालय, एबीसी काम्प्लेक्स, मेन रोड रांची में, या वाट्सएप नंबर- 9934192072 में प्रोफाइल भेज सकते हैं । बैठक में राज्य सरकार से मांग की गई कि जनजातीय क्षेत्र भाषा की पढाई प्राईमरी स्तर से अनिवार्य किया जाए, इसकी अकादमी बनाए उर्दू और दूसरी राज्य भाषा की भी आकादमी बने, देश की आजादी में झारखंड में हुए शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के पहचान और सम्मान हो इसके लिए चिन्हित आयोग का राज्य सरकार गठन करें. जिससे वनसजो और शहीदों के बारे में स्कूलों के पढ़ाई में शामिल हो और सम्मान मिले। सभी धार्मिक स्थाल की समुचित सुरक्षा की गारंटी मिले।

### 185 पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया इधर से उधर

**रांची।** सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने गणतंत्र दिवस के 5 दिन पहले रांची जिला के विभिन्न थाना में बरसों से जमे हुए पुलिसकर्मियों को एक स्थान से दूसरे स्थान स्थानांतरण कर दिया। किशोर कौशल ने बताया कि यह एक प्रक्रिया है, जिसके तहत करना पड़ता है । करीब 185 अवर निरीक्षक पुलिस कर्मियों का तबादला किया गया है । वहीं कुछ को पुलिस के अंदर भी भेजा गया। उद्देश्य यही है कि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और पुलिसकर्मी इमानदारी पूर्वक जिस तरह से काम करते हैं और आगे भी काम करें।

### अपराधियों ने मारी गोली

रांची : कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित होचर गांव में शनिवार देर शाम बाइक सवार दो अपराधियों ने राजू साव नामक युवक को गोली मार दी. गोली मारने के बाद अपराधी फरार हो गए. गोली लगने से राजू साव गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे आनन फानन में मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया. उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना की जानकारी मिलते ही कांके थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. मामले की जांच में जुट गयी है.

#### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना

# गरीब व अनाथ बच्चों को मिल रहा है नया जीवन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के संवेदनशील प्रयास का परिणाम है कि गंभीर बीमारी से पीड़ित और अनाथ बच्चों को नया जीवन मिल रहा है। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना से जहां लोगों को जीवन मिल रहा है, वहीं अन्य योजनाओं से भी लोगों के जीवन में सुगमता आ रही है। बच्चों पर भी सरकार का फोकस है। मुख्यमंत्री खुद पहल कर रहे हैं। उनके द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश के तहत ऐसे मामलों की जानकारी मिलते ही संबंधित जिला के उपायुक्त संज्ञान लेकर इलाज या योजनाओं से आच्छादन की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं।

**वृद्ध दादी के तीन अनाथ पोता-पोती के भरण पोषण और शिक्षा के लिए मिला सहारा:** गढ़वा प्रखंड के परिहारा पंचायत के बलिगढ़ गांव के अनुसूचित जाति परिवार के तीन बच्चों के साथ उनकी बूढ़ी दादी जब गढ़वा उपायुक्त के पास जनता दरबार में पहुंची, तो उन्हें और उनके पोता -पोती को जीने का सहारा मिल गया। उपायुक्त रमेश घोलप बलिगड़ गांव पहुंच कर उन बच्चों एवं उनकी देखरेख करने वाली वृद्ध दादी चाखी कुंवर से मुलाकात की। बच्चों को स्कूल बैग, यूनिफार्म, स्वेटर, लंच बाक्स, पेंसिल, कापी एवं अन्य उपयोगी सामग्री दी गई। बच्चों का राशन कार्ड एवं गोल्डेन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई। नौ वर्षीय निर्भय कुमार और सात वर्षीय नीलम कुमारी को मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएं योजना के तहत प्रतिमाह दो हजार रुपये की सहायता राशि के लिए स्वीकृति पत्र मिला। यह राशि बच्चों के 18 वर्ष के होने तक दी जा सकेगी। मालूम हो कि चाखो कुंवर अपने पुत्र और पुत्रवधू की मौत के बाद उनके तीन बच्चों अभय कुमार, निर्भय कुमार और नीलम कुमारी का किसी तरह पालन पोषण कर रही थी। बच्चों का नाम राशन कार्ड में जोड़ने को लेकर वृद्ध चाखो कुंवर विगत दिनों समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त से गुहार लगाई थी। मामले की जानकारी के बाद उपायुक्त उनके घर पहुंच कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया।

**अभिराम के ट्यूमर का शुरू हुआ इलाजः** अभिराम सोय की आंख में हुए ट्यूमर का इलाज शुरू हो गया है। अभिराम जल्द ही अपनी दोनों आखों से दुनिया देख सकेगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद यह संभव हुआ। मालूम हो कि पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा प्रखंड स्थित बारा गांव निवासी सादो सोय का चार वर्षीय पुत्र अभिराम सोय पिछले छह महीनों से आंखों के ट्यूमर से पीड़ित था। पैसे एवं जानकारी के अभाव में उसका इलाज करा पाने में उसके माता पिता असमर्थ थे। मामले की जानकारी के बाद चाईबासा उपायुक्त अन्नय मित्तल ने बच्चे के इलाज हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया और अभिराम के टयूमर का उपचार शुरू हुआ।

**मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना लोगों को दे रही ज़िंदगीः** दुमका के एक गरीब आदिवासी परिवार का दो वर्ष का सोनाबाबु हेम्ब्रम अब कैंसर से उबर रहा है। सोनाबाबू अब ठीक होने की राह पर है। पिछले तीन महीने से कैंसर से पीड़ित सोनाबाबू के परिजनों ने इलाज के लिए बैल, बकरी, जमीन सब बेच दिया। इसके बावजूद पैसे कम पड़े और पैसे के अभाव से बच्चे का इलाज नहीं हो पाया था। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने सोनाबाबू का इलाज सुनिश्चित करने का आदेश दिया था। इसके बाद उपायुक्त दुमका ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना का लाभ दिया। अब बच्चा टर्मिनल कैंसर का इलाज करा पा रहा है। उसे कीमोथिरेपी की दो डोज मिली है।

## कैरेटलेन तनिष्क पार्टनरशीप' ने अपना नया स्टोर लॉन्च किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारत के प्रमुख ओमनी - चैनल ज्वैलरी ब्राडं कैरेटलन ने हरमु रोड राँची मे अपना नया स्टोर लॉन्च किया । राँची का यह स्टोर भारत में 162वाँ स्टोर है और पूर्व क्षेत्र में 36वाँ स्टोर है।हरमु रोड स्थान ब्रांड के लिए सुनिश्चित उचित स्थान है क्योंकि यहाँ ग्राहकों/खरीददारो की उचित उपलब्दता है। ग्राहक कैरेटलेन के प्रतिष्ठित संग्रहों जैसे बटरफलाई 'नया लॉन्च - हैरी पॉटर संग्रह के साथ साथ आधुनिक मंगलसूत्र, क्लासिक स्टड और बेस्ट सेलर अँगूठी' जैसे अपने सबसे लोकप्रिय ज्वैलरी/आभूषणों को स्वयं देख, पसंद और ट्राइल कर खारीद पायेंगे। इस संग्रह में अँगुठिया, कर्ण आभुषण (झुमके, स्टड, इत्यादि) नेकलेस और ब्रेसलेट है।

इनमें हीरे, पीले स्ट्रीन और काले गोमेद जड़े हुये है। इस कलेक्शन के आभूषणो का मुल्य रु.9000 से रु.1,30,000 के मुल्य श्रेणी सीमा में है। कैरेटलेन के तरफ से राजीव कुमार (रीजनल रिटेल मैनेजर ) पुष्पल बोस (रीजनल मार्केटिंक मैनेजर, सत्यम भारद्वाज (रीजनल विजुयल मश्चेनडाइजर) शामिल थे।

## पार्षद साजदा ने किया ऊर्जा मेला में दो सौ मामलों का निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची ।** हिन्द पिडी स्थित आर सी मिशन परिषर में शनिवार को ऊर्जा मेला लगाया गया।झारखण्ड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित्त ऊर्जा मेला का उदघाटन पार्षद डा साजदा खातुन ने किया ।ऊर्जा मेला में बिजली बिल की त्रुटियों,मीटर खराबी के कारण उतपन्न समस्याओं के निराकरण के साथ ही नया कनेक्शन से सम्बंधित विभाग के अभियंताओं द्वारा किया गया।मौके पर पारसद ने कहा बिजली विभाग से सम्बंधित समस्याओं के समाधान में ऊर्जा मेला मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विधुत विभाग के अधिकारियों के अलावा समाज सेवी मौजूद थे। उन्होंने लोगो से बिजली बचत की आदत डालने, समय पर बिजली विपत्र जमा करने की अपील लोगो से की। ऊर्जा मेले में कियुज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी द्वारा चलाया जायेगा रक्तदान जागरूकता अभियान : नवीन तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज सदर अस्पताल में भर्ती मंझिआंव प्रखंड अंतर्गत खरसोता निवासी स्व. प्रभु साव की पत्नी अनिता कुंवर को एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के आग्रह पर लेस्लीगंज निवासी राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पलामू जिला संगठन मंत्री राज पांडे ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान किया। मालूम हो कि मंझिआंव प्रखंड से इलाज कराने डालटनगंज से आई महिला मरीज को एबी पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने पर महिला एवं उनके परिजन ने पलामू प्रमंडल में रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया। श्री मिश्रा नें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी से जूड़े राज पांडेय से रक्तदान करवा कर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी ने रक्तदान महादान के प्रति धीरज मिश्रा के द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यो पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है। परशुराम सेना युवा वाहिनी द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। रक्तदान के अवसर पर उपस्थित धीरज मिश्रा ने रक्तदाता राज पांडेय का हौसला अफजाई करके आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरूप अब लोग जागरूक होकर लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। श्री मिश्रा ने सभी निजी,सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील किया है। इस दौरान युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा,अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी,प्रंमडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी,जिला उपाध्यक्ष कौशल शुक्ला मौजूद थे।

### पारा शिक्षक-गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रांची**ः पारा शिक्षक-गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ ने शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों की बातों को गंभीरता से सुना। साथ ही कहा कि जल्द ही इस मामले पर मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री एवं शिक्षा मंत्री से बात करेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि संघ के अध्यक्ष कुणाल दास ने ज्ञापन के माध्यम से जेटेट सफल अभ्यर्थियों को शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के तहत नियुक्त करवाने मांग किया है। साथ ही संघ ने प्रदेश अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि हम झारखंडी युवाओं की भावनाओं के मद्देनजर हमारी मांग पर यथाथीघ्र त्वरित कार्रवाई अग्रसारित की जाय।

## वैश्य बंधुओं का होगा महाजुटानः अध्यक्ष

#### ज्ञान शंकर को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर आज होगा जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन पलामू इकाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर युगल किशोर ने बताया बहुत दिनों के बाद वैश्य परिवारों का महाजुटान सह सामूहिक भोज रविवार को होटल शिवाय ब्लू नवाटोली में दिन के 11 बजे होने जा रहा है। साथ ही हम लोगों के लिए गौरव की बात है कि इस बार अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व हमारे शहर के ही पुत्र ज्ञान शंकर को दिया गया है।जो आज रविवार इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड इकाई के महामंत्री संजय चौधरी शिरकत करेंगे। वैश्य परिवार अध्यक्ष एवं महामंत्री का जोरदार स्वागत कर उन्हें सम्मानित करेगा। साथ ही पलामू के सभी जनप्रतिनिधि को भी जोरदार सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर देवेंद्र प्रसाद ने प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड सरकार पिछड़ों एवं वैश्य को अनदेखा कर रहा है। और पंचायत चुनाव से लेकर आगे भी निकाय चुनाव में आरक्षण नहीं देने की मंशा बना लिया है। जिसे ना पिछड़ा समाज और ना ही वैश्य समाज बर्दाश्त करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की महिला अध्यक्ष सह पार्षद अहिल्या गुप्ता ने कहा कि हम सब सिर्फ लंच और मंच के लिए नहीं बने हैं। वैश्य एवं पीछड़ी जाति को झारखंड सरकार चुनाव में आरक्षण दे। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि वैश्य परिवार की महिलाएं आज बढ़ चढ़कर राजनीति में भी हिस्सा ले रही हैं। तभी आज हमारे शहर की महापौर एक वैश्य परिवार से आने वाली महिला है। मैं वैश्य परिवार की महिलाओं से आह्वान करती हूं कि वह भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस बैठक में आएं। बैठक में उपस्थित कमल गुप्ता, विनोद गुप्ता, अजय मोहन, नोटरी संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल, अनिल गुप्ता अमित आनंद, मनोज गुप्ता, विवेक गुप्ता, कुंदन गुप्ता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपा में शामिल होंगे कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो



> सन्नी टोप्पो ने कहा कि वे यूथ कांग्रेस से जुड़े थे। पार्टी में काफी एक्टिव रहे लेकिन इन दिनों उनकी लगातार उपेक्षा की जा रही है।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मांडर विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस नेता सन्नी टोप्पो रविवार को भाजपा में शामिल होंगे। वे 2019 के विधानसभा चुनाव में मांडर विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। चुनाव में पांचवें नंबर पर थे। उन्हें 8840 वोट मिले थे। सन्नी टोप्पो ने कहा कि वे यूथ कांग्रेस से जुड़े थे। पार्टी में काफी एक्टिव रहे लेकिन इन दिनों उनकी लगातार उपेक्षा की जा रही है। मांडर उपचुनाव में पार्टी कैंडिडेट शिल्पी नेहा तिर्की को काफी सपोर्ट भी किया लेकिन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की का रवैया उनके प्रति अच्छा नहीं है। उचित मान-सम्मान नहीं मिलने के कारण उन्होंने 16 जनवरी को कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है और 22 जनवरी को मांडर में भाजपा की सदस्यता लेंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को मांडर के सोसई आश्रम में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, आदित्य साहू, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल समेत कई नेताओं की मौजूदगी में वे भाजपा का दामन थामेंगे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित दोषी करार

**रांची :** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपित अफरोज अंसारी को दोषी करार दिया है। यह मामला रांची के मांडर थाना से जुड़ा है। अदालत ने आईपीसी की धारा 366, 376 (3) और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपित को दोषी पाते हुए सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। अधिवक्ता के अनुसार 24 फरवरी, 2021 को अफरोज अंसारी ने अपने ही गांव की नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाया। बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़ित की ओर से अदालत में कुल छह गवाह पेश किये गये।



## गढ़वा में आदमखोर तेंदुआ को पकड़ने के लिए अब संजय-डुबरी टाइगर रिजर्व से मदद लेगा वन विभाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गढ़वा जिले में आदमखोर तेंदुआ को मारने का आधिकारिक आदेश तो मिल गया है लेकिन उसकी वैधता 31 जनवरी ही है। समय बीतता देख वन विभाग ने आदमखोर तेंदुआ को पकड़ने के लिए मध्य प्रदेश के संजय-डुबरी टाइगर रिजर्व से मदद मांगी है।पलामू वन रीजन के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (आरसीसीएफ) कुमार आशुतोष ने बताया कि 31 जनवरी तक तेंदुआ पकड़ा या मारा नहीं जाता है तो एक बार फिर उसको मारने के लिए पीसीएफ वाइल्ड लाइफ से अनुमति मांगी जायेगी। फिलहाल, विभाग ने संजय टाइगर रिजर्व से एक्सपर्ट की टीम को बुलाया है। उन्होंने बताया कि नवाब शफत अली खान की टीम तेंदुआ को पकड़ने के लिए तीन जनवरी से कैम्प कर रही है। वन विभाग के अधिकारी के अनुसार तेंदुआ का लोकेशन लगातार रमकंडा और भंडरिया के सीमा पर कुशवार के इलाके में मिल रही है। जनवरी के पहले सप्ताह तक तेंदुआ गढ़वा के रंका रमकंडा और भंडरिया के सीमावर्ती इलाकों के 10 किलोमीटर के दायरे में विचरण कर रहा था। अब इसका दायरा घट कर चार किलोमीटर तक रह गया है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए 50 ट्रैकिंग कैमरे लगाए गए हैं। फिर भी उसकी तस्वीर उसमें अभी तक कैद नहीं हो पायी है। छह केज भी लगाए गए हैं लेकिन अब तक वह नहीं फंसा है। हालांकि, केज के अगल-बगल में उसके पंजे के निशान मिले हैं।उल्लेखनीय है कि आदमखोर तेंदुआ बीते 37 दिनों से गढ़वा दक्षिणी प्रमंडल के भंडरिया, रंका एवं रमकंडा प्रखंड और पलामू टाइगर रिजर्व के छीपादोहर में सक्रिय है। तेंदुआ ने अब तक चार बच्चों को मार डाला है। इसमें गढ़वा में तीन और लातेहार में एक बच्चे की मौत हुई है। सभी की उम्र छह से 12 साल के बीच थी।

